# नवबिहार टाइम्स

निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक

• बोकारो, सोमवार, 25 अगस्त 2025 • वर्ष : 09 • अंक : 99 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो व औरंगाबाद से प्रकाशित




**सूर्या एनकाउंटर मामला: सीआईडी ने शुरू की जांच**

## आचार्य नियुक्ति पर संकट : 2742 शिक्षकों की अनुशंसा वापस

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में लंबे समय से लंबित सहायक आचार्य नियुक्ति प्रक्रिया पर एक बार फिर बड़ा मोड़ आ गया है। स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने विज्ञान, गणित और भाषा विषयों के 2742 चयनित अभ्यर्थियों की नियुक्ति की अनुशंसा वापस लेने का आदेश जारी कर दिया है। यह फैसला झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) द्वारा आयोजित प्रारंभिक विद्यालय प्रतिक्षित सहायक आचार्य संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा 2023 के परिणाम पर उठे विवाद के बाद लिया गया है।



प्राथमिक शिक्षा निदेशक मनोज कुमार रंजन ने सभी जिलों के उपायुक्तों को पत्र भेजकर स्पष्ट कर दिया है कि अनुशंसित सूची और संबंधित फोल्डर तत्काल विभाग को लौटा दिए जाएं। विभाग का कहना है कि जेएसएससी को परिणाम की पुनः समीक्षा करनी होगी, इसलिए मौजूदा अनुशंसा निरस्त की जाती है। इस नियुक्ति प्रक्रिया में विज्ञान एवं गणित विषय के 1683 और भाषा विषय के 1059 अभ्यर्थियों को चयनित किया गया था। कई जिलों में विज्ञान-गणित के लिए काउंसलिंग पूरी हो चुकी थी, वहीं भाषा विषय की काउंसलिंग प्रक्रिया चल रही थी। अब इस पूरे तंत्र को रोक दिया गया है। परिणाम जारी होने के बाद आपत्ति उठी कि कई उम्मीदवारों ने झारखंड शिक्षक पात्रता परीक्षा (जेटेट) में आरक्षण का लाभ लेकर परीक्षा पास किया था, लेकिन नियुक्ति में उन्हें सामान्य वर्ग में शामिल कर दिया गया। आरोप यह भी है कि कुछ उम्मीदवार न्यूनतम कटऑफ से कम अंक पाने के बावजूद चयनित सूची में जगह बना गए। जिलों से उठे सवालों और स्पष्टीकरण की मांग के बाद विभाग को अनुशंसा वापस लेनी पड़ी। शिक्षा विभाग के अनुसार, जेएसएससी अब पूरी सूची की दोबारा जांच करेगा और विशेष रूप से उन मामलों पर गौर करेगा जहां आरक्षित वर्ग के उम्मीदवारों को सामान्य कोटि में दिखाया गया है। संभावना है कि आयोग संशोधित परिणाम जारी करेगा। आयोग ने सामाजिक विज्ञान (3033 पद) और कक्षा 1 से 5 (4817 पद) के लिए भी परिणाम घोषित किया था। हालांकि, इन विषयों की नियुक्ति अनुशंसा जिलों को नहीं भेजी गई थी। अब संशोधन की संभावना इन पर भी बन गई है। राज्य सरकार ने कुल 15,001 सहायक आचार्य नियुक्त करने की प्रक्रिया शुरू की थी। लेकिन 2742 अनुशंसाओं की वापसी और अन्य विषयों की समीक्षा की संभावना ने पूरी प्रक्रिया को अनिश्चित बना दिया है। जिन अभ्यर्थियों ने काउंसलिंग पूरी कर ली थी, वे अब असमंजस की स्थिति में हैं। विभाग का कहना है कि निष्पक्ष और पारदर्शी चयन सुनिश्चित करने के बाद ही आगे की नियुक्ति होगी।

## विख्यात गायिका मृणालिनी अखौरी का स्वेटपैंट्स मूवी में शानदार गायन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** स्वेटपैंट्स एक ग्लोबल सस्पेंस थ्रिलर फिल्म है जो जल्द ही रिलीज होने वाली है और दर्शकों को रोमांच से भर देगी। यह एक हॉलीवुड बॉलीवुड फिल्म है जिसकी निर्देशिका, कैलिफोर्निया की प्रसिद्ध हस्ती (सेलिब्रिटी) डॉ रानू सिन्हा है। मोंटी शर्मा बॉलीवुड के एक सुप्रसिद्ध म्यूजिक डायरेक्टर हैं जिन्होंने मृणालिनी अखौरी की प्रशंसा सोशल मीडिया में करते हुए कहा है कि रांची शहर में पली बढ़ी मृणालिनी अखौरी में विशेष गायन प्रतिभा है जो सुनने वालो को मंत्रमुग्ध कर देगी। डॉ रानू सिन्हा ने भी मृणालिनी अखौरी की प्रशंसा की है और साथ ही इस फ़िल्म के प्रतिभाशाली गायक टीम



शान, गौरव छटी, संचारी सेनगुप्ता, अदिति श्री, सुचेता सतीश और रवि त्रिपाठी की भी सराहना की है। शान इस फ़िल्म के मुख्य गायक है जिन्होंने आपनी सुप्रसिद्ध गायिकी से बॉलीवुड फिल्मों में धूम मचाया हुआ है। मोंटी शर्मा ने दो दशकों से बॉलीवुड को सर्वश्रेष्ठ संगीत दिया है जिनमें सवारियां, ब्लैक जैसी सफल फ़िल्में हैं। इस फ़िल्म के मुख्य अभिनेता मयूर वर्मा ने मृणालिनी अखौरी का अभिनंदन करते हुए झारखंड को धन्यवाद कहा है।

स्वेटपैंट्स एक रोमांचक फ़िल्म है जिसमें मृणालिनी अखौरी ने हिंदी, वेस्टर्न और भोजपुरी भाषा में धमेकदार गाया है। मृणालिनी अखौरी बहुत ही उत्सुकता से हॉलीवुड, बॉलीवुड में लांच होने का इंतज़ार कर रहीं हैं। मृणालिनी, मोंटी शर्मा, डॉ रानू सिन्हा और को-प्रोड्यूसर अनां शर्मा और सभी समर्थकों की आभारी है।

## पानी भरे गड्ढे में गिरी कार, तीन की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** बिहार के नालंदा जिले में शनिवार देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। रहुई थाना क्षेत्र के भेण्डा गांव के पास बिहटा-सरमेरा मुख्य मार्ग (एसएच-78) पर तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर 20 फीट गहरे पानी भरे गड्ढे में जा गिरी। हादसे में कार सवार तीन युवकों की मौत हो गई, जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल है।

**तेज रफ्तार बनी मौत का कारण**

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कार करीब 100 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से दौड़ रही थी। अनियंत्रित वाहन ने बैरिकेडिंग तोड़ दी और सीधे गहरे गड्ढे में जा समाया। गड्ढे में पानी भरे होने के कारण कार में सवार युवक



बाहर नहीं निकल पाए और तीन की मौत दम घुटने से हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग और पुलिस मौके पर पहुंचे। हालांकि, रात में अंधेरा और गड्ढे में पानी भरे होने से बचाव कार्य मुश्किल रहा। सुबह होने पर क्रेन की मदद से कार को बाहर निकाला गया। तब जाकर तीन युवकों के शव बरामद हुए। घायल युवक को गंभीर हालत में बिहार शरीफ के मॉडल अस्पताल ले जाया गया, जहां उसका इलाज जारी है। हादसे में जान गंवाने वाले युवकों की पहचान अरविंद पासवान (मोती बिगहा, सरमेरा), पवन कुमार (महमदपुर) और सन्नी राज (अस्थाना गांव, शेखपुरा) के रूप में हुई है। घायल युवक का नाम गुलशन कुमार है, जिसकी स्थिति नाजुक बताई जा रही है। पुलिस ने सभी शवों को पोस्टमार्टम के लिए बिहार शरीफ सदर अस्पताल भेज दिया है।

रहुई थानाध्यक्ष कुणाल कुमार ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि हादसे के कारणों की जांच की जा रही है। प्रारंभिक जांच में तेज रफ्तार और चालक का नियंत्रण खोना मुख्य वजह प्रतीत होती है।

## नक्सली उत्पात : तापीन नॉर्थ परियोजना में छह गाड़ियां फूंकीं

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हजारीबाग।** जिले के चरही थाना क्षेत्र अंतर्गत सीसीएल के तापीन नॉर्थ परियोजना में शनिवार की देर रात उग्रवादियों ने तांडव मचाते हुए एक साथ छह वाहनों को आग के हवाले कर दिया। इसमें पोकलेन और हाइवा समेत भारी मशीनें शामिल थीं। घटना रात लगभग 12 से 1 बजे के बीच की बताई जा रही है। सूत्रों के अनुसार, उग्रवादियों ने पहले वाहनों से तेल निकाला और फिर व्यू प्वाइंट पर खड़ी आउटसोर्सिंग कंपनी आरकेएस की मशीनों और गाड़ियों में आग लगा दी। यह कंपनी पिछले चार वर्षों से परियोजना क्षेत्र में कोयला खनन का कार्य कर रही है। घटनास्थल पर उग्रवादियों ने तृतीय प्रस्तुति कमेटी के नाम से पर्चा भी छोड़ा, जिसमें कंपनियों को संगठन से बातचीत होने तक काम बंद रखने की चेतावनी दी गई है। पर्चे में लिखा गया है कि आदेश की अवहेलना करने वालों को गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। पत्र गुरुदेव जी के नाम से जारी किया गया है। घटना की सूचना मिलते ही चरही थाना प्रभारी कुंदन कांत विमल दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। थाना प्रभारी ने पुष्टि की कि नक्सलियों ने छह वाहनों को जला दिया है। पुलिस ने पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है और अपराधियों की तलाश तेज कर दी गई है। उन्होंने दावा किया कि जल्द ही घटना को अंजाम देने वालों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। इस घटना से क्षेत्र में आतंक और दहशत का माहौल है। ग्रामीणों और परियोजना कर्मियों में सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है। पुलिस ने फिलहाल स्थिति को नियंत्रण में बताया है और सुरक्षा बलों की तैनाती बढ़ा दी गई है।

## सीएम नीतीश कुमार की तबीयत बिगड़ी, 328 करोड़ की बिजली परियोजना सहित सभी कार्यक्रम रद्द

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की तबीयत अचानक बिगड़ने के कारण रविवार को प्रस्तावित सभी कार्यक्रम स्थगित कर दिए गए। सीएम को सर्दी, खांसी और जुखाम की शिकायत है, जिसके चलते उन्हें आराम की सलाह दी गई है। मुख्यमंत्री आज पटना में करोड़ों की योजनाओं का शिलान्यास करने वाले थे। उनका कार्यक्रम दोपहर 3:30 बजे डाकबंगला चौराहा स्थित मंच पर होना तय था। सबसे अहम कार्यक्रम 328.52 करोड़ रुपये की बिजली आधुनिकीकरण परियोजना का शिलान्यास था। इस योजना के तहत राजधानी के 600 किलोमीटर से अधिक बिजली तार भूमिगत (अंडरग्राउंड) किए जाएंगे और चार नए विद्युत उपकेंद्रों का निर्माण होगा। इसके अलावा, सीएम नीतीश को पटना शहर के विभिन्न हिस्सों में कुल छह स्थानों पर विकास योजनाओं की आधारशिला रखनी थी। लेकिन तबीयत अस्वस्थ होने के कारण सभी कार्यक्रम रद्द कर दिए गए। सरकारी सूत्रों ने बताया कि मुख्यमंत्री की तबीयत फिलहाल सामान्य है और चिकित्सकों की देखरेख में हैं। उनके स्वास्थ्य में सुधार होने पर कार्यक्रमों की नई तिथि तय की जाएगी।

## मिथिलांचल बनेगा इंडस्ट्रियल हब, 100 करोड़ के निवेश का ऐलान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार अब औद्योगिक विकास की दिशा में बड़ी छलांग लगाने को तैयार है। लेट्स इंस्पायर बिहार के तत्वावधान में आयोजित स्टार्टअप समिट में राज्य सरकार ने कई बड़े फैसले लिए और निवेशकों को आकर्षित करने के लिए नई प्रोत्साहन योजनाओं की घोषणा की। इस मौके पर दुनिया की नंबर वन स्पोर्ट्स शू कंपनी के मालिक नीरेन कुमार आनंद ने मिथिलांचल में 100 करोड़ रुपये की लागत से शू फैक्ट्री लगाने की इच्छा जताई। बिहार-झारखंड विभाजन के बाद राज्य को औद्योगिक ढांचे और रोजगार की भारी चुनौतियों का सामना करना पड़ा। विभाजन से



पहले बिहार की 87 प्रतिशत राजस्व आय झारखंड से आती थी, जबकि बिहार से केवल 13 प्रतिशत। अधिकांश बड़े उद्योग झारखंड चले गए, जिससे बिहार के सामने विकास की नई राह तलाशने का दबाव बढ़ा। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने समिट में कहा कि 2005 में बिहार का बजट मात्र 6000 करोड़ रुपये था, जबकि 2025 में यह बढ़कर 3 लाख 17 हजार करोड़ तक पहुंच गया है। इसके मुकाबले झारखंड का बजट फिलहाल 1 लाख 45 हजार करोड़ पर है। उन्होंने कहा कि यह आंकड़े बिहार की आर्थिक प्रगति का स्पष्ट प्रमाण हैं। सरकार ने निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए विशेष पैकेज का ऐलान किया है। सम्राट चौधरी ने कहा कि जो भी उद्योगपति बिहार में 100 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश करेगा, उसे 40 करोड़ रुपये का इंसेंटिव मिलेगा। इसके साथ ही सरकार जमीन, सुरक्षा और प्रशासनिक सुविधा भी मुहैया कराएगी। दरभंगा निवासी उद्योगपति नीरेन कुमार आनंद, जिनकी फैक्ट्रियां चीन और हांगकांग के साथ उड़ीसा में भी चल रही हैं, ने कहा कि वे बिहार में उद्योग स्थापित करने को लेकर उत्साहित हैं। उन्होंने कहा कि सरकार को जमीन की सुरक्षा और अन्य छोटी-मोटी समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करना होगा। उनका यह कदम मिथिलांचल को औद्योगिक मानचित्र पर नई पहचान दिला सकता है। सीनियर आईपीएस विकास वैभव ने बताया कि अब तक 350 स्टार्टअप लेट्स इंस्पायर बिहार से जुड़े हैं। योजना है कि 2028 तक हर जिले में कम से कम पांच स्टार्टअप स्थापित किए जाएं।

## स्पीकर पद की गरिमा बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी : अमित शाह

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि संसद और विधानसभाओं की कार्यवाही नियमों के अनुरूप चलनी चाहिए तथा सरकार और विपक्ष दोनों को मिलकर स्पीकर पद की गरिमा और सम्मान बनाए रखने में योगदान देना चाहिए। दिल्ली विधानसभा में आयोजित दो दिवसीय अखिल भारतीय अध्यक्ष सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए शाह ने चेताया कि इतिहास इस बात का साक्षी है कि जब भी विधानसभाओं ने अपनी गरिमा खोई है, तब उसके गंभीर परिणाम सामने आए हैं। उन्होंने कहा कि यह सम्मेलन सभी नेताओं को अध्यक्ष पद की गरिमा और महत्व बढ़ाने का अवसर प्रदान करता है। श्री शाह ने कहा कि हमें देश की जनता के मुद्दों पर निष्पक्ष बहस करनी चाहिए। सदन का संचालन नियमों के अनुरूप हो, यह हम सबकी जिम्मेदारी है। हमारे 13 हजार वर्षों के इतिहास में जब भी विधानसभाओं की गरिमा गिरी है, राष्ट्र ने उसकी बड़ी कीमत चुकाई है। इस अवसर पर शाह ने विट्ठलभाई पटेल की केंद्रीय विधानसभा के अध्यक्ष के रूप में नियुक्ति की शताब्दी भी याद की। 24 अगस्त 1925 को पटेल इस पद पर नियुक्त हुए थे और वे पहले भारतीय थे जिन्होंने केंद्रीय विधान सभा की अध्यक्षता संभाली थी। शाह ने इसे भारतीय विधायी इतिहास की स्वर्णिम शुरुआत बताया और कहा कि आज विधायिका उसी आधार पर भविष्य की दिशा तय कर रही है।

## कच्ची दरगाह-बिदुपुर सिक्स लेन से जुड़ा गंगा पथ, सीएम नीतीश ने किया लोकार्पण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहारवासियों के लिए आवागमन को आसान बनाने वाली बड़ी खुशखबरी सामने आई है। पटना के दीदारगंज में गंगा पथ को कच्ची दरगाह-बिदुपुर सिक्स लेन न्यू गंगा ब्रिज से जोड़ दिया गया है। शनिवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इसका लोकार्पण किया। इसके साथ ही अब उत्तर और दक्षिण बिहार की कनेक्टिविटी और मजबूत हो गई है। गांधी सेतु और जेपी गंगा सेतु के बाद अब



गंगा पथ से उत्तर बिहार जाने के लिए तीसरा विकल्प भी उपलब्ध हो गया है। कच्ची दरगाह-बिदुपुर सिक्स लेन ब्रिज से जुड़ने के बाद गंगा पार करने में आसानी होगी और वाहनों का दबाव भी विभाजित होगा।

**44 करोड़ की लागत से बना संपर्क पथ**

गंगा पथ और कच्ची दरगाह-बिदुपुर पुल को जोड़ने वाले इस संपर्क पथ पर 44 करोड़ रुपये की लागत आई है। यह अप-रैंप जेपी गंगा पथ के अंतिम छोर दीदारगंज से शुरू होकर सीधे नवनिर्मित सिक्स लेन पुल तक जाता है। इसके जरिए पटना शहर में वाहनों का दबाव घटेगा और जाम की समस्या से राहत मिलेगी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बताया कि गंगा पथ उनका ड्रीम प्रोजेक्ट है। दीघा से दीदारगंज तक इसका निर्माण पूरा हो चुका है और अब इसे बख्तियारपुर से आरा तक विस्तारित करने की योजना पर डीपीआर का काम जारी है। इस परियोजना पर अब तक 5000 करोड़ रुपये से अधिक खर्च किए जा चुके हैं। सरकार इसके विस्तार पर और भी बड़ी राशि निवेश करने की तैयारी कर रही है।

## अनीश दयाल सिंह बने डिप्टी एनएसए

**नवबिहार टाइम्स संवाददता**

**नई दिल्ली।** देश की आंतरिक सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने के लिए केंद्र सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। सीआरपीएफ और आईटीबीपी के पूर्व महानिदेशक अनीश दयाल सिंह को नया उप राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (डिप्टी एनएसए) नियुक्त किया गया है। उन्हें जम्मू-कश्मीर, नक्सलवाद और पूर्वोत्तर उग्रवाद जैसे अहम आंतरिक मामलों की जिम्मेदारी सौंपी गई है। मणिपुर कैडर के 1988 बैच के आईपीएस अधिकारी अनीश दयाल सिंह दिसंबर 2024 में सेवानिवृत्त हुए थे। उनका करियर तीन दशकों से अधिक समय तक इंटेलिजेंस ब्यूरो में सेवा करते हुए बीता, जहां उन्होंने आंतरिक सुरक्षा से जुड़े कई महत्वपूर्ण मोर्चों पर काम किया। आईबी के बाद उन्होंने भारत-तिब्बत सीमा पुलिस और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल का नेतृत्व किया। सीआरपीएफ के महानिदेशक के रूप में सिंह ने नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में बल की रणनीति को धार दी। उनके कार्यकाल में तीन दर्जन से अधिक अग्रिम परिचालन बेस स्थापित किए गए और चार नई बटालियनों की तैनाती की गई। 2024 के लोकसभा चुनाव और जम्मू-कश्मीर में हुए पहले विधानसभा चुनाव के दौरान सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी में भी उनकी अहम भूमिका रही।


BAYC Institute स्थापित 1972

बिहार एक्युप्रेशर योग कॉलेज

गांधी सेतु लिंक पथ, बिस्कोमान कॉलोनी गोलम्बर के पूरब, पटना-7

नामांकन प्रारंभ | नियमित / पत्राचार कोर्स

भारत का पहला कॉलेज

डॉक्टर बनें — एक्युप्रेशर, योग, नेचुरोपैथी, इलेक्ट्रोपैथी, ट्रेडिशनल मेडिसिन

Proposed Green Campus in 60,000 Sq.Ft.

DIPLOMA COURSE: DAT (Acupressure Therapy), DY (Yoga), DAYS (Acupressure Yoga), DHMS (Herbal Medicine) — अवधि: 1 वर्ष | योग्यता : 10th; DEMS (Electrohomeopathy Medicine), DNYS (Naturopathy Yoga) — अवधि: 2 वर्ष | योग्यता : 10th

BACHELOR DEGREE COURSE: MBBA (Acupressure & Magnet), BTMS (Traditional Medicine), BAYS (Acupressure Yoga), BAcu. (Acupuncture) — अवधि: 3 वर्ष | योग्यता : 10+2; BEMS (Electrohomeopathy Medicine), MBAS (Medicine in ALT Science) — अवधि: 4½ वर्ष | योग्यता : 10+2

MASTER DEGREE COURSE: MD (Acu Yoga), MD (TM) — अवधि: 1 वर्ष | योग्यता : मेडिकल ग्रेजएट; MD (EH) — अवधि: 2 वर्ष | योग्यता : BEMS

PROFESSIONAL COURSE: BLIS | MLIS | BBA | MBA

TRADITIONAL COURSE: MA (Yoga) | Yoga Teacher Course | BA | MA

100% रिजल्ट एवं रोजगार

Bihar State Govt. University & Central University UGC DEB MHRD Govt. of India Recognised

DIRECT ADMISSION | REGULAR CLASSES | ONLINE CLASSES | EXPERIENCED FACULTIES

एक्युप्रेशर चिकित्सा की उत्तम व्यवस्था यथा गर्दन, कंधा, कमर, घुटना दर्द, गठिया, डायबिटिज आदि।

कॉलेज से उत्तीर्ण हज़ारों विद्यार्थी सरकारी संस्थानों, गैर सरकारी संस्थानों एवं निजी संस्थान खोलकर सेवा दे रहे हैं।

डा. सर्वदेव प्रसाद गुप्त, अध्यक्ष — डा. अजय प्रकाश, सचिव

9572607696, 9304942855, 9334278279 Apply Online: www.bayc.in

Email: baycpatna@gmail.com | Website: www.indianacupressure.com



FOR REGISTRATION : ISO, TRADE MARK, PATENT

DESIGN AND COPYRIGHT, ATTORNEY

GLOBAL VISION

(A Complete Solution in Professional Services)

: Regd. Office/ Head Office :

Manaitand, Near Water Tank

Dhanbad, Jharkhand- 826001

Command Office : Jagat Trade Centre, Patna

Contact No.- 9835333441, 8210823092

E-Mail : globalvision96@yahoo.in

नौकरी-नौकरी चिल्ला रहे जंगलराज वाले

# कान खोलकर सुन लें विरोधी, नीतीश ही बनेंगे फिर से मुख्यमंत्री, सम्राट चौधरी ने भरी हुंकार



**बिहपुर, एजेंसी।** डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने बिहार के चहुंमुखी विकास के लिए 2025 के विधानसभा चुनाव में नीतीश कुमार को एक बार पुनः मुख्यमंत्री बनाने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि 2005 में उनके सीएम बनने के बाद से बिहार की दशा व दिशा में खासा सकारात्मक बदलाव आया है। इसलिए राज्य की तरक्की के लिए उनका कुशल नेतृत्व जरूरी है।

उन्होंने ये बातें बिहपुर के सर्वोदय मैदान में शनिवार को आयोजित विस एनडीए कार्यकर्ता सम्मेलन में कही। उन्होंने कहा कि जंगलराज वाली पार्टी के 15 वर्षों के शासन में राज्य में एक लाख नौकरी भी युवाओं को नहीं मिली थी। नीतीश सरकार में गरीबी उन्मूलन, युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ाए जाने के साथ राज्य की चौतरफा उन्नति के लिए अनेकानेक कार्य किए गए। उन्होंने कहा कि आपलोगों को तीस सितंबर के पूर्व खगड़िया से पूर्णिया तक एनएच 31 फोरलेन की खुशखबरी भी मिलेगी।

उन्होंने लोगों से बिहार के विकास के लिए आगामी विधानसभा चुनाव में एनडीए के पक्ष में वोट देने की अपील की। अभी बिहार को और सजाना व संवारना है। एनडीए की लोकप्रियता के सामने विरोधी कहीं नहीं हैं। उसकी नीतियां मुद्दाविहीन हो गई हैं। सम्मेलन में मौजूद सूबे के सूचना एवं जनसंपर्क मंत्री महेश्वर हजारी, पिछड़ा व अति पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री हरि सहनी, सांसद अजय कुमार मंडल, क्षेत्रीय विधायक इं. शैलेंद्र सहित अन्य एनडीए नेताओं ने 2025 के विधानसभा चुनाव में फिर से नीतीश सरकार बनाने की वकालत की। इन नेताओं ने लालू-राबड़ी के 15 वर्षों के शासन को बिहार के लिए काला अध्याय बताया। उन्होंने इस शासन में अयोध्या में राम मंदिर, बिहार में मां सीता का मंदिर समेत 125 यूनिट बिजली, सामाजिक सुरक्षा पेंशन की राशि बढ़ाकर 11 किए जाने आदि उपलब्धियों की भी चर्चा की। सम्मेलन की अध्यक्षता लोजपा के जिलाध्यक्ष अवधेश पासवान ने की।

उसका संचालन महंत नवल किशोर दास ने किया। इसमें युवा लोजपा आर के प्रदेश अध्यक्ष वेदप्रकाश पांडेय, एमएलसी एनके यादव, रतन मंडल, जदयू के प्रदेश सचिव पप्पू सिंह निषाद, प्रह्लाद सरकार, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष कमरूज्जमा अंसारी आदि समेत अन्य एनडीए घटक दल के दिग्गज नेताओं ने भी अपने विचार रखे। सम्मेलन के सुचारू संचालन में भाजपा जिलाध्यक्ष मुक्तिनाथ सिंह निषाद, जदयू जिलाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह कुशवाहा, प्रो. गौतम कुमार, सुबोध सिंह कुशवाहा, दिनेश यादव, इ. सोनू मिश्रा, बासुकी प्रसाद मंडल, अमरेंद्र सिंह चंद्रवंशी, इ. कुमार गौरव, रूपेश रूप, मनोज लाल, मृत्युंजय पाठक, चंद्रकांत चौधरी, शमीम उर्फ मुन्ना, ज्ञानदेव कुमार, अजीत चौधरी व प्रभु प्रिंस आदि समेत अन्य एनडीए नेताओं व कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी रही। सम्मेलन में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे। डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने बिहपुर प्रखंड के हरियो कोसी त्रिमुहान घाट पर लगभग 19 करोड़ की लागत से बनने वाले पीपापुल निर्माण कार्य का शिलान्यास प्रखंड मैदान में शिलापट्ट का अनावरण करके किया।

बिहपुर में एनडीए कार्यकर्ता सम्मेलन के दौरान शनिवार को बिहपुर में डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी,सूचना एवं जनसंपर्क मंत्री महेश्वर हजारी, पिछड़ा व अति पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री हरि सहनी व क्षेत्रीय विधायक इं.शैलेंद्र के सामने दर्जन भर युवक अचानक पोस्टर लेकर पहुंच गए। वे सभी युवा इन नेताओं से खेल मैदान उपलब्ध कराने की मांग कर रहे थे। उनके पोस्टर पर लिखा था- डिप्टी सीएम व विधायक से है मांग, खेल मैदान,खेल मैदान। डिप्टी सीएम व अन्य सभी नेताओं ने उन युवाओं से बात की और उनकी मांग पर समुचित पहल करने का उन्हें भरोसा दिया। युवाओं ने कहा कि उनका उद्देश्य केवल डिप्टी सीएम व विधायक के समक्ष अपनी मांग रखना व खेल मैदान की जरूरत पूरी कराना है। उन्होंने डिप्टी सीएम व विधायक के आश्वासन के लिए उनके प्रति आभार जताया। उस दौरान वहां सांसद अजय मंडल,युवा लोजपा आर के प्रदेश अध्यक्ष वेदप्रकाश पांडेय व एमएलसी एनके यादव भी मौजूद थे।



## भारी बारिश से मुहाने नदी में आई बाढ़, मवेशियों के साथ कई लोग पानी में बहे

**बोधगया, एजेंसी।** बिहार और झारखंड के सीमावर्ती इलाकों में लगातार वर्षा के कारण मुहाने नदी में बाढ़ आ गई है। बाढ़ की पानी ने कई गांवों को अपनी चपेट में ले लिया है। मुहाने नदी का पानी दर्जनों गांवों में प्रवेश कर चुकी है। जिसके कारण किसानों की फसल बर्बाद हो गया है। इसके अलावा लोगों की मकान और सड़क क्षतिग्रस्त हो चुकी है। इस बाढ़ ने कई लोगों का जान भी ले लिया है। बाढ़ के पानी से गंगा बीघा, बतसपुर, सिलौंजा, घुंघरिया, मोराटाल, छाछ, बसाढी गांव जलमग्न हो गई है। इस गांव के ग्रामीणों की घर में पूरी रात पानी भरी रही। अचानक नदी में बाढ़ आने से कई व्यक्ति और मवेशी भी पानी में बह गए है। सड़क और बिजली क्षतिग्रस्त हो गई है, लोगों का आवागमन प्रभावित हो गया है। बतसपुर गांव के मुख्य सड़क टूट जाने से दो दर्जन गांव के लोगों का आवागमन प्रभावित हुई है, अब वे 20 किलोमीटर की दूरी अधिक तय कर प्रखंड मुख्यालय या अस्पताल पहुंच पाएंगे, इसके अलावा उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय बतसपुर के चाहरदीवारी भी गिर गई है। आंगनबाड़ी केंद्र का चावल और कागजात बर्बाद हो गई है। शुक्रवार की देर रात बाढ़ आने के बाद गया जिलाधिकारी डॉ शशांक शुभंकर ने बाढ़ क्षेत्र का जायजा लिया, इस दौरान उन्होंने बाढ़ में फंसे लोगों को एसडीआरएफ की टीम के माध्यम से रेस्क्यू करवाया गया। इसके अलावा शनिवार को बोधगया अंचलाधिकारी महेश कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी अजीत कुमार ने बाढ़ पीड़ितों को सहायता पहुंचाई। घूघरिया टोला में रहने वाले सभी लोगों को सरकारी विधालय में ठहराया गया। उक्त गांव के ग्रामीणों को अधिक पानी के कारण पलायन करना पड़ा।

## संक्षिप्त समाचार

### वोटर अधिकार यात्रा में होगी प्रियंका गांधी की एंट्री, कई मुख्यमंत्री और पूर्व ष्टरू भी होंगे शामिल



**पटना, एजेंसी।** प्रियंका गांधी भी बिहार में दो दिन (26 और 27 अगस्त) राहुल गांधी के साथ वोटर अधिकार यात्रा करेंगी। बिहार में प्रियंका का यह पहला राजनीतिक कार्यक्रम होगा। पिछले वर्ष लोकसभा चुनाव में बिहार में सर्वाधिक आग्रह प्रियंका की जनसभाओं के लिए ही था, लेकिन वे राहुल के संसदीय क्षेत्र वायनाड और उत्तर प्रदेश में ही व्यस्त रहीं। अब उनके बिहार आगमन का संयोग बना है। 26 अगस्त को यह यात्रा सुपौल और मधुबनी में होनी है। 27 अगस्त को दरभंगा और मुजफ्फरपुर में। यह यात्रा का तीसरा चरण होगा। दूसरे चरण की यात्रा 24 अगस्त को समाप्त हो रही है। उसके अगले दिन विश्राम है। 24 की शाम में ही राहुल के दिल्ली रवाना हो जाने की संभावना है। उससे पहले वे अररिया में महागठबंधन के नेताओं के साथ संयुक्त प्रेस-वार्ता करेंगे। 26 अगस्त को प्रियंका के साथ राहुल तीसरे चरण की यात्रा के लिए बिहार आएंगे। 27 अगस्त को तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन भी राहुल के सहयात्री होंगे। 29 अक्टूबर को कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और 30 अक्टूबर को उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव इसमें सहभागी होंगे। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी और हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू भी वोटर अधिकार यात्रा में सहभागी हो सकते हैं। हालांकि, उनके आगमन की तारीखें अभी तय नहीं।

### बिहार के किशोर की अपहरण कर हत्या, पांच आरोपी हरियाणा से गिरफ्तार

**वारिसलीगंज, एजेंसी।** वारिसलीगंज थाना क्षेत्र के फतहा ग्रामीण पवन सिंह के 14 वर्षीय पुत्र सूरज कुमार उर्फ सुंदरम कुमार बीते 19 अगस्त को लापता हुआ था। पिता की ओर से वारिसलीगंज थाना में प्राथमिकी के लिए दिए आवेदन के अनुसार सूरज घर से खेलने की बात कहकर गांव से पश्चिम स्थित ईंट भट्ठा की तरफ गया था। लेकिन शाम को जब घर वापस नहीं लौटा तो स्वजन को चिंता होने लगी। इसके बाद 20 अगस्त को पीड़ित पिता ने स्थानीय थाना में आवेदन देकर बेटे के अपहरण की बात कहते हुए शीघ्र बरामदगी की गुहार लगाई। इस पूरे मामले में नवादा के पुलिस अधीक्षक अभिनव धीमान ने सूरज कुमार की हत्या की पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि प्राथमिकी दर्ज होने के बाद पुलिस अनुसंधान में जुट गई थी। फरीदाबाद, हरियाणा में घटना से जुड़े आरोपितों का मोबाइल लोकेशन पाया गया। जिसके बाद बिहार पुलिस और एसटीएफ उत्तरप्रदेश, फरीदाबाद पुलिस ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए पांच आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपित ने स्वीकार किया कि उसने सूरज की हत्या कर दी है। आरोपित के द्वारा हत्या के बाद शव को छुपाए जाने को लेकर लोकेशन भी पुलिस को बताया गया है। आरोपितों की निशानदेही पर स्थानीय बाघी बरडीहा रेलवे स्टेशन के पास से बालू के स्टाक के पास से शव बरामद हुआ है। एसपी ने कहा कि घटना में गिरफ्तार हुए सभी आरोपितों को पुलिस रिमांड पर लेकर विस्तार से पूछताछ करेगी। एसपी ने कहा कि यह मामला साइबर ठगी से भी जुड़ा हुआ है।

### राजस्व महाअभियान बस नाम का ही, शिविर में भी गंभीरता से नहीं सुनी जा रहीं समस्याएं

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** राजस्व महा-अभियान को लेकर रैयतों के बीच कई प्रकार की समस्याएं है। शिविर में जाने के बाद भी उनकी शिकायत दूर नहीं हो रही है। कई रैयतों ने शनिवार को काल कर इसकी शिकायत की है। कुढ़नी से राम विनोद सिंह ने बताया कि दो मौजा में उनकी जमीन है। अब तक एक मौजा का जमाबंदी आनलाइन दर्ज है, लेकिन यह भी त्रुटिपूर्ण है। शेष दो मौजा का तो अब तक आनलाइन जमाबंदी हुआ भी नहीं है। शिविर में जाकर जब कर्मियों को इससे अवगत कराया तो जमाबंदी क्षतिग्रस्त होने की बात बताकर टालमटोल करने का प्रयास किया गया। जब इसके समाधान की बात पूछी गई तो कहा गया कि 20 सितंबर के बाद आकर मिलिएगा।

## प्रसव के दौरान हुआ लड़का, नर्सिंग स्टाफ ने सौंपी लड़की...

मुजफ्फरपुर पुलिस ने मामले को सुलझाने की निकाली तरकीब

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** एसकेएमसीएच के एमसीएच से बच्चा बदलने के मामले को लेकर शनिवार को सीसी कैमरे की फुटेज की जांच की गई। दारोगा अनुष्का आर्या और जमादार दीपक कुमार सिंह ने दो घंटे तक फुटेज खंगाला। हालांकि पुलिस को कुछ अहम सुराग हाथ नहीं लग सका है।

दारोगा ने बताया कि वरीय पदाधिकारी से अग्रिम कार्रवाई की दिशा में लिए मार्गदर्शन मांगा जाएगा। इसी आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। बताया गया कि सोमवार को एसकेएमसीएच के एमसीएच से अहियापुर थाना के विजयी छपरा के अजीत कुमार की पत्नी चंचला कुमारी का बच्चा बदलकर मेल बेबी की जगह फीमेल बेबी कर्मचारी ने दे दिया था।

इसको लेकर चंचला ने एसकेएमसीएच पुलिस कैंप पर प्राथमिकी दर्ज कराई। जिसके बाद पुलिस एमसीएच में नाइट शिफ्ट में जन्मे सभी प्रसूताओं के यहां तहकीकात की, लेकिन पुलिस खाली हाथ रही। इसके बाद पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगाला, जिसमें कुछ स्पष्ट नहीं हो सका है। उम्मीद जताई जा रही है कि पुलिस दो चंचला नाम से जन्म लिए बच्चा का डीएनए टेस्ट कराएंगी। तभी मामला स्पष्ट हो सकेगा।

### अधीक्षक ने टीम गठन का दिया आदेश

प्रभारी अधीक्षक डा. सतीश कुमार सिंह को चंचला कुमारी की मिली शिकायत के बाद उन्होंने टीम गठन करने का आदेश लिपिक उमेश लाल देव को दिया है। प्रभारी अधीक्षक ने बताया कि चंचला कुमारी ने शिकायत की है कि एमसीएच में प्रसव के दौरान उसने लड़का को जन्म दिया था, जबकि नर्सिंग स्टाफ उसे लड़की सौंप दी। साथ ही उसने एमसीएच के कर्मचारी पर दो हजार रुपए लेने का आरोप लगाई है। सभी आरोपों की जांच के लिए स्त्री रोग विशेषज्ञ डा. प्रतीमा के नेतृत्व में कमेटी गठन कर जांच करने का आदेश दिया गया है। कमेटी की रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## पटना में रहकर प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्र को डेंगू, एसकेएमसीएच में जांच के दौरान हुई पुष्टि




**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** एसकेएमसीएच के डेंगू वार्ड में भर्ती चार मरीजों में एक मरीज का डेंगू की पुष्टि हुई है। जांच माइक्रोबायोलाजी विभाग में हुआ था। इसके बाद यह डेंगू का पता लगा। मरीज देवरिया के रामप्रवेश सहनी का 22 वर्षीय पुत्र राजकिशोर कुमार है। उसने बताया कि वह पटना में रहकर प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करता है। वहीं पर उसको ठंड लगकर बुखार हो गया था। इसके बाद वह घर आ गया। निजी जांच घर में जांच के दौरान डेंगू की पुष्टि हुई। इसके बाद वह एसकेएमसीएच के डेंगू वार्ड में इलाज के लिए भर्ती हो गया। हालांकि डाक्टर ने एसकेएमसीएच के माइक्रोबायोलाजी विभाग से जांच कराने की सलाह दी। यहां फिर से जांच हुई तो डेंगू की पुष्टि हुई। प्रभारी अधीक्षक डा. सतीश कुमार सिंह ने बताया कि फिलहाल एसकेएमसीएच में डेंगू के चार मरीज भर्ती है। पूर्व में एक डिस्चार्ज हो चुके हैं। सभी मरीजों के हालत में सुधार हो रहा है। इन मरीजों में एक गर्भवती महिला भी है। भर्ती चार मरीजों में एक कुढ़नी और तीन सीतामढ़ी के हैं। दो मरीज मुंबई और एक पटना से घर आया है। एसकेएमसीएच के क्लीनिकल पैथोलाजी विभाग में एचसीवी और एचबीवनएसी किट तीन माह से नहीं है। मरीजों की जांच प्रभावित है। मरीजों को निजी पैथोलाजी सेंटर जाना पर रहा है। यह किट महंगी है। क्लीनिकल पैथोलाजी सेंटर की प्रतिमाह की रिपोर्ट के अनुसार अगर किट रहती तो अबतक 45 हजार लोगों जांच करा पाते। आम तौर पर जांच के लिए 15 हजार प्रतिमाह इस किट का उपयोग एसकेएमसीएच में होता है। मरीजों को सुविधा और इलाज प्रभावित नहीं हो इसके लिए प्राचार्य डा. आभा रानी सिन्हा लगातार बिहार मेडिकल सर्विसेज एंड इंफ्रास्ट्रक्चर कार्पोरेशन लिमिटेड के अधिकारियों को पत्राचार कर रही है। इसके बाद भी किट उपलब्ध नहीं हो रहा है। चिकित्सक बताते हैं कि आपरेशन में एचसीवी जांच अत्यंत महत्वपूर्ण है।

मरीजों का आपरेशन के पूर्व हेपेटाइटिस सी एंटीबाडी परीक्षण किए बैगर संभव नहीं है। मरीज कभी हेपेटाइटिस सी वायरस (एचसीवी) से संक्रमित हुए हैं या नहीं इसके जांच जरूरी होती है। जबकि एचबीवनएसी किट एक रक्त परीक्षण है जो पिछले दो से तीन महीनों में मरीजों के औसत ब्लड शुगर के स्तर को मापता है। यह परीक्षण मधुमेह (डायबिटीज) का पता लगाने और पहले से मधुमेह वाले लोगों में ब्लड शुगर के स्तर की निगरानी करने के लिए महत्वपूर्ण है।

## 5 दशक बाद बिहरी एसआईआर ने खोला राज, अब दो पाकिस्तानी महिलाओं की तलाश में जगह-जगह छापेमारी



**भागलपुर, एजेंसी।** मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआइआर) में कई चौंकाने वाली जानकारियां सामने आ रही हैं। भागलपुर में पुनरीक्षण में यह सामने आया है कि दो पाकिस्तानी महिलाएं पांच दशक से यहां रह रहीं और उन्होंने अपना नाम मतदाता सूची में जुड़वा लिया। भारतीय नागरिकता नहीं होने के बावजूद ये 2 महिलाएं यहां रह रहीं। इन दोनों पाकिस्तानी महिलाओं ने भारत में ही शादी की। एक पाकिस्तानी महिला तो सरकारी स्कूल में शिक्षिका भी है। इसने अपना आधार कार्ड भी बनवा लिया। ऐसे में बड़ा सवाल यह है कि कैसे बिना भारतीय नागरिकता हासिल किए ये भारत की वोटर बनीं। अब पुलिस इनकी तलाश में जगह-जगह छापेमारी कर रही है, लेकिन ये मिल नहीं रहीं। इनके आधार को ढूंढने का प्रयास किया जा रहा, स्कूल में हाजिरी कब तक लगाई इसे भी पता किया जा रहा। यह भी जानकारी ली जा रही है कि इन्होंने कितनी बार मतदान किया। बता दें कि भागलपुर में रह रहीं दो पाकिस्तानी नागरिक ने भारत में अपना आधार कार्ड बनवाया। और अब हर चुनाव में मतदान भी कर रहीं हैं। बिहार एसआइआर के दौरान पकड़ी गई इस भारी गड़बड़ी के बाद गृह मंत्रालय और चुनाव आयोग ने इस मामले में रिपोर्ट मांगी है। इस बीच एक दिन पहले ही सुप्रीम कोर्ट ने मतदाता सूची में नाम शामिल कराने लिए आधार को मान्य बताया है। जबकि ये दोनों पाकिस्तानी महिलाएं तीन महीने के वीजा पर भारत आईं और भूमिगत हो गईं। यहीं शादी करने के बाद नागरिकता की जानकारी छुपाकर भारत की मतदाता बन गईं। अब पुलिस इनकी तलाश कर रही है। नगर निगम के राजकीय उर्दू मध्य विद्यालय बरहपुरा में तैनात शिक्षिका इमराना खातून उर्फ इमराना खानम जो मूल रूप से पाकिस्तानी महिला है। वह भागलपुर जिला शिक्षा विभाग में 34540 कोटे से शिक्षक है। 18 जुलाई 2013 से इमराना खातून नगर निगम क्षेत्र के राजकीय उर्दू मध्य विद्यालय बरहपुरा में पदस्थापित है। इससे पहले वह नारायणपुर प्रखंड के किसी स्कूल में पदस्थापित थी। शनिवार को जब उनके स्कूल का निरीक्षण किया गया तो वह स्कूल में नहीं थी। प्रधानाध्यापक से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि वह शनिवार और रविवार दो दिन के लिए सिक लिव पर है। वहीं प्रधानाध्यापक ने बताया कि इमराना 23 जुलाई 2025 से मेडिकल अवकाश पर थीं। इमराना खातून ने 17 अगस्त को विद्यालय में दोबारा योगदान किया था।

वहीं शिक्षा विभाग के ई शिक्षा कोष के रिपोर्ट के मुताबिक उनकी हाजिरी 1 जुलाई को अंतिम बार आनलाइन के माध्यम से बनाई गई है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक उसके बाद से उन्होंने जिस दिन भी हाजिरी बनाई है वह मैनुअल तरीके से बनाई है। इमराना खातून का मैट्रिक वर्ष 1983 में एमएन फतेहपुर से हुआ था। जबकि इंटर 1989 में एमएम स्कूल से हुआ था। इसके अलावा डीएलएड पीटीटीसी भागलपुर से हुआ था। उनकी नियुक्ति बिहार सरकार के शिक्षा विभाग में 31 जनवरी 2012 को हुई थी।

## गयाजी में जीविका की पहल से बदल रही जिंदगी, अब तक 3000 महिलाओं को मिला रोजगार

**गयाजी, एजेंसी।** गयाजी जिले के ग्रामीण महिलाओं की जिंदगी में अब एक नया रंग भरने जा रहा है। कभी घर के कामकाज के बाद दिनभर खाली बैठने वाली महिलाएं अब सिलाई-कढ़ाई के जरिये आत्मनिर्भर बन रही हैं। जीविका की पहल से यह संभव हुआ है, जिसके तहत तीन हजार महिलाओं को स्वावलंबी बनाने का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए जिले के 24 प्रखंडों में 52 सिलाई सेंटर खोले गए हैं। यहां महिलाएं आंगनबाड़ी केंद्रों में पढ़ने वाले बच्चों के लिए उच्च गुणवत्ता वाला पोशाक (ड्रेस) तैयार करेंगी। यह न सिर्फ उनकी आमदनी का जरिया बनेगा, बल्कि उन्हें समाज में एक नई पहचान भी दिलाएगा। जीविका की योजना के तहत प्रत्येक केंद्र पर 25-25 महिलाओं का एक बैच बनाया गया है। इन महिलाओं को प्रशिक्षित प्रशिक्षकों द्वारा सात दिवसीय प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण में कटाई किए गए कपड़े को सिलाई मशीन पर सही तरीके से जोड़कर, रेडिमेड जैसा आकर्षक और फिटिंग वाला पोशाक तैयार करना सिखाया जा रहा है। बड़े शहरों से कपड़ा मंगाया जाएगा। उसके बाद नीमचक-बथानी प्रखंड में अनुभवी महिला कारीगरों द्वारा अलग-अलग साइज में काटा जाएगा। कटाई के बाद 24 प्रखंडों में स्थित सिलाई सेंटरों पर भेजा जाएगा, जहां सिलाई की जाएगी। हर सिलाई सेंटर पर महिलाओं को दो बैच में बांटा गया है। पहला बैच सुबह 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक, जबकि दूसरा बैच दोपहर 2 बजे से रात 8 बजे तक सिलाई करेगा। एक-एक सेंटर पर 25 मशीनें लगाई गई हैं।



### मंच छोड़ गाड़ी की छत पर बैठकर तेज प्रताप यादव ने दिया भाषण, शराबबंदी पर सरकार को घेरा

**वीरपुर (बेगूसराय), एजेंसी।** युवाओं के लिए प्रेरणा स्त्रोत थे दिवंगत डॉ. राधा कृष्ण सिंह। उनकी जीवनी से आज के युवाओं को सीख लेने की जरूरत है। उक्त बातें पूर्व मंत्री तेज प्रताप यादव ने शनिवार की शाम वीरपुर प्रखंड की नौला पंचायत के गारा गांव में दिवंगत डॉ. राधा कृष्ण सिंह की पांचवी पुण्यतिथि सह जन संवाद कार्यक्रम को संबोधित हुए कहीं। पूर्व मंत्री तेज प्रताप यादव ने परंपरा तोड़ते हुए मंच के बजाय गाड़ी की छत पर बैठकर लोगों को संबोधित किया। तेज प्रताप ने कहा कि डॉ. सिंह युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत थे, उनकी संघर्षपूर्ण जीवन यात्रा से नई पीढ़ी को सीख लेना चाहिए। तेज प्रताप ने कहा कि हमारे पिताजी ने कहा स्मार्ट सिटी नहीं स्मार्ट गांव बनाना चाहिए। तेज प्रताप ने बिहार में पलायन और रोजगार की गंभीर समस्या को मुद्दा बताया।

## आरा, गयाजी सहित नौ जिलों में दिखेगा बारिश का रौद्र रूप, बिजली गिरने का अलर्ट



**पटना, एजेंसी।** प्रदेश में मानसून का प्रभाव बना हुआ है। प्रदेश के 24 जिलों में मेघ गर्जन, वज्रपात को लेकर चेतावनी जारी की गई है। मौसम विज्ञान केंद्र पटना के अनुसार रविवार को प्रदेश के नौ जिले के अरवल, भोजपुर, बक्सर, कैमूर, औरंगाबाद, गयाजी, सारण, सिवान और रोहतास जिले के एक या दो स्थानों पर मेघ गर्जन, वज्रपात के साथ भारी वर्षा की चेतावनी है।

दक्षिण एवं उत्तर पश्चिम भाग के जिलों के एक या दो स्थानों पर 30-40 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से हवा चलने की संभावना है। तीन से चार दिनों के दौरा अधिकतम तापमान में विशेष परिवर्तन की संभावना नहीं है।

शनिवार को पटना सहित आसपास इलाकों में तेज हवा के साथ झमाझम वर्षा से मौसम सामान्य बना रहा। पटना का अधिकतम तापमान शनिवार को 31.0 डिग्री सेल्सियस एवं 5.4 मिमी वर्षा दर्ज की गई। जबकि, 34.6 डिग्री सेल्सियस के साथ बेगूसराय में सर्वाधिक अधिकतम तापमान दर्ज किया गया।

बीते 24 घंटों के दौरान प्रदेश के अलग-अलग भागों में वर्षा दर्ज की गई। सिवान के रघुनाथपुर में सर्वाधिक वर्षा 92.6 मिमी दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुसार अगले तीन से चार दिनों के दौरान प्रदेश के अधिसंख्य भागों में मेघ गर्जन के साथ वर्षा के आसार है।

औरंगाबाद के ओबरा में 90.2 मिमी, गयाजी के अतरी और मोहरा में 82.2 मिमी, वाल्मीकि नगर में 80.2 मिमी, भोजपुर के सहर में 77.2 मिमी, नवादा के कौआकोल में 75.6 मिमी, गयाजी के इमामगंज में 74.6 मिमी, बगहा में 70 मिमी, औरंगाबाद के रफीगंज में 70 मिमी वर्षा दर्ज की गई।

भभुआ के चांद में 59.8 मिमी, डेहरी में 51.4 मिमी, जमुई में 50.2 मिमी, पटना के बलछी में 49.2 मिमी, भोजपुर के नोखा में 49.2 मिमी, बक्सर के सिमरी में 46.8 मिमी, नवादा के रोह में 45.2 मिमी, गयाजी के डोभी में 44.6 मिमी एवं अरवल में 43.8 मिमी वर्षा दर्ज की गई। पटना का अधिकतम तापमान 31.0 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 26.2 डिग्री सेल्सियस रहा। गयाजी का अधिकतम तापमान 31.2 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 25.2 डिग्री सेल्सियस रहा। वहीं, भागलपुर का अधिकतम तापमान 30.6 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 26.7 डिग्री सेल्सियस रहा। मुजफ्फरपुर का अधिकतम तापमान 31.8 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 27.1 डिग्री सेल्सियस रहा।

# लोगों को डरा रही झारखण्ड की नदियां

## स्वर्णरेखा, हरमू, भुसूर समेत कई नदियां उफान पर, लोग दहशत में

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** पिछले तीन माह से राजधानी रांची समेत पूरे राज्य में लगातार वर्षापात हो रहा है। जिस कारण जलाशयों में लबालब पानी भरा है तो शहरी क्षेत्रों की सड़कों पर नाले का पानी उफनकर बाहर निकल रहा है।

शनिवार को भी राजधानी में यही स्थिति देखने को मिली। दिनभर आसमान में बादल छाए रहने और रूक-रूककर हो रही वर्षा के कारण सड़कों पर जलजमाव की स्थिति उत्पन्न हो गई और नाले का पानी बाहर निकलकर बहने लगा।

शहर के निचले क्षेत्रों में बरसाती पानी घर के अंदर प्रवेश कर गया है। वहीं, स्वर्णरेखा और हरमू नदियां उफना रही हैं। स्थिति यह है कि जिन क्षेत्रों से होकर स्वर्णरेखा नदी बह रही हैं वहां के तटीय क्षेत्रों के लोगों में भय का माहौल बना है।

शहर में स्वर्णरेखा, हरमू, भुसूर समेत कई छोटी-बड़ी नदियां उफान पर हैं। शनिवार को केतारी बगान, राधा-कृष्ण मंदिर नामकुम समेत कई जगहों पर बने पुल के ऊपर से स्वर्णरेखा का पानी घंटों बहता रहा। केतारी बगान पुल के ऊपर से पानी बहने के कारण स्थानीय लोगों द्वारा पुल को घंटों बंद कर दिया गया। हरमू नदी के उफान पर होने के कारण तपोवन मंदिर के पास बने पुल के ऊपर से पानी घंटों बहता रहा। जिससे लोग इस सड़क से होकर आवागमन नहीं कर पाए।

मौसम विज्ञान केंद्र रांची द्वारा जारी

## केतारी बगान, राधा-कृष्ण मंदिर नामकुम समेत कई पुलों पर बह रहा पानी

पूर्वानुमान में बताया गया कि पश्चिम बंगाल के गंगा तटीय क्षेत्र और आसपास के क्षेत्रों पर निम्न दबाव का क्षेत्र बना हुआ है। अगले 24 घंटे के दौरान इसके झारखंड से होते हुए पश्चिम व उत्तर पश्चिम की ओर बढ़ने की संभावना है।

इसके बाद इसका असर धीरे-धीरे कम होता जाएगा। 25 अगस्त को भी ओडिशा और पश्चिम बंगाल तट के पास उत्तर पश्चिमी बंगाल की खाड़ी में एक नया निम्न दबाव का क्षेत्र बनने की संभावना है।

मौसम विज्ञानी अभिषेक आनंद ने बताया कि इस मौसमी प्रणाली के प्रभाव से झारखंड के कई जिलों में भारी वर्षा होने की पूरी संभावना है। उन्होंने आमजनों व किसानों से भी आग्रह किया है कि वे सावधानी बरतें। इस दौरान 30 से 40 किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से तेज हवा के बहने और बिजली गिरने को लेकर यलो अलर्ट जारी किया गया है।




मौसम विज्ञान केंद्र रांची द्वारा जारी पूर्वानुमान की बात करें तो अब तक पूरे राज्य में एक जून से लेकर अब तक वास्तविक वर्षापात 972.7 मिमी रिकॉर्ड किया गया है जो कि सामान्य तौर पर होने वाले 738.3 मिमी वर्षापात के मुकाबले 32 प्रतिशत अधिक है।

पूरे राज्य में सर्वाधिक 1463.3 मिमी वर्षा पूर्वी सिंहभूम में हुई है जो कि सामान्य तौर पर होने वाली 792.5 मिमी वर्षा से 85 प्रतिशत अधिक है। वहीं, राजधानी रांची में अब तक 1211.6 मिमी वर्षापात रिकॉर्ड किया गया है जो कि सामान्य वर्षापात 755.7 मिमी से 60 प्रतिशत अधिक है।

## मूसलाधार बारिश से सड़कें बनी तालाब

***नवबिहार टाइम्स संवाददाता***

***कतरास।*** *कतरास कोयलांचल में पिछले तीन दिनों से हो रही मूसलाधार बारिश ने पूरे जनजीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया है। शहर के अधिकांश हिस्से जलमग्न हो गए हैं, जिससे लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।*

*सड़कों और गलियों में घुटनों तक पानी भर जाने से छोटे-बड़े वाहनों के साथ-साथ आम लोगों और स्कूली बच्चों को भी आवागमन में खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।*

*तेज बारिश के कारण कतरास की कई प्रमुख सड़कें और गलियां पूरी तरह से जलमग्न हो गईं। बारिश का पानी और नालों का ओवरफ्लो होकर बहने वाला गंदा पानी एक साथ मिलकर सड़कों पर घंटों तक बहता रहा, जिससे स्थिति और भी भयावह हो गई।*

*जलजमाव के कारण कई मोहल्लों में कींचड़ जमा हो गया है, जिससे लोगों के लिए चलना-फिरना दूभर हो गया है। शहर की नारकीय स्थिति ने नगर निगम और प्रशासन की मानसून से निपटने की तैयारियों की पोल खोल दी है।*

*शहर के कई प्रमुख इलाकों में जलजमाव की स्थिति बनी हुई है। इनमें राजगंज रोड की सब्जी पट्टी, राजस्थानी धर्मशाला, रानीबाजार मोड़, डीएवी मध्य विद्यालय की गली, कतरास पोस्ट ऑफिस, मेन रोड, रानीबाजार गुरुद्वारा के समीप, भगत मोहल्ला, हनुमान मेंशन, चवाड़ा मेंशन और रेलवे कॉलोनी शामिल हैं।*

# चौपारण अस्पताल को मिला वातानुकूलित एंबुलेंस

## विधायक ने किया समर्पित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चौपारण हजारीबाग।** बरही विधायक मनोज कुमार यादव ने रविवार को चौपारण सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को अपने विधायक निधि से अत्याधुनिक वातानुकूलित एंबुलेंस भेंट की।

एंबुलेंस की पूजा-अर्चना कर विधायक ने इसे हरी झंडी दिखाते हुए अस्पताल प्रबंधन को समर्पित किया।

गौरतलब है कि हाल ही में चौपारण वासियों ने एंबुलेंस की कमी की शिकायत की थी। इस पर विधायक ने संज्ञान लेते हुए एंबुलेंस उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया था। विधायक ने कहा कि दनुआ घाटी में अक्सर होने वाले हादसों में घायलों को समय पर इलाज नहीं मिल पाता था, जिससे कई कीमती जानें चली जाती थीं। नई एंबुलेंस इस क्षेत्र के लिए वरदान साबित होगी।




चिकित्सा प्रभारी डॉ. फरहाना महफूज, डॉ. डीएन ठाकुर, मुखिया संघ अध्यक्ष बिरेन्द्र रजक, पूर्व अध्यक्ष राजदेव यादव, भाजपा नेता रामस्वरूप पासवान, सुनील सिंह, मुखिया जानकी यादव, ममता देवी, पंचायत समिति सदस्य सहदेव प्रसाद यादव, जनार्दन सिंह, भाजपा नेता गजाधर प्रसाद, विकास यादव, भाजयुमो अध्यक्ष रंजन सिंह, उपेंद्र सिंह, रितेश सिंह, अशोक केशरी, रंजीत बर्णवाल, इन्द्रदेव दांगी, रामचन्द्र सिंह, सुधीर केशरी, अर्जुन राणा, राजेन्द्र भगत, गुलाब रजक, शिक्षक शिवकुमार यादव, मंच सिंह, पप्पू अंसारी, जहांगीर आलम, दया सिंह, मुकेश सिंह, पवन सिंह समेत कई ग्रामीण उपस्थित थे। अस्पताल प्रशासन और स्थानीय लोगों ने विधायक की इस पहल की जमकर सराहना की।

## ब्राउन शुगर के साथ दो तस्कर दबोचे गये

**मेदिनीनगर (पलामू)।** नशीले पदार्थों के खिलाफ चल रहे अभियान के दौरान शहर थाना की पुलिस ने शनिवार को शहर में बड़ी कार्रवाई की। गुप्त सूचना के आधार पर गठित छापामारी दल ने सद्दीक चौक के पास से दो तस्करों को दबोचा। इनके पास से 16 ग्राम ब्राउन शुगर, दो स्मार्ट मोबाइल और एक सफेद अपाचे मोटरसाइकिल (नंबर जेएच 03 वाई-5210) बरामद की गई।

थाना प्रभारी ने बताया कि दोनों युवक शाहपुर पुल की ओर से शहर में प्रवेश कर रहे थे। पुलिस को देखकर उन्होंने भागने की कोशिश की, लेकिन मौके पर ही पकड़ लिए गए। तलाशी में मादक पदार्थ बरामद हुआ। गिरफ्तार तस्करों में शहर थाना क्षेत्र के जेलहाता निवासी राकेश कुमार उर्फ नेपाली (35 वर्ष) और राहुल कुमार (27 वर्ष) शामिल हैं। दोनों तस्करों ने पूछताछ में अपना दोष स्वीकार किया है।

पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार इनका आपराधिक इतिहास भी रहा है। उन्होंने बताया कि जब्त मादक पदार्थ का मूल्य लाखों रुपये आंका गया है।

# भाजपा की तानाशाही नहीं चलेगी, काला कानून वापस लेना होगा : सन्नू सिद्दीकी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** 30 दिनों तक न्यायिक हिरासत में रहने पर जनता द्वारा चयनित जनप्रतिनिधियों का पद समाप्त किए जाने वाले केंद्र सरकारके विधेयक के खिलाफ झारखंड मुक्ति मोर्चा की पलामू जिला कमेटी ने कड़ा विरोध किया है। रविवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेताओं ने स्थानीय छह मुहान पर केन्द्र सरकार का पुतला दहन किया। कार्यक्रम के नेतृत्व केंद्रीय समिति सदस्य सह जिला उपाध्यक्ष सन्नू सिद्दिकी ने किया। मौके पर सन्नू सिद्दिकी ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा ले गए कानून पूर्णतः असंवैधानिक व लोकतंत्र के लिए घातक है। उक्त विधेयक भारतीय संविधान के मौलिक सिद्धांत दोष साबित होने तक आरोपी निर्दोष होता है के उलंघन के लिए लाया गया है। उक्त विधेयक असंवैधानिक रूप से जनप्रतिनिधि को उसके दायित्वों से विमुख करते हुए जनता द्वारा दिए गए जनादेश का अपमान करना है।




पार्टी की महिला जिला अध्यक्ष सुशीला मिश्रा ने कहा कि केंद्र सरकार को यह विधेयक वापस लेना होगा। नहीं तो आने वाले समय में झारखंड मुक्ति मोर्चा इस विधेयक का और कड़े ढंग से विरोध करेगा। केंद्रीय निदेर्शानुसार आंदोलन करते हुए लोगों तक सच्चाई पहुंचने का काम किया जाएगा। जिला प्रवक्ता चन्दन प्रकाश सिन्हा ने कहा कि आए दिन ऐसा देखा जा रहा है कि भाजपा नेतृत्व वाली केंद्र सरकार अपने विरोधियों को राजनैतिक, सामाजिक एवं मानसिक स्तर पर नुकसान पहुंचाने अथवा अपने राजनैतिक दल को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से केंद्रीय जांच एजेंसियों का दुरूपयोग कर रही है। झारखंड मुक्ति युवा मोर्चा के पलामू जिला अध्यक्ष सूरज कुमार ने कहा कि केंद्र सरकार को हर हाल में विधेयक को वापस लेना ही होगा। जनता द्वारा चुने गए जनप्रतिनिधियों को केवल आरोप लगे व 30 दिनों के अंदर बेल नहीं मिले तो पद से हटाना कहां तक न्यायोचित है। केंद्र सरकार का यह काला विधेयक कल विधेयक है। इसके खिलाफ युवा लोगों के बीच जाकर केंद्र सरकार के मंसूबे को नाकाम करेगी।

कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष राकेश सिन्हा , अस्फाफर रब्बानी, सचिव रंजन चंद्रवंशी, रमेश सिंह, अनुराग सिंह, देवानंद भारद्वाज, नवीन सिन्हा, सहबाज आलम, विवेक सिंह , विशाल सिन्हा सिन्हा, हाजी शमीम अहमद, वरिष्ठ नेता बबलू शहनवाज, अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष फजायल अहमद, याकूब अंसारी, रहीम अंसारी, आरिफ अंसारी, लाल मोहम्मद अंसारी, मंजू चंद्रवंशी, कांति चंद्रवंशी, सोनी देवी, रिया कुमारी, अर्चना कुमारी, संजू देवी, रंजीत जायसवाल, अल्ताफ राइन, मन्नत बग्गा, युवा मोर्चा के पलामू जिला अध्यक्ष सूरज कुमार, कौशल किशोर, रजनीश सिंह, रिशु अग्रवाल, साकिब सिद्दीकी अरविंद चौधरी, सुनील कुमार,सिद्धार्थ कुमार,दीपू चौरसिया,मनोज कुमार, अशगर अली, आरफीन अली, कमरूदीन अंसारी,नीतीश सिंह,रंजीत तिवारी व चंदेश्वर मेहता सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता व नेता मौजूद थे।

# धूमधाम से मनाया गया गुरु ग्रंथ साहिब का प्रकाश पर्व



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** सिख समुदाय के पवित्र ग्रन्थ गुरु ग्रंथ साहिब का प्रकाश पर्व रविवार को स्टेशन रोड स्थित प्रधान गुरुद्वारा मे धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान बड़ी संख्या मे सिख समुदाय के महिला पुरुष व बच्चे शामिल हुए। बीते 48 घंटे से चल रहे अखंड पाठ का समापन प्रकाश पर्व के दिन आज हुआ। इस दौरान अंबाला के रागी जत्था भाई सतनाम सिंह और उनकी टीम द्वारा कई शब्द कीर्तन प्रस्तुत किए गए ।ॅसब सिक्खन को हुकम है गुरु मान्यो ग्रंथ समेत कई शब्द कीर्तन प्रस्तुत किए गए। मौके पर प्रधान गुरुद्वारा के प्रधान सेवक गुणवंत सिंह मोंगिया ने कहा कि आज पूरे देश में उत्साह के साथ गुरु ग्रंथ साहिब का प्रकाश पर्व मनाया जा रहा है। इस दौरान गुरुद्वारा में लंगर का आयोजन किया गया जिसमें अन्य समाज के लोगों ने भी हिस्सा लिया। मौके पर पूर्व प्रधान सेवक अमरजीत सिंह सलूजा, सतविदंर सिंह सलूजा, हरेंद्र सिंह मोंगिया, चरणजीत सिंह सलूजा, भूपेंद सिंह दुआ, गुरदीप सिंह बग्गा, राजेंद्र सिंह बग्गा, नरेंद्र सिंह, सरबजीत सिंह, ऋषि चावला, अजिंद्र सिंह चावला, शैंकी टुटेजा, समेत काफी संख्या मे सिख समाज के अलावा अन्य समुदाय के लोगों ने भी शिरकत की।

## मंत्री ने किया योजनाओं का शिलान्यास

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** नगर निगम क्षेत्र में दो करोड़ की 14 विकास योजनाओं का नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार ने शनिवार को विधिवत शिलान्यास किया। इस दौरान शहर के स्टेशन रोड स्थित बाबू वीर कुंवर सिंह की प्रतिमा पर मंत्री ने माल्यार्पण करने के बाद विकास योजनाओं की आधार शीला रखी। मौके पर उपनगर आयुक्त प्रशांत कुमार लायक, झामुमो नेता अजीत कुमार पप्पू, राकेश रंजन, रॉकी सिंह, सईद अख्तर, सैफ अली गुड्ड समेत झामुमो के कई कार्यकर्त्ता मौजूद थे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री सुदिव्य कुमार ने कहा कि शहरी परिवहन और नागरिक सुविधा मद की राशि से जरूरत के आधार पर 14 योजनाओं का निर्माण कराया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि आने वाले दुर्गा पूजा में लोगो को परेशानी उठाना नहीं पड़े। मंत्री ने पुराने शहरी पेयजलापूर्ति योजनाओं को बढ़ती जनसंख्या के लिए नाकाफी बताते हुए कहा कि अब एक नई योजना की जरूरत महसूस होने लगी है। ऐसे में जल्द ही गिरिडीह शहरी क्षेत्र को नई पेयजलापूर्ति योजना की सौगात देने के उद्देश्य से डीपीआर तैयार करने पर विचार चल रहा है।

# विधायक ने लोगों से की बारिश में सावधानी बरतने की अपील

## प्रशासन को दी चौकस रहने की हिदायत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हजारीबाग।** हजारीबाग सदर विधानसभा क्षेत्र समेत पूरे झारखंड में पिछले कुछ दिनों से लगातार भारी वर्षा हो रही है। कई जगहों पर सड़कों पर तेज बहाव, नालियों में उफान और छोटे पुलों पर पानी का भराव देखने को मिल रहा है।

इस परिस्थिति को देखते हुए विधायक प्रदीप प्रसाद ने नागरिकों से विशेष सतर्कता बरतने की अपील की है। उन्होंने कहा कि अनावश्यक रूप से घर से बाहर निकलने से बचें और झील, तालाब व जलाशयों के किनारों पर जाना पूरी तरह से टालें। विधायक ने क्षेत्रवासियों से बच्चों और बुजुर्गों का विशेष ध्यान रखने का आग्रह किया और कहा कि किसी भी आपात स्थिति में तुरंत स्थानीय जनप्रतिनिधि या विधायक कार्यालय से संपर्क करें। उन्होंने कहा, सुरक्षित रहना ही इन दिनों सबसे बड़ा उपाय है। सभी लोग सुरक्षित रहें, यही मेरी प्राथमिकता और कामना है। साथ ही, प्रदीप प्रसाद ने प्रशासन से भी अपील की है कि संवेदनशील इलाकों में चौकसी बढ़ाई जाए और बारिश से प्रभावित क्षेत्रों में राहत व सहायता कार्य तत्काल सुनिश्चित किया जाए।



# संकल्प जैन ने जेपीएससी में लहराया सफलता का परचम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हजारीबाग।** झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) द्वारा हाल ही में घोषित किए गए परिणामों में हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के युवाओं ने शानदार प्रदर्शन किया है। इसी कड़ी में शहर के मुनका बगीचा स्थित केडी चिल्ड्रन एकेडमी, कानी बाजार निवासी संकल्प जैन ने अपने दूसरे प्रयास में ही उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। उन्होंने इस प्रतिष्ठित परीक्षा में 48वां स्थान प्राप्त किया है।

## सांसद मनीष जायसवाल ने दी बधाई



रविवार को सांसद मनीष जायसवाल ने अपने हजारीबाग स्थित सांसद सेवा कार्यालय में संकल्प जैन को सम्मानित किया। उन्होंने पुष्पगुच्छ भेंट कर संकल्प को बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

इस दौरान सांसद जायसवाल ने कहा की एक अधिकारी के रूप में समाज में खुद को स्थापित करने से अधिक एक अच्छे इंसान के रूप में खुद को स्थापित करना और समाज में मानवीय संवेदना को जिंदा रखना सबसे महत्वपूर्ण है इसे स्मरण में सदैव रखना।

संकल्प जैन के पिता व्यवसायी अभय कुमार जैन इस मौके पर गर्व के साथ मौजूद थे। साथ ही समाजसेवी नारायण गुप्ता और कुमार यादव सहित कई अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित रहे ।

संकल्प जैन की यह सफलता संकल्प के दृढ़ संकल्प और कड़ी मेहनत का परिणाम है। उन्होंने अपनी स्कूली शिक्षा हजारीबाग के संत जेवियर स्कूल से पूरी की और स्नातक की पढ़ाई संत जेवियर कॉलेज, रांची से की। यह उनका दूसरा प्रयास था, जिसमें उन्होंने साक्षात्कार तक का सफर तय किया था, लेकिन इस बार उन्होंने अपनी पिछली असफलता को सफलता में बदलकर साबित कर दिया कि निरंतर प्रयास से कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है।

# डीवाइएफआई की जिला कमिटी की बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** भारत की जनवादी नौजवान सभा की बैठक गिरिडीह के बक्सिडीह रोड झिंझड़ी मोहल्ला में कामरेड आशीष कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसकी संचालन कामरेड रोहित रवानी ने की। बैठक में राज्य संयोजक कामरेड मोहन मंडल उपस्थित थे। बैठक को संबोधित करते हुए का मोहन मंडल ने बताया कि आज देश और हमारे राज्य की स्थिति बहुत ही दयनीय है। जब से देश में भाजपा की सरकार आई है तब से एक भी नौजवानों को रोजगार नहीं मिला है। इस तरह झारखंड में हेमंत के झामुमो सरकार ने भी लंबे-लंबे वादे किए, जिन्होंने बहुत सारे रिक्त पदों के लिए बहाली निकाली परंतु कभी प्रश्न पत्र लीक का मामला आता है तो कभी बहाली रद्द होती है। इसका भारत की जनवादी नौजवान सभा पूरे जोर शोर से विरोध करते हुए मांग करती हैं कि सभी आचार्य शिक्षक को अविलंब नियुक्ति देकर विद्यालयों में बहाली करें। अन्यथा डीआईएफआई सड़क पर आंदोलन करेगी। बैठक में संगठनिक कमिटी बनाया गया जिसमें कामरेड आशीष कुमार सिन्हा को जिला संयोजक बनाया गया तथा रोहित रवानी को जिला कोषाध्यक्ष एवं रोहित शर्मा शहनाज बेगम, रिंकी देवी, करण कुमार बरनवाल को सहसंयोजक बनाया गया एवं बेबी खातून ,सरिता देवी ,राजा ठाकुर ,राजू रजवार बबीता देवी खुशी कुमारी, सुषमा कुमारी ,सोनू कुमार राणा ,मोहम्मद बिट्टू, चंदन कुमार राम , कोमल कुमारी ,आफिमा परवीन, जोशना बनर्जी , सोनिया परवीन, कालू राम ,सरिता देवी को जिला संगठनिक कमेटी सदस्य मैं रखा गया अंत में पूर्व भारत की जनवादी नौजवान सभा के साथी कामरेड प्रेम कुमार सिन्हा ने बैठक को संबोधित करते हुए धन्यवाद ज्ञापन किया इस 126 नया नौजवानों ने भारत की जनवादी नौजवान सभा के विनर तले सदस्यता ग्रहण किया ।

## सड़क दुघर्टना में सहायता के लिए एनएच पर उपलब्ध रहेगा एंबुलेंस

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**धनबाद।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन के निर्देश पर राष्ट्रीय राजमार्ग पर दुर्घटना के समय घायलों को तत्काल सहायता प्रदान करने के लिए एंबुलेंस उपलब्ध रहेगी। एंबुलेंस बेलियाद से बरवाअड्डा एनएच 19 के गोपालगंज के पास चौबीसों घंटे रहेगी। सड़क दुर्घटना होने पर एंबुलेंस चालक को मोबाइल नंबर 8229800281 पर फोन कर संपर्क किया जा सकता है। यदि एंबुलेंस चालक से संपर्क नहीं हो सकता तब एनएच के कंट्रोल रूम के मोबाइल नंबर 8170006300 पर संपर्क कर सहायता प्राप्त की जा सकती है। दरअसल, शनिवार को आयोजित सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में राष्ट्रीय राजमार्ग पर दुर्घटना के समय घायलों को तत्काल सहायता प्रदान करने के लिए एंबुलेंस की उपलब्धता पर चर्चा की गई थी। जिसके पश्चात उपायुक्त ने आमजनों की सुविधा व जनहित में एनएच के पदाधिकारी को एंबुलेंस चालक का संपर्क सूत्र सहित अन्य जानकारी उपलब्ध कराने का निर्देश दिया था।

# ऋत्विज परिवार मेधावी छात्रों के बीच करेगा छात्रवृत्ति वितरण



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** ऋत्विज परिवार के कार्यकारिणी की बैठक रविवार को संगठन के अध्यक्ष रजनीकांत पांडेय के एसएच हास्पीटल स्थित सुधा कैफे में हुई। इसमें 31अगस्त को मेधावी विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति का वितरण करने का निर्णय लिया गया। छात्रवृत्ति वितरण कार्यक्रम स्थानीय बाईपास रोड आरएन फुड प्वाइंट में भव्य समारोह आयोजित कर करने का निर्णय लिया गया। इसमें समाज के सभी सम्मानित परिवार के लोगों को आमंत्रित किया गया है।बैठक में संस्था के मुख्य संरक्षक डॉ अरुण शुक्ला, संरक्षक बलराम पांडेय, विभाकर पांडेय, संतोष शुक्ला, सुनील तिवारी, एचएन चौबे, अध्यक्ष रजनीकांत पांडेय, सचिव मणिकांत उपाध्याय, कोषाध्यक्ष नवनीत सुंदरम, राजीव रंजन पांडेय उर्फ छोटे पांडेय, राजीव रंजन पांडेय , वीरेंद्र तिवारी, सतेंद्र तिवारी, दयानंद तिवारी, संतोष पांडेय, अरविंद पांडेय, संजय ओझा, श्रीनारायण तिवारी, रमेश पांडेय शामिल थे।

## जेपी पटेल पर्यवेक्षक नियुक्त

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



विष्णुगढ़। अखिल भारतीय कॉंग्रेस कमेटी ने झारखण्ड के पूर्व मंत्री सह माण्डू विधानसभा के पूर्व विधायक जयप्रकाश भाई पटेल को गिरिडीह जिले संगठनात्मक चयन को लेकर पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया। दूरभाष के माध्यम से बातचीत के दौरान पूर्व मंत्री जयप्रकाश भाई पटेल ने कहा कि देश की सबसे पुरानी पार्टी कॉंग्रेस ने मुझे जो संगठनात्मक मजबूती एवं इसके चयन को लेकर जो जिम्मेदारी सौंपी है, मैं पूर्ण समर्पण,निष्ठा एवं ईमानदारी से निर्वहन करने का प्रयत्न करूँगा। श्री पटेल को कॉंग्रेस पार्टी द्वारा बड़ी एवं महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दिए जाने पर विष्णुगढ़ प्रखण्ड कॉंग्रेस कमेटी के पदाधिकारी एवं सदस्यों में सुरेंद्र मिश्र, विशेश्वर प्रसाद स्वर्णकार, हिरामन महतो, गुरु प्रसाद साव, उत्तम कुमार महतो, बटेश्वर कुमार मिश्र, परमेश्वर महतो, त्रिवेणी प्रसाद, सोमर महतो, रामलाल सोरेन, शिव प्रसाद लहकार ने बधाई दी।

# खंडोली डैम बचाओ अभियान की रैली चौथे दिन भी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** खंडोली डैम बचाओ अभियान के चौथे दिन रविवार को जागरूकता रैली दनुआडीह, डोमापहाड़ी, खंडोली गांव होते हुए खंडोली डैम परिसर पहुंचकर संपन्न हुई। रैली में बड़ी संख्या में ग्रामीण पुरुष व महिलाएं शामिल हुए और डैम बचाने के लिए नारेबाजी करते हुए प्रशासन से कार्रवाई की मांग की। आयोजकों ने बताया कि आने वाले दो दिनों तक गिरिडीह शहरी क्षेत्र में जनजागरण अभियान चलाया जाएगा। वहीं 27 अगस्त को शांतिपूर्ण तरीके से विशाल रैली निकाली जाएगी, जो झंडा मैदान से कालीबाड़ी, मकतपुर, कचहरी होते हुए टावर चौक तक जाएगी। रैली के अंत में बेंगाबाद के प्रखंड अंचलाधिकारी का पुतला दहन किया जाएगा कार्यक्रम में नागेन्द्र चंद्रवंशी, अर्जुन पंडित, आजाद अंसारी, इमामुद्दीन, सदीक मियां, साहीद अंसारी, मेहबूब अंसारी, मिन्हाज अंसारी, सहादत अंसारी, जमीर हुसैन, मो. इस्लाम, मो. शमीम, आसीन अंसारी, सहाबुद्दीन अंसारी, मो. सफीक अंसारी, मो. मोइन, फुरकान अंसारी, तासीर अंवर, अकबर अंसारी समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे महिला प्रतिभागियों में बसीरन बीबी, जुबेदा खातून, सुबेदा खातून, जरीना बीबी, साह बानु, सकीना बीबी और सफीना खातून शामिल थीं।अभियान में जुटे लोगों ने कहा कि खंडोली डैम न केवल जलापूर्ति बल्कि पूरे क्षेत्र की जीवनरेखा है, इसे प्रदूषण और माफिया गतिविधियों से बचाने के लिए आंदोलन जारी रहेगा।

## प्रशिक्षण कैम्प का आयोजन

गिरिडीह। बरमसिया चिल्ड्रन पार्क में इंस्टिट्यूट ओफ शोतोकान कराटे युनाइटेड गिरिडीह झारखंड द्वारा मान्यता प्राप्त दीपक मार्शलआर्ट एकेडमी द्वारा कराटे मार्शलआर्ट प्रशिक्षण केम्प एवं बेल्ट ग्रेडिंग का आयोजन किया गया । जिसमें सफल छात्र छात्राओं में अयांस श्रीवास्तव, सोनम कुमारी, कार्तिक कुमार, अथर्व आर्या, श्रेयाष गुप्ता, मान्या जयसवाल, वर्षा कुमारी, आरुष श्रीवास्तव सुप्रिया वर्मा आदि शामिल रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### धनरूआ में अपहरण कर किशोर की हत्या मामले में तीन हिरासत में

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** धनरूआ थाना क्षेत्र के बरबिघा के पिलकजरिया गांव में अपहरण कर किशोर की हत्या मामले में उसके भाई प्रिंस कुमार के बयान पर तीन लोगों पर प्राथमिक की दर्ज की गई थी, जहां पुलिस ने मौके पर तीन लोगों को गिरफ्तार कर थाने लाकर पूछताछ कर रही है, गिरफ्तार लोगों में सुनील कुमार, रवि कुमार और सुनील कुमार की पत्नी धर्मशिला देवी है। लिखित आवेदन में पूर्व से चली आ रहे जमीन विवाद का मामला बताया गया है। थानाध्यक्ष आलोक कुमार ने बताया कि दिए गए आवेदन के आलोक में पुलिस जांच पड़ताल कर रही है, फिलहाल नामजद अभियुक्तो को थाने लाकर जांच पड़ताल की जा रही है। बहरहाल बरबीघा निवासी विक्की कुमार उम्र 14 वर्ष पिता टुनटुन यादव घर से शौच के लिए निकला था लेकिन उसके बाद से वह लापता था, जिसकी मां ने थाने में गुमशुदगी की मामला दर्ज कराई थी और उसके अगले सुबह दरगाह के पास पानी में शव मिला था, पुलिस विभिन्न बिंदुओं पर गहनता से जांच में जुटी हुई है।

### भगवानगंज पुलिस ने पिस्तौल के साथ एक युवक को किया गिरफ्तार

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी पालीगंज मार्ग में भगवानगंज थाना क्षेत्र के बेदौली मोड़ के पास भगवानगंज पुलिस ने बाइक चेकिंग अभियान के दौरान एक युवक को पिस्तौल के साथ रंगे हाथ दबोच लिया है। दरअसल गिरफ्तार युवक का नाम गोविंदा उर्फ. छोटी उम्र 30 वर्ष पिता दीनानाथ प्रसाद हैष जो पुरनचक का रहने वाला है। भगवानगंज थानाध्यक्ष सुजीत कुमार ने बताया कि गोविंदा अपने घर पुरनचक से कमर में पिस्टल लेकर दुल्हिनबाजार जा रहा था, पूछताछ के दौरान अपराध की योजना बनाने के लिए स्वीकार किया। वहीं सूचना मिलते ही एएसपी कोमल मीणा भी मौके पर पहुंची और गिरफ्तार युवक से पूछताछ की हालांकि गिरफ्तार युवक से अभी पूछताछ की जा रही है कि आखिर पिस्तौल लेकर दुल्हीन बाजार क्यों जा रहा था, किसके पास जा रहा था, कि घटना को अंजाम देने की फिराक में था, इन सारी बातों को पुलिस गहनता से बिंदुवार पूछताछ कर जांच पड़ताल में जुटी हुई है।

### बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का अंचलाधिकारी ने लिया जायजा, बैग पिचिंग का कार्य शुरू

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढी धनरूआ में आए बाढ़ के पानी से तकरीबन 5 पंचायत एक बार फिर से प्रभावित हो गए हैं। जिसको लेकर जिला प्रशासन के निर्देश पर प्रशासनिक पदाधिकारी को अलर्ट मोड पर रखा गया है। रविवार को अंचलाधिकारी श्वेता कुमारी ने बराहमपुर पंचायत के अरमल, चकरमल, बघवर गांव में बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का जायजा लिया और तटबंधों का निरीक्षण करते हुए जिओ बैग भरने के निर्देश दिए, वहीं



भखरी पुल पर बने तटबंध से पानी ऊपर क्रॉस कर रहा है जिसे जल संसाधन विभाग को अविलंब बैग पिचिंग कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं इसके अलावा बहोरीचक तटबंध को भी दुरुस्त करने को लेकर निर्देश दिए गए हैं। इसके अलावा सभी राजस्व कर्मी एवं अन्य सभी कर्मियों को बाढ़ प्रभावित क्षेत्र को लगातार मॉनिटरिंग करने तटबंध की सुरक्षा करने एवं बाढ़ राहत कार्य को चलाए जाने के निर्देश दिए हैं।

### लगातार हो रही बारिश से सड़क बीचो-बीच गिरा विशालकाय पीपल का पेड़, आवागमन पूर्णतः बाधित

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी पितमास मार्ग के कोरियावां भाया मखदुमपुर जाने वाली रास्ता में कोरियावां गांव के पास सड़क के बीचोबीच एक विशालकाय पीपल का पेड़ अचानक गिर पड़ा, जिससे कई जगहो पर बिजली के पोल भी इस जद में आकर उखड़ गए, पीपल के पेड़ जड़ सहित उखड़ने के बाद आवागवन पूर्णतः बाधित हो गया है। तकरीबन 20 गांव का आना-जाना इसी रास्ते से होता है जो पूर्णतः बाधित हो गया है। कराय पंचायत के मुखिया पिंकू कुमार सिंह ने इसे जल्द ही सड़क के बीच से हटकर आवागमन बहाल करने की मांग की है। इसके अलावा उन्होंने बताया इस रास्ते से तकरीबन 20 गांव के लोगों का आवा गमन होता है, बीचो-बीच सड़क पर एक विशालकाय पेड़ गिर जाने से बैरागीबाग, भीमपुरा,थलपुरा,घोरहुआं,बांसडीह, चांदचक, समेत तकरीबन 20 गांव के लोगों को इस रास्ते से आने-जाने में प्रभावित हुआ है। इसके अलावा विशालकाय पेड़ गिरने से कोरियावां में समेत कई गांव की बिजली गुल हो गई है। जनजीवन अस्त व्यस्त हो चुका है। हालांकि विशालकाय पेड गिरने से अभी तक कोई जान माल का नुकसान नहीं हो पाया है।

### पेड़ से लटका युवक का शव बरामद,हत्या का आरोप लगाकर परिजनों का हंगामा

**बिहारशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** दीपनगर थाना क्षेत्र के लाखरावां गांव में रविवार को पंचाने नदी किनारे एक पीपल के पेड़ से फंदे पर लटका एक युवक का शव मिला। मृतक विनोद प्रसाद का 24 वर्षीय पुत्र सोनू कुमार है। गांव की एक महिला सबसे पहले पेड़ से लटके शव को देखी और शोर मचाया।कुछ ही देर में सैकड़ों ग्रामीण मौके पर जुट गए। सूचना पर पुलिस पहुंची और शव को नीचे उतारकर कब्जे में लिया। मृतक के चाचा अनीश कुमार ने बताया कि दो दिन पूर्व विवाद हुआ था। पुलिस दो लोगो को इस मामले में हिरासत में लिया। इस दौरान आक्रोशित लोग हिरासत में लिए गए लोगो की पिटाई करने लगी। किसी तरह पुलिस उसे बचाकर थाने ले गई। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

# धनरूआ में बाढ़ का कहर, पांच पंचायतों में घुसा बाढ़ का पानी,कई तटबंध टूटे, 40 गांव बाढ़ की चपेट में

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** धनरूआ प्रखंड में एक बार फिर से पांच पंचायतों में बाढ़ का कहर है, जहां पर कई नदियां ऊफान पर हैं, जिसमें कररूआ नदी, भूतही नदी, बलदाही नदी,लोकाईन नदी में ऊफान है, जिसको लेकर धनरूआ प्रखंड के देवधा पंचायत,वीर पंचायत,छाती पंचायत, और बहरामपुर पंचायत बाढ़ से पूरी तरह से प्रभावित हो चुके हैं, जिसमें सबसे ज्यादा बहरामपुर पंचायत में बाढ़ का कहर देखा गया है,जहां बघवर गांव में कई घरों में लगभग 50 घर में पानी घुस गया है, सरकारी स्कूल में पानी घुस गया है, हर गली मोहल्ले में पानी घुस गया है। वही अरमल गांव में 10 घर, चकरमल में 30 घर, सिमहाडी मे 35 घर बाढ से प्रभावित हुए है, इसके अलावा बलवा पर पिपरामा,नदउआं, अमरपुरा, पचासा पर, मढीपर के पास खंदा का तटबंध टूटा है। वही



बहरामपुर पंचायत के मुखिया गुड्डू कुमार ने बताया कि लगभग 2 हजार बीघा में लगी हुए फसल क्षति का अनुमान है और यह तीसरी बार किसानों को फसल क्षति हुई है। दो बार बाढ़ का पानी आया था जहां किसानों ने अपने खेतों में धान रोपनी की थी, कई घरों में बाढ़ आपदा हुआ है, सरकार से मांग करते हैं कि बाढ राहत कार्य चलाया जाय, इसके अलावा छाती पंचायत में पांच गांव प्रभावित हुए हैं जिसमें असरफपुर, नसरतपुर, बांसबीघा, सिम्हाडी प्रभावित हुए हैं। वहीं भुतही नदी के पास खंदा में तटबंध टूट गया है। छाती पंचायत के मुखिया किशोरी बिंद ने बताया कि तकरीबन 35 एकड़ की खेती प्रभावित हुई है। वही देवधा पंचायत में भखरी, अवधारा,पभेडी, देवधा गांव फिलहाल बाढ़ से प्रभावित हुए हैं। देवधा पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि मिथिलेश कुमार ने बताया कि भखरी और अवधारा में कई घरों में पानी घुस गया है। वहीं विजयपुरा पंचायत में चमरबीघा, मठीया पर, बडीहा खंदा, विजयपुरा, मानिक बीघा आदी गांव में पानी घुसा है और फसल क्षती हुई है। वहीं वीर पंचायत में कुशवन तटबंध टूटा है, भोलाचक, हुलासचक, सेवधा,दौलता, मिर्जाचक, हासोपुर, रसुला,गुडमुंडिया चक, रामगढ़ बहोरीचक बीघा, निजामत, डोमन बीघा, नौरंगाबाद आदि में गांव में बाढ का पानी घुस गया है। सैकडों बीघा में फसल क्षती हुई है। बहरहाल धनरूआ के पांच पंचायत में आए बाढ़ के पानी से गांव गली खेती हर तरफ पानी से लबालब हो चुका है। ऐसे में ग्रामीणों को कई तरह के परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।जहां पर घर से निकलना मुश्किल हो रहा है मवेशियों के लिए चार जुटा पाना मुश्किल हो रहा है, घर से निकलने में भी परेशानी हो रही है। वहीं बहरामपुर पंचायत के मुखिया गुड्डू कुमार और देवधा पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि मिथलेश कुमार अपने पंचायत में घूम घूम कर बाढ़ का जायजा ले रहे हैं, इसके अलावा कुकुरवारा, मधमामठ पास बाढ़ का पानी घुसने से जन जीवन प्रभावित हो चुका है।वहीं बरहमपुर के सबसे ज्यादा बघवर और सिमहाडी में गांव के हर गली में पानी आ जाने से लोग निकलना मुश्किल हो रहा है।

## सुशासन का सार आपके द्वार,अभियान के तहत जदयू गांव-गांव कर रहा प्रचार

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जदयू की ओर से ह्लसुशासन का सार आपके द्वारह्व कार्यक्रम गांव गांव डोर टू डोर चलाया जा रहा है। कार्यक्रम में,पुनम देवी, प्रियंका कुमार, रूची अरोड़ा,आदी टीम मे शामिल रही। श्वेता विश्वास ने बताया की मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की नीतियों और उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाना इस अभियान का उद्देश्य है। मसौढी के ग्राम रौनिया, भगवानगंज, समस्तीचक, नदौल आदी जगहों पर कैंपेन चलाया गया।इस अभियान में सरकारी योजनाओं से वंचित लोगों को लाभ दिलाने का प्रयास किया जाना है। कुमारी खुशबूरानी ने कहा कि आधी आबादी को विकास की मुख्यधारा में शामिल करने में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का बड़ा योगदान है. उन्होंने कहा कि अब समय है कि प्रदेशभर में बूथ स्तर तक सघन अभियान चलाकर महिला सशक्तीकरण की दिशा में नीतीश सरकार द्वारा उठाए गए कदमों को बुकलेट, हैंडबिल और स्टिकर के माध्यम से प्रत्येक महिला मतदाता तक पहुंचाया जाये. इस अभियान की सफलता के लिए गांव गांव मे सरकार के बिस वर्षो के कार्यकाल की उपलब्धियों को जन जन पहुंचाना है। मुख्यमंत्री निरंतर जनता के हित में ऐतिहासिक निर्णय ले रहे हैं।

## मसौढ़ी विधानसभा के विभिन्न बूथों पर दावा और आपत्ति के लिए विशेष शिविर का हुआ आयोजन

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत 2 अगस्त से 31 अगस्त तक विशेष शिविर लगाए जा रहे है। इस शिविरों में मतदाता सूची के संक्षिप्त पुनरीक्षण के लिए दावे और आपत्तियां ली जा रही हैं।

ऐसे में मसौढी विधानसभा के सभी मतदान केंद्रों पर रविवार को विशेष शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में नए नाम जोड़ने के लिए प्रपत्र 6 और डी (घोषणा पत्र) संशोधन के लिए प्रपत्र 8 और नाम हटाने के लिए प्रपत्र 7 भरकर आवश्यक दस्तावेजों के साथ जमा किया जा रहा है।बता दें कि मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत 26 जुलाई तक गणना प्रपत्रों के सत्यापन का कार्य पूरा कर लिया गया था। इसके बाद एक अगस्त को मतदाता सूची के ड्रॉफ्ट का प्रकाशन निर्वाचन आयोग के तरफ से जारी कर दी है। तत्पश्चात 2 से 31 अगस्त तक विशेष शिविरों का आयोजन कर दावा और आपत्ति जमा की जानी है। इस दौरान गणना प्रपत्र के सत्यापन के समय दस्तावेज नहीं जमा करने वाले मतदाता अपना दस्तावेज भी जमा कर सकेंगें। इसके बाद 30 को अंतिम मतदाता सूची जारी होनी है।वहीं जिन नागरिकों को अपने नाम, पते या अन्य विवरणों में संशोधन कराना है, वे प्रारूप-8 के माध्यम से आवश्यक दस्तावेजों के साथ आवेदन कर सकते हैं. बिहार के बाहर से स्थानांतरित होने वाले मतदाताओं को भी प्रपत्र-8 के साथ घोषणा पत्र (एनेक्सचर डी) संलग्न करना अनिवार्य होगा।

## बदलो सरकार बदलो बिहार नारे के साथ भाकपा माले व राजद कार्यकताओं की बैठक, बूथ स्तर पर तैयारी

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बदलो सरकार बदलो बिहार नारे के तहत भाकपा माले कार्यालय मसौढी में भाकपा माले व राजद कार्यकताओं की बैठक मतदाता सूची में नाम जुड़वाने, मतदाताओं को जागरूक करने व 1 सितंबर को वोटर अधिकार यात्रा पटना की तैयारी में 27 अगस्त को मसौढी विधानसभा का इंडिया गठबंधन का बुथ स्तरीय कार्यकर्ता कन्वेंशन सौभाग्य उत्सव हॉल दमड़ीचक मसौढी में करने की तैयारी पर विस्तृत चर्चा हुई।इस बैठक की अध्यक्षता भाकपा माले के मसौढी प्रखंड सचिव राकेश कुमार ने की। इस बैठक में माले के राज्य कमेटी सदस्य कमलेश कुमार जिला कमेटी सदस्य नागेश्वर पासवान धनरूआ प्रखंड सचिव अक्लु



पासवान, निरंजन वर्मा, राजद के मसौढी प्रखंड अध्यक्ष राकेश कुमार, के विधायक प्रतिनिधि उपेंद्र यादव, राजद के बृजनंदन सहाय, सोनमई पंचायत के मुखिया व राजद नेता रंजीत कुमार डेवा पंचायत के मुखिया व राजद नेता संतोष कुमार, माकपा के अनुमन्डलीय सचिव प्रोफेसर चन्देश्वर प्रसाद मन्डल, कृष्णा दास संजय पासवान, मनीष पासवान, राघो प्रसाद मुकेश मिस्त्री अशोक गुप्ता मुद्रिका पासवान गुडु अंसारी रंजीत चौधरी राकेश कुमार शामिल थे।बैठक से निर्णय लिया गया की चुनाव आयोग तत्काल सभी बीएलओ की मान्यता प्रदान करें 1 सितंबर को पटना में वोटर अधिकार यात्रा को सफल बनाने के लिए और मतदाताओं को नाम जुड़वाने और मतदाताओं को जागरूक करने के लिए बुथ स्तरीय कार्यकर्ता कन्वेंशन 27 अगस्त मसौढी की तैयारी को अमली जामा पहनाने पर गंभीर विचार विमर्श हुआ।

## लायंस क्लब ऑफ पाटलिपुत्र आस्था में रक्तदान शिविर का आयोजन

**पटना/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** आज हर्ष हॉस्पिटल, बुद्धा कॉलोनी में लायंस क्लब ऑफ पाटलिपुत्र आस्था द्वारा, लायन डॉ. सुमन कुमार एवं लायन डॉ. हेमा नारायण के मार्गदर्शन में, ब्रहमाकुमारीज एवं पीएमसीएच ब्लड बैंक टीम के सहयोग से एक भव्य रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे डीजीपी आलोक राज, शशांक शेखर (सचिव, आयुष्मान भारत, बिहार सरकार), अरविंद चौधरी (मुख्य अभियंता, ग्रामीण विकास विभाग) तथा बहन मृदुल (ब्रहमाकुमारी)।

क्लब की ओर से इस आयोजन में क्लब अध्यक्ष लायन डॉ. कुमार राहुल, क्लब सचिव लायन मेघा सिंह,



लायन मृत्युंजय कुमार सिंह, लायन विशाल सिंह, लायन मणिबाला सिंह, लायन सुदेश्वर सिंह, लायन शशांक शेखर, लायन डॉ. अर्नब सिन्हा एवं लायन डॉ. राणा संजय सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे और कार्यक्रम को सफल बनाया। रक्तदान शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और मानव सेवा का परिचय दिया। इस अवसर पर स्वीट होम एवं हरिलाल की ओर से स्वादिष्ट अल्पाहार की व्यवस्था की गई। लायंस क्लब ऑफ पाटलिपुत्र आस्था निरंतर समाजसेवा एवं मानवीय कार्यों के लिए समर्पित है और भविष्य में भी ऐसे जनकल्याणकारी कार्यक्रम आयोजित करता रहेगा।

## रेखा हटाओ मसौढ़ी बचाओ अभियान को लेकर राजद कार्यकताओं की बैठक

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढी विधानसभा चुनाव से पहले मसौढी विधानसभा क्षेत्र में राजद पार्टी में कुछ ठीक-ठाक नहीं चल रहा है। दरअसल मसौढी विधानसभा में राजद कार्यकर्ता दो खेमों में बट गए हैं। एक खेमा विधायक के पक्ष मे है तो दुसरा खेमा विधायक के विरोध मे है।जहां विरोधी खेमा के लोग रेखा हटाओ मसौढ़ी बचाओ अभियान चलाकर लगातार अपना पुरजोर विरोध जाता रहे हैं। ऐसे में शनिवार को बरनी रोड स्थित बैठक आहूत की गई जिसकी अध्यक्षता सूरजदेव प्रसाद यादव ने की, संचालन नगर अध्यक्ष वीरेंद्र उर्फ किरी यादव ने की मौके पर मनोज मुखिया,संटू यादव, लाल बिहारी यादव, धनी सिंह यादव,



पंचायत मुखिया प्रतिनिधि अजीत कुमार, संतोष अनमोल, के अलावा सैकडों लोग बैठक में शामिल हुए। बैठक में विधायक रेखा देवी के पिछले दस वर्षो के कार्य व्यवहार की चर्चा की गई, कई वक्ताओं ने कहा कि विधायक रेखा देवी सभी पदाधिकारीयों के दलाल बन गए हैं सिस्टम में लड़ने के बजाय सिस्टम से दलाली का पैसा इकट्ठा कर रहे हैं।और किसी भी कार्यकताओं के मान सम्मान का ख्याल नही रखते है।इस लिए हमसबों ने संकल्प लिया है की गांव गांव मे इसका पुरजोर विरोध होगा,और राजद पार्टी के आलाकमान को इसकी सूचना दि जायेगी, की मसौढी विधानसभा मे इस बार रेखा देवी को टिकट नही दिया जाये,और अगर हमसभी कार्यकताओं की बात नही मानी गई तो हमसभी या तो वोट नही करेंगे या फिर वोट विरोध मे जायेगा, और मसौढी से हजारों की संख्या मे तेजस्वी यादव से मिलेगें और मसौढी से रेखा देवी को टिकट नही देने का अपिल करेगें।बैठक मे अरूण कुमार, उमेश यादव, अरुण यादव, अश्विनी यादव, जितेंद्र कुमार यादव, कृष्ण यादव, राजनंदन यादव,दिलखुश यादव,चंदन कुमार, सतिश कुमार, कौशल कुमार, ई.नंदकिशोर,बल्लम यादव,डॉ संजय,संजीव कुमार, मृत्युंजय पेरियार समेत सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल रहे।

## चुनाव से पहले मसौढ़ी में दो खेमों मे बंटा राजद, मसौढ़ी विधायक रेखा देवी के कार्य व्यवहार की समीक्षा

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी विधानसभा चुनाव से पहले मसौढी विधानसभा क्षेत्र में राजद पार्टी में कुछ ठीक-ठाक नहीं चल रहा है। दरअसल मसौढी विधानसभा में राजद कार्यकर्ता दो खेमों में बट गए हैं। एक खेमा विधायक के पक्ष मे है तो दुसरा खेमा विधायक के विरोध मे है।जहां विरोधी खेमा के लोग रेखा हटाओ मसौढ़ी बचाओ अभियान चलाकर लगातार अपना पुरजोर विरोध जाता रहे हैं। ऐसे में बरनी रोड स्थित बैठक आहूत की गई जिसकी अध्यक्षता सूरजदेव प्रसाद यादव ने की, संचालन नगर अध्यक्ष वीरेंद्र उर्फ किरी यादव ने की मौके पर मनोज मुखिया,संटू यादव, लाल बिहारी यादव, धनी सिंह यादव, पंचायत मुखिया प्रतिनिधि अजीत कुमार, संतोष अनमोल, के अलावा सैकडों लोग बैठक में शामिल हुए। बैठक में विधायक रेखा देवी के पिछले दस वर्षो के कार्य व्यवहार की चर्चा की गई, कई वक्ताओं ने कहा कि विधायक रेखा देवी सभी पदाधिकारीयों के दलाल बन गए हैं सिस्टम में लड़ने के बजाय सिस्टम से दलाली का पैसा इकट्ठा कर रहे हैं।और किसी भी कार्यकताओं के मान सम्मान का ख्याल नही रखते है।इस लिए हमसबों ने संकल्प लिया है की गांव गांव मे इसका पुरजोर विरोध होगा।

# डुमरी रेलवे स्टेशन बना नाम का जंक्शन, नहीं रूकती एक्स. व कई मेमू ट्रेन, डेढ़ साल पहले बना था जंक्शन

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढी पटना गया रेलखंड का एक ऐसा रेलवे स्टेशन जो सिर्फ नाम का ही जंक्शन है. इसकी सूरत बदलने के लिए यहां डेढ साल पहले-मॉडलिंग का काम हुआ था, लेकिन आज तक यहां एक भी एक्सप्रेस ट्रेन नहीं रुकी. लोगों को कोसों दूर जाकर दूसरे स्टेशनों से लंबी दूरी की ट्रेन पकड़नी पड़ती है. इस जंक्शन पर एक्सप्रेस ट्रेन का टिकट भी नहीं कटता है।

डुमरी जंक्शन को चमकाने में रेलवे ने कोई कसर नहीं छोड़ी, लेकिन रेलवे की ये कवायद यात्रियों के काम नहीं आ रही है. डेढ साल पहले इस हॉल्ट को जकंशन का दर्जा दी गई थी। यहां कुल प्लेटफार्म बनाए गए. फिर भी इस जंक्शन पर सन्नाटा पसरा रहता है, क्योंकि यहां एक्सप्रेस ट्रेनें आज भी नहीं रुकतीं. यहां के लोगों को नजदीकी रेलवे स्टेशन पुनपुन जाकर लंबी




दूरी की ट्रेनें पकड़नी पड़ती हैं। स्थानीय निवासी सन्नी कुमार ने बताया कि डुमरी जंक्शन पर रांची जनशताब्दी एक्सप्रेस, कोसी सुपर एक्सप्रेस, पाटलिपुत्र गया एक्सप्रेस, पटना गया मेमू मेला स्पेशल, भभुआ रोड इंटरसिटी एक्सप्रेस, पटना सिंगरौली एक्सप्रेस, पलामू एक्सप्रेस, इस्लामपुर हटिया एक्सप्रेस, गंगा दामोदर एक्सप्रेस, जैसी लंबी दूरी की ट्रेनों की आज भी दरकार है. ये ट्रेनें यहां से गुजरती तो हैं, लेकिन रुकतीं नहीं. अगर ये ट्रेनें यहां रुकने लगें तो लोगों को दूसरे स्टेशनों पर जाने की जरूरत न पड़े. रेलवे से कई बार इस विषय में मांग की गई, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई।स्थानीय लोगों में कृष्ण प्रसाद यादव, केसरी नंदन कुमार, धर्मेंद्र कुमार, राम लखन यादव, अजय यादव, संगीता देवी,राजगीर यादव, मंटु यादव आदि ने बताया कि बीते 11 तीन 2024 को दानापुर रेल मंडल के अधिकारियों को लिखित मांग पत्र देकर डुमरी जंक्शन पर एक्सप्रेस ट्रेन को कटरा की मांग की गई थी लोगों ने बताया कि बिते 9 फरवरी 2024 को प्रधानमंत्री ने वर्चुअल इस जंक्शन का उद्घाटन किया था, लोगों को उम्मीद जगी थी कि अब कई एक्सप्रेस ट्रेन देखने को मिलेंगे, बावजूद डुमरी जंक्शन बनने के बावजूद आज भी यह हॉल्ट जैसा ही फितरत बनी है। वही डुमरी जंक्शन के स्टेशन मास्टर राजेश कुमार ने बताया कि कई एक्सप्रेस ट्रेनों का अभी तक ठहराव की स्वीकृति नहीं मिली है।

## डुमरी जंक्शन के दक्षिणी अंडरपास में भरा दो फीट पानी, आवागमन में बढ़ी परेशानी

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढी लगातार दो दिनों से हो रहे बारिश से पटना गया रेल खंड के जट डुमरी जंक्शन के दक्षिणी अंडरपास जो पटना गया रोड के समनचक गांव के ठीक सामने बेवपतरी नगर अंडरपास में लगातार हो रहे बारिश से लगभग डेढ़ से दो फीट पानी भर आया है। जिससे आवागमन प्रभावित हो रही है, और इस अंडरपास से तकरीबन आधा दर्जन गांवों के ग्रामीणों के आवाजाही में परेशानी बढ़ गई है, जिसमें इस अंडरपास से चानेडीह, जोलबीघा, बाकडपुर, मुस्तफापुर, घोपतपुर, डुमरी एवं सम्मनचक आदि गांव के लोगों के लिए यह आवागमन का रास्ता रहा है, जो बारिश होने से अंडरपास में पानी भर आया है जिसे न केवल वाहन चालकों को परेशानी बढ़ गई है।

# भारत में पहली बार आयोजित वैश्य महाकुंभ में उमड़ा जनसैलाब

## 25 वैश्य देवों का किया गया सामूहिक पूजन



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** भारत की सांस्कृतिक विरासत एवं सभ्यता संपूर्ण विश्व को ज्ञान देने वाली रही है, इतिहास बताता है कि इसमें वैश्य समुदाय का योगदान बहुत ही गौरवान्वित करने वाला रहा है। आज वैश्य उत्थान समिति द्वारा जालान सेफ, बेलवर गंज पटना सिटी में आयोजित सामूहिक वैश्य देव पूजन महाकुंभ के आयोजन में सभी को यह देखने को मिला। महाकुंभ में 25 वैसे देव का पूजन किया गया जिनके द्वारा भारतीय संस्कृति में समाज को अद्‌भुत प्रेरणा देने का कार्य किया। वैसे राजाओं की प्रतिमा भी स्थापित की गई जिनके द्वारा की गयी कुशल शासन व्यवस्था भी हमें गौरवांवित करती है। वैश्य समुदाय के लोगों में वाक्‌पटुता, नेतृत्व की क्षमता, शासन कला एवं सभी के साथ सामंजस्य बैठाने की नैसर्गिक गुण होती है। यह सब कुछ आज के कार्यक्रम में हजारों वैश्य समाज के लोगों की उपस्थिति में सभी तीस वैश्य उपजाति के एक-एक वक्ता के मुखारविंद से सुनने एवं जानने को मिला। कार्यक्रम का उद्घाटन वैश्य समाज के मशहूर चिकित्सक डॉ सर्वदेव प्रसाद गुप्त जी सहित दर्जनों गणमान्य के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में वैश्य देव गाथा पुस्तक के विमोचन के साथ ही सभी वैश्य के आराध्य के देव फोटो का अनावरण एवं वितरण भी किया गया। संयोजक डॉ अजय प्रकाश द्वारा शुरुआत में ही विषय प्रवेश कराते हुए बताया गया कि समाज की संपूर्ण व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए वैश्य समाज के व्यक्तियों को संभाल कर रखने की आवश्यकता है क्योंकि जीवनोपयोगी रोटी, कपड़ा और मकान के साथ शिक्षा, रोजगार, स्वास्थ्य सभी की सटीक उपलब्धता में वैश्य का अद्‌भुत योगदान रहता है। वैश्य को नजरअंदाज करने पर समाज के विकास में रुकावट आ सकती है। डॉ अजय प्रकाश ने यह भी बताया कि समाज के सर्वांगीण विकास के लिए वैश्य समुदाय के लोगों को सुरक्षा प्रदान कराने के साथ-साथ सामाजिक, प्रशासनिक, राजनीतिक क्षेत्र में महत्व देने की आवश्यकता है। कार्यक्रम में वैश्य समाज के कलाकारों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति की गई जिसने हजारों लोगों के मनमोहने का कार्य किया। स्वागत गान शांभवी प्रकाश ने किया। कार्यक्रम में वरिष्ठ समाजसेवी वीणा प्रकाश, विकास कुमार मौड़ीवाल, गौरव अग्रवाल, शिवकुमार बरनवाल, रामस्वरूप मालाकार, लल्लू शर्मा, भावना शर्मा, रत्नेश कुमार गुप्ता, डॉ प्रवीण साहू, रघुनाथ सोनेवाल, ललित अग्रवाल, पप्पू खत्री, नवीन रस्तोगी, रीता जैन, डॉ सरिता रोहतगी, बृजेश बाबू चौरसिया, राजू गुप्ता, जगरनाथ गुप्ता, अनु कसेरा, आरती जायसवाल, विनोद किसलय, पंकज गुप्ता, कांति केसरी, जगनारायण केसरी सहित साठ लोगों को वैश्य विभूषण सम्मान से सम्मानित किया गया। भारत में पहली बार आयोजित सामूहिक वैश्य देव पूजन में भगवान श्री राम, मां लक्ष्मी, श्री गणेश, सूर्य देव, विश्वकर्मा भगवान, शीतला माता, महाराजा अहिबरन, महाराजा अग्रसेन, भगवान बलभद्र, सहस्त्रबाहु अर्जुन, भामाशाह, हेमचंद्र विक्रमादित्य, भगवान महावीर सहित 25 आराध्य देव की पूजन में हजारों लोगों का जन सैलाब उमड़ पड़ा। दस हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने आशीर्वाद लेते हुए भंडारा प्रसाद ग्रहण किया। सभी ने एक स्वर से कहा ऐसा अद्‌भुत, विहंगम एवं ऐतिहासिक पूजन पहली बार देखने को मिला है। वैश्य एक हैं तो सर्वश्रेष्ठ हैं। कार्यक्रम को सुंदर बनाने में वीणा प्रकाश, विकास कुमार मौड़ीवाल, गौरव अग्रवाल, सर्व प्रकाश, अरुण मालाकार, कोमल बरनवाल, दीपक बरनवाल, दिलीप कुमार गुप्ता, नारायण प्रकाश शाह, शम्मी रोहतगी, मनीष कांस्यकार, सरोज जायसवाल, मोहित मौड़ीवाल, विकास कुमार गुप्ता, डॉ आर के गुप्ता का योगदान बहुत सराहनीय रहा।

# सार्वजनिक वितरण प्रणाली अब हुई और अधिक पारदर्शी

## राशन अभिलेखों का हुआ डिजिटलीकरण एवं आधुनिकीकरण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार सरकार द्वारा सार्वजनिक वितरण प्रणाली को अधिक पारदर्शी, जवाबदेह एवं सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। राशन अभिलेखों का डिजिटलीकरण एवं आधुनिकीकरण किए जाने से अब राशन कार्डधारियों के अभिलेखों का रख-रखाव पूरी तरह इलेक्ट्रॉनिक प्रणाली से किया जाएगा। इससे लाभार्थियों को समय पर खाद्यान्न की उपलब्धता सुनिश्चित होगी तथा विभागीय नियंत्रण व्यवस्था और मजबूत बनेगी। खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग की इस पहल से जहां भ्रष्टाचार और अनियमितताओं पर रोक लगेगी, वहीं उपभोक्ताओं के अधिकार और अधिक सुरक्षित होंगे।

**सार्वजनिक वितरण प्रणाली की दुकानों की नई कार्यावधि**

विभाग द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार राज्य भर की सभी सार्वजनिक वितरण प्रणाली की दुकानें अब सप्ताह में हर सोमवार बंद रहेंगी। इसके अतिरिक्त राष्ट्रीय पर्व एवं प्रमुख त्यौहारों के अवसर पर भी दुकानें बंद रहेंगी। इन विशेष अवसरों पर दुकानों के बंद रहने की अनुमति होगी- 15 अगस्त (स्वतंत्रता दिवस), 26 जनवरी (गणतंत्र दिवस), 2 अक्टूबर (गांधी जयंती), होली, छठ पूजा, दुर्गा पूजा (नवमी एवं दशमी) एवं ईद शेष सभी दिनों में निर्धारित समय पर सभी जन वितरण प्रणाली दुकानों का संचालन सुनिश्चित किया जाएगा।

# पटना में जेनिसिस ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस एंड स्कूल्स का आयोजन



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** शिक्षा के महत्व और करियर मार्गदर्शन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जेनिसिस ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स एंड स्कूल्स द्वारा आज सहज हवेली, अशियाना दीघा रोड, पटना पर करियर ग्रोथ प्लान डिस्कशन -पावर ऑफ एजुकेशन विषय पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अभिजीत कौर, डिप्टी सुपरिटेंडेंट ऑफ पुलिस, पटना उपस्थित रहीं। साथ ही जितेंद्र सिंह (मैनेजिंग डायरेक्टर, जेनिसिस ग्रुप), प्रकाश जोशी (डायरेक्टर, करनाल इंटरनेशनल स्कूल), प्रसिद्ध मोटिवेशनल स्पीकर आचार्य पवन त्रिपाठी, समाजसेवी देविंद्र मोहन जी और अन्य गणमान्य अतिथि मौजूद रहे। इस अवसर पर एआइआइएमएस पटना और एनआइटी पटना के प्रतिभाशाली छात्रों को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि अभिजीत कौर ने कहा बिहार की धरती मेहनतकश लोगों की है और अपने मेहनत और पढ़ाई के दम पर आज उच्च पदों पर आसीन हैं। उन्होंने कहा कि हमें महिला सशक्तिकरण पर भी जोर देना चाहिए और यहां की छात्राओं को और अच्छे से शिक्षित करके आत्मनिर्भर बनाया जाए। इस अवसर पर जेनिसिस ग्रुप के मैनेजिंग डायरेक्टर जितेंद्र सिंह ने कहा बिहार के लोग अपने बच्चों को पढ़ाने के लिए सब कुछ लगा देते है खाने को भरपेट खाना मिले या न मिले लेकिन बच्चों को अवश्य पढ़ाते है इसलिए सबसे ज्यादा आइएएस/आइपीएस में चयन बिहार से होता है, अब यहां के ज्यादा बच्चे आइआइटी और एआइआइएमएस में जा रहे है। अपनी मेहनत से बिहार के लोग पूरे देश को चला रहे हैं। उन्होंने कहा जेनिसिस ग्रुप के स्कूल करनाल इंटरनेशनल (बोर्डिंग) स्कूल में 400 से ज्यादा बच्चे बिहार से पढ़ाई कर रहे हैं जो आगे चल कर डॉक्टर और इंजीनियर बनने के लिए एआइआइएमएस और आइआइटी में जायेंगे। कार्यक्रम का मंच संचालन प्रसिद्ध मोटिवेशनल स्पीकर आचार्य पवन ने किया। इस अवसर पर उन्होंने बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ मानसिक संतुलन बनाए रखने के सूत्र भी बताए और समय का सही उपयोग करके बिना किसी दबाव के जीवन में सफल होने के तरीके भी बताए। कार्यक्रम में समाजसेवी देवेंद्र मोहन सिंह, धीरज कुमार, रणजीत, राकेश कुमार, मणि शंकर सिंह, मोहम्मद अजमुद्दीन, राजा मंडल और राज भूषण ठाकुर ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। करनाल इंटरनेशनल स्कूल के डॉयरेक्टर प्रकाश जोशी व मार्केटिंग मैनेजर संजय कुमार ने कार्यक्रम में आए सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

# स्थायी अमीनों की वरीयता सूची पर फौरन दें जानकारी

## सभी जिलों और निदेशालयों से विहित प्रपत्र पर सूचना अविलंब उपलब्ध कराने का निर्देश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** नियमित अमीनों की वरीयता सूची तैयार करने की दिशा में कदम तेज कर दिए गए हैं। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के अपर सचिव डॉ. महेन्द्र पाल ने इस संबंध में सभी समाहर्ताओं, भू-अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय, भू-अर्जन निदेशालय और चकबंदी निदेशालय के निदेशकों को पत्र भेजा है। पत्र में उल्लेख किया गया है कि हाल ही में बिहार अमीन संवर्ग नियमावली, 2025 का गठन किया गया है। इसके प्रावधानों के तहत जिला, भू-अर्जन, चकबंदी एवं भू-अभिलेख और परिमाप निदेशालय में कार्यरत नियमित अमीनों का एकीकृत संवर्ग बनाया जाना है। साथ ही विभाग स्तर पर इनकी वरीयता सूची का संधारण भी किया जाना है। विभाग ने 6 अगस्त को ही सभी अधिकारियों से विहित प्रपत्र में आवश्यक प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया था, किंतु अब तक यह सूचना प्राप्त नहीं हो पाई है। इस पर गंभीरता दिखाते हुए विभाग ने एक बार फिर सभी जिलों और निदेशालयों से तत्काल रिपोर्ट भेजने का अनुरोध किया है। अपर सचिव ने कहा है कि नियमित अमीनों से संबंधित प्रतिवेदन शीघ्र उपलब्ध कराया जाए, ताकि वरीयता सूची का निर्धारण समय पर किया जा सके। उन्होंने इस कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता से निपटाने का निर्देश दिया है।

**क्या है मामला?**

बिहार सरकार ने हाल ही में बिहार अमीन संवर्ग नियमावली, 2025 का गठन किया है। इसके तहत जिला, भू-अर्जन, चकबंदी और भू-अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय में कार्यरत सभी नियमित अमीनों को एकीकृत संवर्ग में शामिल किया जाएगा। विभागीय स्तर पर इनकी वरीयता सूची तैयार करना जरूरी है।

**क्यों अहम है यह सूची?**

अमीनों की पदोन्नति और सेवा व्यवस्था इसी सूची पर आधारित होगी। संवर्ग का एकीकरण होने से पारदर्शिता और एकरूपता सुनिश्चित होगी।

# पहले अपने दल के नेताओं को सिद्दिकी पढ़ाएं सेक्यूलरिज्म : संतोष सुमन

## विवादास्पद बयान के लिए राजद नेता माफी मांगे



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** हम के राष्ट्रीय अध्यक्ष व लघु जल संसाधन मंत्री डॉ. संतोष सुमन ने राजद नेता व पूर्व मंत्री अब्दुल बारी सिद्दीकी के दरभंगा में दिए गए विवादास्पद बयानों की निंदा करते हुए कहा है कि हिंदुओं को नहीं, पहले अपने दल के नेताओं को उन्हें सेक्यूलरिज्म का पाठ पढ़ाना चाहिए। डॉ. सुमन ने कहा कि जातिवाद का जहर फैलाने और तुष्टिकरण की राजनीति करने वाले लोगों को सेक्युलरिज्म पर प्रवचन देने का कोई नैतिक हक नहीं है। रामायण जलाने, प्रभु श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा समारोह का बहिष्कार करने वालों और वोटों के ध्रुवीकरण के लिए समाज को बांटने की राजनीति करने वालों की असलियत जनता अच्छी तरह से जानती है। उन्होंने कहा कि इस देश के बहुसंख्यक समाज की सहिष्णुता हमेशा से असंदिग्ध रही है। संविधान को रौंद कर देश में तानाशाही थोपने वाली और लोकतंत्र को लहूलुहान करने वाली कांग्रेस के साथ रह कर राजद नेता को देश के कन्स्टीच्यूशन की दुहाई देना शोभा नहीं देता है। डॉ. सुमन ने कहा है कि अपने शासनकाल के 15 वर्षों में राजद ने जिस तरह से समाज को विभाजित कर द्वेष व वैमनस्यता की राजनीति की, उसका सबसे ज्यादा शिकार समाज का वंचित, दलित तबका ही हुआ। ऐसे में राजद नेता को अपने विवादास्पद बयान के लिए माफी मांगनी चाहिए।

# सीमांचल का विकास नीतीश कुमार का विजन : राजीव रंजन प्रसाद



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** जद(यू) राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद ने मीडिया में जारी बयान में कहा कि बिहार की जनता भली-भांति जानती है कि कांग्रेस और राजद की सरकारों ने राज्य के मखाना उत्पादकों और वंचित तबकों की कभी परवाह नहीं की। राष्ट्रीय मखाना अनुसंधान केंद्र का दर्जा छीनना और फंड रोक देना इसी की गवाही देता है जबकि अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार में मंत्री रहते हुए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने ही 2002 में दरभंगा में राष्ट्रीय मखाना अनुसंधान केंद्र की स्थापना करवाई थी। आज उसी केंद्र से उच्च प्रजाति के बीज निकलकर मखाना उत्पादन दोगुना कर रहे हैं। राज्य सरकार की 'मखाना विकास योजना' के अंतर्गत किसानों को 75 प्रतिशत तक की अनुदान सहायता, प्रशिक्षण और एफपीओ के जरिए बाजार तक पहुंच का लाभ मिल रहा है। यही प्रयास है जिसके कारण मिथिला मखाना को जीआई टैग मिला और अब यह सुपरफूड दुनिया भर की थालियों तक पहुंच रहा है। प्रधानमंत्री से लेकर वित्त मंत्री तक ने इसे वैश्विक ब्रांड बनाने की दिशा में ठोस कदम उठाए हैं, मखाना बोर्ड की स्थापना इसका प्रमाण है जहां कांग्रेस-राजद की सरकारों ने केवल उपेक्षा की, वहीं एनडीए की डबल इंजन सरकार ने किसानों के जीवन में बदलाव लाया है। इसी प्रकार सामाजिक न्याय के सवाल पर भी विपक्ष का दोगलापन साफ है। राहुल गांधी आज सीमांचल में जो भी बयान दें, सच्चाई यह है कि दलितों और अतिपिछड़ों को दबाकर दशकों तक रखने का काम कांग्रेस ने ही किया। पिछड़ा आयोग को संवैधानिक दर्जा तक देने से कांग्रेस की सरकारें कतराती रहीं। वहीं, दलितों में 'महादलित' और पिछड़ों में 'अति पिछड़ा' का वर्गीकरण कर उन्हें योजनाओं से जोड़ने और सत्ता में हिस्सेदारी सुनिश्चित करने का ऐतिहासिक काम मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने किया। महादलित विकास मिशन, पंचायती राज में आरक्षण, शिक्षा व व्यावसायिक प्रशिक्षण, सिविल सेवा प्रोत्साहन योजना, विकास मित्रों की नियुक्ति, इन तमाम पहलों ने वंचित तबकों को नई पहचान और नया आत्मविश्वास दिया है। सीमांचल का विकास भी विपक्ष को रास नहीं आ रहा। लेकिन सच्चाई यह है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में सीमांचल अब उपेक्षा का प्रतीक नहीं, बल्कि अवसरों की नई भूमि बन चुका है। चमचमाती सड़कें, विश्वविद्यालय, मेडिकल कॉलेज, इंजीनियरिंग और कृषि कॉलेजों की स्थापना से शिक्षा और स्वास्थ्य की तस्वीर बदली है। कोसी-मेची लिंक परियोजना, महासेतु, ग्रामीण सड़कें, पूर्णिया एयरपोर्ट जैसी परियोजनाओं ने कनेक्टिविटी और विकास को नई गति दी है।

# राजनीतिक रोजगार की तलाश में घूम रहे हैं राहुल-तेजस्वी : नितिन नवीन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पथ निर्माण मंत्री एवं बांकीपुर से विधायक नितिन नवीन ने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी और राजद नेता तेजस्वी यादव केवल अपनी राजनीतिक बेरोजगारी छुपाने के लिए 'वोट बैंक बचाओ यात्रा' निकाल रहे हैं। मंत्री नितिन नवीन ने तंज कसते हुए कहा कि राहुल गांधी जहां भी घूमते हैं, वहां का सीधा लाभ एन.डी.ए को मिलता है। मेरा तो आग्रह है कि राहुल गांधी थोड़ा और बिहार घूमें ताकि इसका और फायदा एन.डी.ए को मिल सके। नितिन नवीन ने सवाल उठाया कि जब डॉ. मनमोहन सिंह प्रधानमंत्री थे, तब राहुल गांधी को बिहार क्यों नहीं दिखा? उस समय बिहार की योजनाओं की चिंता क्यों नहीं की गई? बिहार के युवाओं के रोजगार के बारे में क्यों नहीं सोचा गया और आज जब कुछ देने को बचा ही नहीं, तब बिहार की जनता से वोट मांगने निकल पड़े हैं। यह उनकी राजनीतिक बेरोजगारी का साफ प्रमाण है। मंत्री नितिन नवीन ने कहा कि राहुल गांधी और तेजस्वी यादव दोनों ही अपने-अपने 'राजनीतिक रोजगार' की तलाश में बिहार घूम रहे हैं। लेकिन यह स्पष्ट कर देना चाहता हूं कि इस बार बिहार की जनता इन्हें कोई नया रोजगार नहीं देने वाली।

# वेद को पढ़े बिना नागरिक को भारतीय संस्कृति का ज्ञान नहीं

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**पटना।** समग्र संस्कृत विकास समिति बिहार राज्य इकाई द्वारा आयोजित वार्षिक सम्मान समारोह बिहार इंडस्ट्रीयल एशोसिएशन सभागार पटना में सम्पन्न हुआ। समग्र विकास समिति के संयोजक प्रो. मिथिलेश कुमार तिवारी ने आगत अतिथियों का स्वागत किया तथा मंच का संचालन विहार संस्कृत संजीवन समाज के महासचिव डॉ. मुकेश कुमार ओझा ने संस्कृत में किया। आगत अतिथियों में उद्घाटनकर्ता प्रो. आर. के.सिंह पूर्व कुलपति, पाटलिपुत्रा विश्वविद्यालय, पटना मुख्य अतिथि के रूप में प्रो. उपेन्द्र प्रसाद सिंह, वर्तमान कुलपति पाटलिपुत्रा विश्विद्यालय, पटना, मुख्य वक्ता देव नारायण झा पूर्व कुलपति, संस्कृत विश्विद्यालय, दरभंगा सान्निध्य भाषण में प्रो. ओम प्रकाश शर्मा, ट्रेगौर फेलो, शिमला, विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. नवल किशोर यादव, विधान पार्षद राजेश कुमार सिंह, समाजसेवी, डॉ. मनोज कुमार झा प्राचार्य, राजकीय संस्कृत महाविद्यालय, पटना शिवकांत तिवारी, राष्ट्रीय सचिव भारत तिब्बत सहयोग मंच एवं प्रो. डी. पी. श्रीवास्तव पूर्व विभागाध्यक्ष, प्राकृत, बी. डी.कॉलेज, पटना भी उपस्थित थे। धन्यवाद ज्ञापन डॉ. ज्योति शंकर सिंह ने किया। कार्यक्रम का प्रारंभ वैदिक मंगलाचरण से हुआ जिसकी प्रस्तुति शशिकांत मिश्र ने किया। कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए प्रो. आर. के सिंह ने संस्कृत में लिखित नीतिशास्त्र एवं धर्मशास्त्र की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रो. आर. सी. सिन्हा ने संस्कृत को दर्शन की जननी कहा। मुख्य अतिथि प्रो. उपेन्द्र प्रसाद सिंह ने संस्कृत में लिखित प्राचीन शल्य चिकित्सा पर विस्तृत प्रकाश डाला। अपने उद्‌बोधन में मुख्य वक्ता प्रो. देवनारायण झा ने कहा कि वेद को पढ़े बिना नागरिक को भारतीय संस्कृति का ज्ञान नहीं हो सकता है।

# बक्सर से किउल एवं दानापुर से झाझा के मध्य पूजा स्पेशल ट्रेनों का परिचालन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हाजीपुर।** आगामी पर्व त्यौहारों के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ के मद्देनजर उनकी सुविधा हेतु बक्सर से किउल एवं दानापुर से झाझा के मध्य एक-एक पूजा स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जा रहा है जिनका विवरण निम्नानुसार है -गाड़ी सं. 03208/03207 बक्सर-किउल-बक्सर पूजा स्पेशल - गाड़ी सं. 03208/03207 बक्सर-किउल-बक्सर पूजा स्पेशल 25.08.2025 से 29.11.2025 तक रविवार को छोड़कर सप्ताह में छः दिन परिचालित की जाएगी। गाड़ी सं. 03208 बक्सर-किउल पूजा स्पेशल बक्सर से 05.40 बजे खुलकर 06.46 बजे आरा, 08.10 बजे पटना, 09.35 बजे बख्तियारपुर, 10.18 बजे मोकामा सहित अन्य स्टेशनों पर रुकते हुए 11.35 बजे किउल पहुंचेगी। वापसी में गाड़ी सं. 03207 किउल-बक्सर पूजा स्पेशल किउल से 14.40 बजे खुलकर 15.18 बजे मोकामा, 16.00 बजे बख्तियारपुर, 17.35 बजे पटना जं., 18.43 बजे आरा रुकते हुए 20.35 बजे बक्सर पहुंचेगी। इस स्पेशल में साधारण श्रेणी के 18 कोच एवं एसएलआर के 02 कोच सहित कुल 20 कोच होंगे। अप एवं डाउन दिशा में यह स्पेशल बक्सर और किउल के मध्य डुमरांव, रघुनाथपुर, बिहिया, आरा, कुलहड़िया, बिहटा, दानापुर, पटना, राजेन्द्रनगर, गुलजारबाग, पटना साहिब, फतुहा, हरदास बिघा, खुसरूपुर, करौटा, टेका बिघा, बख्तियारपुर, अथमलगोला, बाढ़, मोकामा, हाथीदह, बड़हिया, डुमरी हाल्ट एवं लक्खीसराय स्टेशनों पर रूकेगी।

# मारवाड़ी हेल्थ सोसाइटी ने विभिन्न बीमारियों की कराई नि:शुल्क जांच



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मारवाड़ी हेल्थ सोसाइटी, रोड नंबर 7, राजेन्द्रनगर, पटना द्वारा रविवार को एक दिवसीय नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। मौके पर अध्यक्ष राधेश्याम बंसल ने बताया कि इस शिविर में आंख रोग के अतिरिक्त पेट रोग, हृदय रोग की जांच भी हुई तथा सम्बंधित ब्लड एवं अन्य जांच भी की गई। मौके पर कार्यकारी अध्यक्ष हनुमान गोयल ने कहा कि आंख जांच शिविर में आंख रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रवीण ने 63 से अधिक मरीजों की जांच की। जांच के दौरान 10 मरीज का मोतियाबिंद बढ़ा हुआ पाया गया जिसकी नि:शुल्क ऑपरेशन कराया जाएगा। सभी प्रभावित मरीजों को उचित परामर्श, दवा और आगे के उपचार की सलाह दी गई। गोयल ने बताया कि शिविर में प्रसिद्ध पेट रोग विशेषज्ञ डॉ अमित बंका द्वारा करीब 50 से अधिक मरीजों के पेट की बीमारी की जांच की गई जिसमें 38 मरीजों में पेट की विभिन्न बीमारी पाई गई। एक मरीज के गालब्लैडर में स्टोन का भी पता चला। इसके अतिरिक्त हृदय रोग की जांच प्रसिद्ध हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ विनीत कुमार द्वारा 25 से अधिक मरीजों की जांच कर उन्हें सलाह एवं दवा दी गई। मरीजों के खून एवं अन्य जांच सोसायटी के लैब में डॉ सलोनी द्वारा किया गया। मौके पर सचिव दिनेश अग्रवाल ने बताया कि कल सोमवार 25 अगस्त को संध्या चार बजे से प्रसिद्ध पेट रोग विशेषज्ञ डॉ अमित बंका द्वारा फाइब्रोस्कैन जांच शिविर आयोजित होगा। मारवाड़ी हेल्थ सोसाइटी के सचिव दिनेश अग्रवाल ने बताया कि संस्था का उद्देश्य समाज के वंचित और जरूरतमंद वर्गों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना है।

# वोटर अधिकार यात्रा पूरी तरह फ्लॉप : रामकृपाल यादव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पूर्व केंद्रीय मंत्री और भाजपा के नेता रामकृपाल यादव ने कहा कि वोटर अधिकार यात्रा बिहार के लोगों के आंखों में धूल झोंकने के लिए है। किसी राजनीतिक दल ने अभी तक चुनाव आयोग के पास कोई शिकायत नहीं दर्ज की है कि किसी व्यक्ति का नाम कट गया है। मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि राहुल गांधी बिहार की जनता को मूर्ख बनाने के लिए यात्रा निकाल कर इसे इश्यू बनाना चाहते हैं। राजद के तेजस्वी यादव बिना किसी शर्त के प्रधानमंत्री बनाने के लिए लालायित है, इसके लिये जनता से समर्थन भी मांग रहे, लेकिन तेजस्वी को मुख्यमंत्री बनाने से राहुल गांधी इनकार कर रहे। उन्होंने राहुल गांधी द्वारा एक अध्यादेश की कॉपी फाड़ने की चर्चा करते हुए कहा कि राजद और कांग्रेस में कभी नहीं बनी है। राहुल गांधी कभी भी तेजस्वी को सीएम नहीं बनाएंगे। अगला मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ही बनेंगे। तेजस्वी यादव खुद मुख्यमंत्री बनते रहे हैं, होना कुछ नहीं है। निर्दलीय सांसद पप्पू यादव के बयान को लेकर पाटलिपुत्र के पूर्व सांसद रामकृपाल यादव ने कहा कि वे खबरों में बने रहते हैं, उनके बयान का कोई मतलब नहीं। दावा करते हुए कहा कि राजद में अब कुछ नहीं बचा है। लालू यादव और उनकी पार्टी हाशिये पर चले गये हैं। उन्होंने कहा कि वोटर अधिकार यात्रा को पूरी तरह फ्लॉप बताते हुए कहा कि जनता इन्हें रिजेक्ट कर चुकी है।

# राहुल गांधी कुछ भी बोलें और देश बर्दाश्त करे, यह नहीं होगा: रविशंकर प्रसाद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** भाजपा के नेता और पटना साहिब के सांसद रविशंकर प्रसाद ने आज कांग्रेस के नेता राहुल गांधी के 'वोट चोरी' के आरोपों पर पलटवार करते हुए तथ्यों के साथ जवाब दिया है। भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित एक प्रेस वार्ता में उन्होंने कहा कि 2024 के लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी को 37, भाजपा को 33 तथा कांग्रेस को छह सीटें मिली थीं। इस चुनाव में भी यही चुनाव आयोग था जब उनके पक्ष में जनता वोट दे तो चुनाव आयोग ठीक और जब वोट नहीं मिले तो चुनाव आयोग खराब, यह कैसे चलेगा? पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने लोकसभा चुनाव में महाराष्ट्र का उदाहरण देते हुए कहा कि वहां कांग्रेस को 13 सीट मिली, भाजपा को नौ सीट मिली, शिवसेना को नौ और एनसीपी को आठ सीटें मिलीं। यही बड़ा सवाल है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की हिमाचल प्रदेश, तेलंगाना में सरकार बनी, तो क्या वहां चुनाव आयोग नहीं था?

उन्होंने कहा कि अगर राहुल गांधी को जनता वोट नहीं देती है तो कोई क्या करेगा? हरियाणा विधानसभा, दिल्ली, महाराष्ट्र में विधानसभा में भाजपा की जीत हुई क्योंकि जनता ने राहुल गांधी के झूठ को पहचान लिया था। उन्होंने साफ लहजे में कहा कि राहुल गांधी हर संवैधानिक संस्थाओं पर बेशर्मी से आरोप लगाते रहे हैं। आज चुनाव आयोग है, इसके पहले चौकीदार चोर है की भी बात की थी। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने चुनाव आयोग, मीडिया, प्रधानमंत्री किसी को नहीं छोड़ा है, लेकिन उन्हें समझना चाहिए कि आप कुछ भी बोले और देश बर्दाश्त करे, यह नहीं होगा।

उन्होंने कहा कि इन दिनों वे बिहार में आकर लोगों को बरगला रहे हैं और बेबुनियाद आरोप लगा रहे हैं। तेजस्वी यादव को लेकर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री को लेकर जिस भाषा का वे इस्तेमाल कर रहे हैं, वह सही नहीं है। उन्होंने कहा कि देश की जनता तीन बार उन्हें प्रधानमंत्री बनाया है। प्रधानमंत्री को 'झूठ'बोलने के लिए उन्हें माफी मांगनी चाहिए। उन्होंने नसीहत देते हुए कहा कि राहुल गांधी की संगत में आप उनकी चाल न चलिए। भाजपा नेता रविशंकर प्रसाद ने एसआईआर को लेकर कहा कि चुनाव आयोग ने आज कहा है कि मतदाताओं में 98 प्रतिशत से ज्यादा लोगों ने कागजात जमा कर दिए हैं।

## संपादकीय

# पैसों से जुड़े ऑनलाइन खेलों की काली दुनिया

इसमें कोई दोराय नहीं कि इंटरनेट के विस्तार के मौजूदा दौर में शायद ही कोई क्षेत्र बचा है, जिसमें इसकी भूमिका महत्त्वपूर्ण नहीं हो गई हो। मगर जितने व्यापक स्तर पर इसके सकारात्मक उपयोग का दायरा बढ़ा है, उसी के समांतर कुछ ऐसे क्षेत्र भी अपने पांव फैला रहे हैं, जो न केवल सामाजिक ढांचे को और आर्थिक रूप से नुकसान पहुंचा रहे हैं, बल्कि बड़ी संख्या में लोग मनोवैज्ञानिक रूप से भी बुरी तरह प्रभावित हो रहे हैं। 'ऑनलाइन रियल मनी गेमिंग' यानी धन आधारित ऑनलाइन खेल एक ऐसा ही चलन है, जिसने अब मनोरंजन की सीमा को पार करते हुए पैसे कमाने के लालच से उपजी लत और आर्थिक नुकसान का जटिल स्वरूप ग्रहण कर लिया है। भारी तादाद में लोग इसके जाल में फंस रहे हैं और अपनी मेहनत की कमाई गंवा रहे हैं। इसे लेकर पिछले काफी समय से चिंता जताई जा रही है, लेकिन सरकार ने इस पर लगाम लगाने या इसे विनियमित करने के बजाय इसके दूरगामी असर की अनदेखी की। इसके नतीजे अब खुल कर सबके सामने आ रहे हैं और चिंता की वजह बन रहे हैं। इसकी वजह से होने वाले नुकसान का दायरा व्यापक होते जाने के बाद अब जाकर खुद सरकार ने भी माना है कि 'ऑनलाइन रियल मनी गेमिंग' समाज के लिए एक बड़ी समस्या बन चुकी है और इस पर लगाम लगाना वक्त की जरूरत है। अनुमान यह लगाया गया है कि धन-आधारित ऑनलाइन खेलों के चक्कर में करीब पैंतालीस करोड़ लोग हर वर्ष लगभग बीस हजार करोड़ रुपए गंवा देते हैं। इसकी लत की वजह से अब तक सैकड़ों परिवार आर्थिक रूप से बर्बाद हो चुके हैं। त्रासद पक्ष यह भी है कि इस लत की वजह से ऑनलाइन खेलों के जरिए लोग पैसे कमाने की भूख में लगातार हारते जाते हैं और बाद में कई लोग आत्महत्या और हिंसा जैसा गंभीर कदम भी उठा लेते हैं। इसके नुकसानों को लेकर चिंता पहले भी जताई जाती रही है, अब देर से सही, लेकिन सरकार ने गेमिंग उद्योग के एक हिस्से से मिलने वाले राजस्व के सवाल को फिलहाल पीछे छोड़ते हुए समाज कल्याण को प्राथमिकता देना तय किया है। इस क्रम में ऑनलाइन गेम को विनियमित करने एवं शैक्षिक और सामाजिक आनलाइन खेलों को बढ़ावा देने वाले एक विधेयक को लोकसभा में पारित कर दिया गया है। सही है कि सरकार आज धन आधारित ऑनलाइन गेमिंग को एक बड़ी बुराई बताते हुए इससे बचने की जरूरत बता रही है, मगर अफसोस की बात यह है कि जब ऐसे कथित खेल लोगों के बीच अपनी जगह बना रहे थे, उन्हें समाज से काट रहे थे और इसके बहुस्तरीय नकारात्मक नतीजे सामने आने लगे थे, तब इसके प्रति जताई जाने वाली फिक्र की अनदेखी की गई। अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि खुद सरकार ने 2023 में पैसे से जुड़े ऑनलाइन गेमिंग पर अट्ठाईस फीसद जीएसटी भी लगाया था। जबकि यह छिपा नहीं है कि ऑनलाइन गेमों की लत की वजह से कितने युवाओं के सोचने-समझने की प्रक्रिया में तेजी से बदलाव आया है। कई ऐसी खबरें भी आ चुकी हैं, जिनमें लगातार ऑनलाइन गेम खेलते रहने से मना करने पर कोई किशोर हिंसक हो गया और उसने या तो आत्महत्या कर ली या फिर किसी की जान ले ली।इसलिए इसके मनोवैज्ञानिक पहलुओं को भी समझने की जरूरत है। धन-आधारित ऑनलाइन गेम को वैसे भी व्यवहार में जुए से अलग रूप में देखना मुश्किल है। मगर इस तक आसानी से पहुंच की वजह से इसका स्वरूप ज्यादा जटिल हो जाता है।

**ऐसा इसलिए कि मित्र बनकर अमेरिका ने भारत से जो दगाबाजी पाकिस्तान प्रेरित पहलगाम आतंकी हमले और ऑपरेशन सिंदूर के दौरान की है, उससे उसके बारे में यह अवधारणा मजबूत हुई है कि ऐसा कोई सगा नहीं, जिसे अमेरिका ने ठगा नहीं। जबकि रूस पर यह बात लागू नहीं होती। वह भारत-अमेरिका के प्रगाढ़ होते सम्बन्धों के बावजूद विचलित नहीं हुआ और भारत के रणनीतिक सुरक्षा जरूरतों की पूर्ति करता रहा। यही वजह है कि रूस-यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद जब उसके ऊपर पश्चिमी देशों द्वारा विभिन्न तरह के प्रतिबंध लगाए तो भारत ने उसे मानने से इनकार कर दिया और अपनी पुरानी भरोसेमंद वैश्विक मित्रता की लाज रखते हुए उससे तेल व हथियार खरीदकर उसकी पूरी मदद की।**

# भारत-अमेरिका सम्बन्धों में आए दरार के कूटनीति मायने

(कमलेश पांडे)

ऐसा इसलिए कि मित्र बनकर अमेरिका ने भारत से जो दगाबाजी पाकिस्तान प्रेरित पहलगाम आतंकी हमले और ऑपरेशन सिंदूर के दौरान की है, उससे उसके बारे में यह अवधारणा मजबूत हुई है कि ऐसा कोई सगा नहीं, जिसे अमेरिका ने ठगा नहीं।

भारत-अमेरिका संबंधों में गहराते दरार से दोनों देशों के बीच व्यापार, रक्षा और रणनीतिक सहयोग पर नकारात्मक असर पड़ सकता है। इसके अतिरिक्त, आतंकवाद, जलवायु परिवर्तन और महामारी जैसी वैश्विक चुनौतियों से निपटने में सहयोग भी प्रभावित हो सकता है। चूंकि भारत और अमेरिका के बीच संबंध 1947 में हासिल स्वतंत्रता के बाद से ही महत्वपूर्ण रहे हैं, लेकिन पिछले कुछ वर्षों में इसमें जो उतार-चढ़ाव आए हैं, उसपर पूरी दुनिया की स्वार्थपरक निगाहें लगी हुई हैं। ऐसा इसलिए कि इससे अंतरराष्ट्रीय ध्रुवीकरण की पूर्ववर्ती और मौजूदा दोनों कोशिशों को भी गहरा धक्का लग सकता है।

चूंकि भारत एक गुटनिरपेक्ष देश है, ऐतिहासिक पंचशील के सिद्धांतों को मानता आया है, इसलिए वह अमेरिका और रूस (यूएसएसआर) के खेमेबाजी से दूर रहने की कोशिश करता है। अमेरिका-चीन के वैश्विक रस्साकशी से खुद को दूर रखना चाहता है। लेकिन पिछले 7-8 दशक में भारत के पड़ोसी देशों-पाकिस्तान व चीन ने ऐसा सीमाई उधम मचाया कि भारत को कभी रूस से तो कभी अमेरिका से मदद लेनी पड़ी। जब भी अमेरिका ने पाकिस्तान का खुला समर्थन किया है, तो रूस (सोवियत संघ) ने भारत के लिए मित्र से भी बढ़कर संरक्षक भूमिका निभाई है- तन-मन-धन से और यूएसए में वीटो करके भी।

वहीं, जब कभी चीन से भारत का तनाव पैदा हुआ तो रूस ने पीछे से भारत की नैतिक मदद की, जबकि अमेरिका खुलकर भारत के साथ खड़ा हुआ। यही वजह है कि कांग्रेस समर्थक रूस को संतुलित करने के लिए पूर्व भाजपाई प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी ने दगाबाज अमेरिका से जो रणनीतिक मित्रतापूर्ण सम्बन्ध स्थापित किये थे, वो दूसरे भाजपाई प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में ही दम तोड़ते नजर आ रहे हैं।

ऐसा इसलिए कि मित्र बनकर अमेरिका ने भारत से जो दगाबाजी पाकिस्तान प्रेरित पहलगाम आतंकी हमले और ऑपरेशन सिंदूर के दौरान की है, उससे उसके बारे में यह अवधारणा मजबूत हुई है कि ऐसा कोई सगा नहीं, जिसे अमेरिका ने ठगा नहीं। जबकि रूस पर यह बात लागू नहीं होती। वह भारत-अमेरिका के प्रगाढ़ होते सम्बन्धों के बावजूद विचलित नहीं हुआ और भारत के रणनीतिक सुरक्षा जरूरतों की पूर्ति करता रहा। यही वजह है कि रूस-यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद जब उसके ऊपर पश्चिमी देशों द्वारा विभिन्न तरह के प्रतिबंध लगाए तो भारत ने उसे मानने से इनकार कर दिया और अपनी पुरानी भरोसेमंद वैश्विक मित्रता की लाज रखते हुए उससे तेल व हथियार खरीदकर उसकी पूरी मदद की।

शायद यही बात अमेरिका को अखड़ गई, जबकि उसे धैर्य रखना चाहिए। क्योंकि यूरोप का मुकाबला रूस से है, अमेरिका का नहीं! शीत युद्ध के बाद तो अमेरिका का मुकाबला चीन से, जिससे निबटने के लिए अमेरिका ने भारत से सांठगांठ शुरू की थी। चूंकि मौजूदा समय में रूस-चीन में गहरी यारी है और भारत, रूस-चीन के खिलाफ अमेरिका का मोहरा बनने को तैयार नहीं है, इसलिए सनकी अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंफ ने भारत को ही सबक सिखाने की ठान ली। यह अमेरिकी प्रशासन की अव्वल दर्जे की मूर्खता है और उसे अपनी भूल का एहसास तब होगा, जब तेजी से उभरता हुआ भारत अपने रुपये से डॉलर पर चोट करेगा।

अभी अमेरिका इस गलतफहमी में है कि वह पाकिस्तान, बंगलादेश, नेपाल, म्यांमार, श्रीलंका, मालदीव आदि को उकसा कर भारत को कमजोर करेगा। लेकिन उसे यह याद रहना चाहिए कि जब भारत उसके साथ था, अफगानिस्तान में करोड़ों डॉलर झोंक चुका था, बावजूद इसके रूस-चीन-ईरान के दिमाग के समक्ष उसे पिटना पड़ा और अपने कीमती हथियार व उपकरण अफगानिस्तान में ही छोड़कर उसे भागना पड़ा। अभी ज्यादा दिन नहीं हुए हैं, जब इजरायल-ईरान युद्ध के दौरान जब अमेरिका इजरायल के पक्ष में खड़ा हुआ तो अरब देश कतर के अमेरिकी सैन्य अड्डे पर ईरान ने अपनी मिसाइल से हमला बोल दिया।

वहीं, इजरायल को कितना नुकसान पहुंचाया, किसी से छिपी हुई बात नहीं है। तब पाकिस्तान भी उसके साथ था, लेकिन इजरायल से मित्रता के बावजूद भारतीय तटस्थता पर कभी रूस व ईरान ने एतराज नहीं जताया। वहीं, ईरान पर अमेरिकी प्रतिबंध की कुछ बातों का भारत ने अनुपालन किया। इसलिए रूस से तेल खरीदने के सवाल पर जो अमेरिकी भृकुटी तनती जा रही है, उसके भविष्य गत मायने को समझने की जरूरत है।

बताते चलें कि भारत को अमेरिका अनायास टारगेट नहीं कर रहा, बल्कि वह समझ चुका है कि भारत में वो दम है जो ग्लोबल साउथ यानी अंतरराष्ट्रीय दलित-पिछड़े देशों को अपने पाले में करके अमेरिका को घुटनों पर ला सकता है। इसलिए फिलवक्त अमेरिकी रणनीति है कि रूस और चीन से मधुर सम्बन्धों को विकसित करते हुए भारत की आर्थिक व सैन्य कमर तोड़ दी जाए।



इसलिए वह अंदरखाने में रूस-चीन को यही समझा रहा होगा कि भारत को हथियार मार्केट में उभरने ही नहीं दिया जाए। भारत के जापान, फ्रांस, ऑस्ट्रेलिया आदि देशों से बने रणनीतिक सम्बन्ध तभी हतोत्साहित होंगे, जब अमेरिका भारत से दूर होगा। चूंकि भारत ही रूस-चीन वैश्विक ऊर्जा का अर्थिंग बना हुआ है, इसलिए भारत के घुटने पर आते ही रूस-चीन भी घुटने पर आ जाएंगे।

ऐसे में भले ही अभी यह कहा जा रहा है कि विशेष रूप से, व्यापार और ऊर्जा विवादों ने संबंधों को प्रभावित किया है, खासकर डोनाल्ड ट्रम्प प्रशासन के दौरान। लेकिन इसके पीछे की सुनियोजित अमेरिकी प्रशासन की नीतियों को भी मैं ऊपर डिकोड कर चुका हूं, जिसे हमें समझना होगा, क्योंकि राजनीतिक लोकतंत्र तो उसका मुखौटा मात्र होता है। अंततः दोनों मिलकर अपने देश की भलाई के लिए ही कार्य करते हैं।

रही बात अमेरिका की तो वह कई साल आगे की रणनीति भी वर्तमान में ही शोध पूर्वक तैयार कर लेता है और फिर यूरोप के बलपर उसे पूरी दुनिया पर थोपता है। इसलिए समसामयिक वैश्विक परिवेश में जब अमेरिका को यूरोप में रूस (पूर्व सोवियत संघ का अगुवा राष्ट्र) से, एशिया में चीन से, दक्षिण अमेरिका में ब्राजील से, और इन सबके अलावा भारत और दक्षिण अफ्रीका जैसे देशों से चुनौती मिलनी जारी है तो उसने अपने डॉलर का दुरूपयोग करके वहां अशांति पैदा करवाने की कोशिशें तेज कर दी है। इसलिए उसने पुराने हरामखोर पार्टनर पाकिस्तान को भी पटा लिया है। इससे उसके हथियार व गोला-बारूद निर्माता कम्पनियों को आशातीत मुनाफा होगा। इसलिए वह इस प्रकार की हरामखोरी जारी रखता है। वैश्विक कूटनीति में अमेरिकी मित्रता को आस्तीन में सांप पालने जैसा समझा जाता है।

जहां तक अमेरिका-भारत के दरकते रणनीतिक सम्बन्धों के नकारात्मक प्रभाव की बात है तो यह कहना गलत नहीं होगा कि यदि आपसी संबंध बिगड़ते हैं, तो व्यापार समझौते और निवेश प्रभावित हो सकते हैं, जिससे दोनों देशों की अर्थव्यवस्थाओं पर नकारात्मक असर पड़ सकता है। चूंकि भारत और अमेरिका के बीच महत्वपूर्ण रक्षा सहयोग भी चल रहा है, खासकर हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए, तो संबंधों में आई हालिया दरार से यह सहयोग भी कमजोर हो सकता है।

वहीं, जहां तक आपसी रणनीतिक सहयोग की बात है तो दोनों देश कई वैश्विक मुद्दों पर एक साथ काम करते हैं, जैसे आतंकवाद, जलवायु परिवर्तन और महामारी आदि। लेकिन पारस्परिक संबंधों में आई खटास से इन मुद्दों पर भी द्विपक्षीय सहयोग बाधित हो सकता है। खास बात यह है कि दोनों देशों के मधुर सम्बन्धों के बीच भारतीय-अमेरिकी समुदाय की भी अमेरिका में एक महत्वपूर्ण समुदाय है, और यदि द्विपक्षीय संबंधों में दरार आई तो इससे इस महत्वपूर्ण समुदाय के लिए भी चुनौतियां पैदा हो सकती हैं।

हालांकि, यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि दोनों देशों के बीच मजबूत संबंध बनाने के कई कारण हैं- पहला यह कि दोनों देश लोकतांत्रिक मूल्यों, आर्थिक विकास और सुरक्षा सहयोग में साझा हित रखते हैं। इसके अलावा, भारतीय-अमेरिकी समुदाय दोनों देशों के बीच एक सम्बन्ध सेतु का काम करता है। इसलिए यह कहा जा सकता है कि भारत-अमेरिका संबंधों में दरार से दोनों देशों के लिए महत्वपूर्ण नकारात्मक परिणाम हो सकते हैं। हालांकि, दोनों देशों के बीच मजबूत संबंधों को बनाए रखने के कई कारण हैं, इसलिए यह देखना और इंतजार करना श्रेयस्कर होगा कि आने वाले वर्षों में आपसी संबंध कैसे विकसित होते हैं। वरिष्ठ पत्रकार व राजनीतिक विश्लेषक (इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

### 47 वीं पुण्य तिथि पर विशेष

# सामाजिक सरोकार के प्रतीक : बनवारी लाल जोशी छैला जी

पुष्पांकर गुप्ता

कुछ लोगों को हम भूलने की कोशिश करें तो भी भूल नहीं पाते। वे लोगों के दिलों में सदियों तक जिंदा रहते है। भूलने योग्य नहीं होते है। जिनके किए सामाजिक सरोकार के काम और मृदु स्वभाव की साढ़े चार दशक से ज्यादा बाद भी लोग चर्चा करें, वह निश्चित तौर पर शख्स नहीं शख्शियत थे। वाकई जो समाज के लिए कुछ कर जाते है उन्हें सदियों तक पीढियां याद करती है। आज समाज के एक ऐसे पुरोधा को हम याद कर रहे है जो 47 साल पहले अगस्त 1978 को गोलकवासी हो गए थे। मात्र 52 साल की उम्र में । वे आज होते तो 99 साल के होते। मगर आज भी हम उन्हें भूल नहीं पा रहे है। जबकि उनकी उम्र की पीढ़ी करीब - करीब खत्म हो चुकी है। और नई की भी नई पौध आ गई है। मगर कला , संस्कृति और सभ्यता की उनके अंदर बहती त्रिवेणी आज भी जागृत है। और हमें कुछ न कुछ सीखा रही है। उस शख्स का नाम है बनवारी लाल जोशी । प्यार से लोग उन्हें छैला जी के नाम से भी पुकारते थे। और आज भी युवाओं की जुबान पर श्रद्धा के साथ यही नाम आता है।

स्थापित पत्रकार के साथ गीतकार, कवि, रंगमंच के नाटककार, व्यंग्यकार जैसी अनेक विधाओं के धनी छैला जी को बिहार ही नहीं देश के दूसरे हिस्सों में भी याद किया जाता है। दिल्ली के मावलंकर हाल के मंच से जब उन्होंने ÷ ÷ पिता अठारह बच्चों का हूं--------।÷ व्यंग कविता का पाठ किया तो तालियों की गड़गड़ाहट से हाल गूंज उठा था । उनकी कविता की तारीफ में राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर और बाल कवि बैरागी ने माला पहनाकर उनका अभिनंदन किया था। यह गर्व की बात थी। महावीर जयंती पर उनके द्वारा रचित और निर्देशित नाटक धणी लुगाई और इंसान की आवाज को लोग आज भी नहीं भूल पाए है। बल्कि दिगम्बर जैन मंदिर में आज भी उनके लिखे गीत बतौर भगवान महाबीर की आरती के तौर पर गाई जाती है। राधाकृष्ण सहाय के निर्देशन में सीएमएस स्कूल के मैदान में खेला गया नाटक ÷ वो कौन ÷ के सहायक निदेशक छैला जी ही थे।

जिनने देखा है उनमें कोलकता बस चुके रामगोपाल शर्मा याद कर बताते है कि इंसान की आवाज नाटक के निर्देशन के दौरान नायक धर्मचंद जैन और खलनायक जीवनमल शर्मा को एक सीन समझा रहे थे। यकायक रिहर्सल देखनेवाले चौंक गए। जब छैला जी ने एकदम अपने तेवर से अलग अंदाज में संवाद पढा। सभी हतप्रभ थे कि इतना नाजुक मिजाजी आदमी और उसके ऐसे तेवर--। वे वाकई खुश मिजाज और जिंदा दिल इंसान थे। जिनका जीवन उतार-चढ़ाव से ओत-प्रोत था। लेकिन उनके संघर्ष में एक रवानगी थी। वे रसिया थे गीतों का, लोक संस्कति का, नाटकों का। उतना ही वे सामाजिक थे।

सामाजिकता ऐसी कि किसी की बेटी की शादी हो या किसी का श्राद्ध वे हमेशा उनके लिए अपने बूते के मुताबिक सहारा ही नहीं लगाते बल्कि खड़े रहते। बनवारी लाल जोशी उस वक्त के स्थापित पत्रकार थे। जब गिने चुने लोग इस पेशे को अपनाते थे। उन्होंने नवराष्ट्र, वीर अर्जुन , विश्व बंधु, विश्वमित्र, सन्मार्ग और नवभारत टाइम्स सरीखे प्रतिष्ठित राष्ट्रीय अखबारों में काम किया। सन्मार्ग और नवभारत टाइम्स से तो अंत तक जुड़े रहे। उस वक्त की पत्रकारिता सबसे ज्यादा संघर्षशील थी। और जोखिम से भरी थी। न साधन न सुविधा। फिर भी लेखनी की इज्जत असीम थी। जिसे पैसों से तौलना संभव नहीं था। परिवार को पालने के लिए वे एक पालने की तरह बिछे रहते थे। धनाढ्य तो नहीं थे। पर मन कुबेर के खजाने से कम नहीं था। बेटियां हो या बेटे उन्हें जेब खर्च के नाम पर संस्कार बांटे। जो आज फलीभूत हो रहे है। लेकिन उन्होंने ऐसे संस्कार किसी संतान को नहीं दिए जो मेजबान बनकर मेहमान का रोल करने लगे। ऐसा करने पर उनकी आत्मा कलप गई होगी। उनके बड़े बेटे गिरधारी लाल जोशी पिताजी की ही तरह आज भी भागलपुर शहर की मूल्यवान धरोहर है। उनके पौत्र शशिकांत जोशी डॉक्टर की एमडी पढ़ाई पूरी कर समाज सेवा में लग ख्याति प्राप्त कर रहे है। पौत्री स्वाति एमबीए, स्नेहा चार्टर्ड, और स्मिता दंत चिकित्सक की पढ़ाई पूरी कर डॉक्टर बन चुकी है। यह उनका किया प्रालब्ध का पुण्य है।

पत्रकारिता का एक लंबा सफर तय कर वरिष्ठ पत्रकारों की सूची में गिरधारी जी सुमार है। बिहार डायरी में उनका नाम है। राष्टीय स्तर पर यह नाम पत्रकारिता में गर्व के साथ लिया जाता है। कभी-कभी गोष्ठियों में पधारने पर छैला जी के जाने के बाद गिरधारी जी ने उनके तमाम गमलों , फूल-पत्तियों को, बहनों और भाई को अनमोल मानकों की तरह संजोए रखा और अहसास कराया कि छैला अभी भी जीवित है। हम सबके मन में हम सबकी आत्मा में जबभी कोई आनंद की रमझोल होती है। लगता है छैला जी आसपास खड़े मुस्कुरा रहे है। उनकी कीर्ति , रोचक बातें , उनके गीत आज भी हमारे कानों में गूंज रही है। दिगम्बर जैन मंदिर के क्षेत्रीय सचिव सुनील जैन कहते है कि हमने संस्कार ही छैला जी से ही सीखा है।

# विधेयक पर हंगामा क्यों, जब मुद्दा है राजनीतिक शुचिता का

**आजादी के बाद से कतिपय राजनीतिक विसंगतियों के चलते राजनीति में अपराधी तत्वों का वर्चस्व बना रहा है। जनता यह अपेक्षा करती है कि जिन्हें वह अपना प्रतिनिधि चुनती है, वे अपराधमुक्त, निष्कलंक, ईमानदार और चरित्रवान हों। परन्तु स्थिति इसके विपरीत दिखती रही है। एक ओर जनप्रतिनिधि अपराधों में संलिप्त पाए जाते हैं, दूसरी ओर वे पद से इस्तीफा देने या सार्वजनिक जीवन से दूर रहने के बजाय सत्ता की कुर्सी से चिपके रहते हैं। यही प्रवृत्ति जनता के विश्वास को तोड़ती है और राजनीति को संदेह के घेरे में डाल देती है। यह प्रश्न अब और गंभीर हो उठा है कि क्या ऐसे व्यक्तियों को शासन और सत्ता के उच्च पदों पर बने रहने का अधिकार होना चाहिए? क्या लोकतंत्र का आधार अपराध और भ्रष्टाचार पर खड़ा किया जा सकता है? निश्चित ही नहीं।**

(ललित गर्ग)

आजादी के बाद से कतितय राजनीतिक विसंगतियों के चलते राजनीति में अपराधी तत्वों का वर्चस्व बना रहा है। जनता यह अपेक्षा करती है कि जिन्हें वह अपना प्रतिनिधि चुनती है, वे अपराधमुक्त, निष्कलंक, ईमानदार और चरित्रवान हों।

गंभीर आपराधिक आरोपों में घिरे नेता चाहे वे प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री एवं मंत्री ही क्यों न हो, उनकी गिरफ्तारी या हिरासत के बाद एक निश्चित अवधि बीत जाने पर हटाने की व्यवस्था वाले विधेयक को जब केन्द्र सरकार ने लोकसभा में प्रस्तुत किया तो जरूरत से ज्यादा हंगामा एवं विरोध समझ में नहीं आया। इस तरह ईमानदार, अपराधमुक्त राजनीति एवं चरित्रसम्पन्न-पवित्र राजनेताओं की पैरवी वाले विधेयक पर हंगामा लोकतंत्र की गरिमा को आहत करता है। गृहमंत्री अमित शाह ने सूझबूझ का परिचय देते हुए अपनी ओर से इन विधेयकों को संसद की संयुक्त समिति को भेजने का प्रस्ताव रखा, जिसे लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने स्वीकार भी कर लिया, अब तो विपक्ष को विरोध एवं हंगामें को विराम देते हुए इस पर विचार करना चाहिए कि आखिर ऐसी ईमानदार, समानतापूर्ण एवं आदर्श व्यवस्था क्यों नहीं बननी चाहिए, जिससे उच्च पदों पर बैठे नेताओं के गंभीर अपराधों में गिरफ्तारी अथवा हिरासत में लिये जाने पर उनके लिये पद छोड़ना आवश्यक हो जाये? आखिर इस आदर्श व्यवस्था में समस्या क्या है? क्यों विपक्ष नैतिक एवं आदर्श राजनीतिक व्यवस्था में अवरोधक बनकर अपने नैतिक चरित्र पर प्रश्न खड़े कर रहा है? क्या इस विधेयक का असर सत्तापक्ष के नेताओं पर नहीं होगा?

आजादी के बाद से कतितय राजनीतिक विसंगतियों के चलते राजनीति में अपराधी तत्वों का वर्चस्व बना रहा है। जनता यह अपेक्षा करती है कि जिन्हें वह अपना प्रतिनिधि चुनती है, वे अपराधमुक्त, निष्कलंक, ईमानदार और चरित्रवान हों। परन्तु स्थिति इसके विपरीत दिखती रही है। एक ओर जनप्रतिनिधि अपराधों में संलिप्त पाए जाते हैं, दूसरी ओर वे पद से इस्तीफा देने या सार्वजनिक जीवन से दूर रहने के बजाय सत्ता की कुर्सी से चिपके रहते हैं। यही प्रवृत्ति जनता के विश्वास को तोड़ती है और राजनीति को संदेह के घेरे में डाल देती है। यह प्रश्न अब और गंभीर हो उठा है कि क्या ऐसे व्यक्तियों को शासन और सत्ता के उच्च पदों पर बने रहने का अधिकार होना चाहिए? क्या लोकतंत्र का आधार अपराध और भ्रष्टाचार पर खड़ा किया जा सकता है? निश्चित ही नहीं। जब तक राजनीति से अपराधी तत्वों का निष्कासन नहीं होगा, तब तक न तो सुशासन स्थापित हो सकता है न ही नया भारत, विकसित भारत एवं आदर्श भारत बन सकता है और न ही राजनीति के प्रति जनता का भरोसा लौट सकता है।

आज समय आ गया है कि नए कानून बनाकर राजनीति को अपराधमुक्त बनाने की दिशा में ठोस एवं कारगर कदम उठाए जाएं। यह केवल चुनाव सुधार का मामला नहीं है, बल्कि यह लोकतंत्र की आत्मा को बचाने का प्रश्न है। ऐसे प्रावधान होने चाहिए कि जिस क्षण कोई जनप्रतिनिधि गंभीर अपराध में आरोपित होकर जेल भेजा जाए या आरोप सिद्ध होने तक हिरासत में रहे, वह स्वचालित रूप से अपने पद से मुक्त हो जाए। इस्तीफे की प्रतीक्षा या राजनीतिक दबाव की आवश्यकता ही न रहे। अनेक नेताओं ने ऐसा आदर्श प्रस्तुत भी किया, लेकिन आम आदमी पार्टी, कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, झारखण्ड मुक्ति मोर्चा आदि अनेक पार्टियों के नेताओं ने जेल से सरकारें चलाने एवं मंत्री पद पर बने रहने के काले अध्याय रचे हैं, इसी के चलते इस नये विधेयक की अपेक्षा सामने आई।

भारत जैसे विशाल लोकतंत्र में स्वच्छ राजनीति केवल आदर्श नहीं, बल्कि अनिवार्यता है। जब सत्ता और शासन के केंद्र में अपराधी मानसिकता के लोग बैठते हैं, तो वे शासन को अपने स्वार्थ और अपराधों की ढाल बना लेते हैं। इससे न केवल लोकतांत्रिक व्यवस्था खोखली होती है, बल्कि आम जनता का जीवन भी संकट में पड़ता है। भ्रष्टाचार, धनबल, बाहुबल, भाई-भतीजावाद, हिंसा और अनैतिकता का वातावरण उसी समय पनपता है, जब राजनीति अपराधियों के कब्जे में जाती है। ईमानदार और स्वच्छ छवि वाले नेताओं की मांग आज पहले से अधिक बढ़ गई है। जनता ऐसे नेतृत्व की तलाश में है जो अपने आचरण से उदाहरण प्रस्तुत करे। राजनीति यदि सेवा और त्याग का माध्यम बनेगी तो ही समाज का कल्याण होगा। जिन नेताओं पर जरा भी संदेह का धुंधलका हो, उन्हें स्वयं स्वेच्छा से पद छोड़ देना चाहिए। यही परंपरा राजनीति को उच्चता और गरिमा प्रदान कर सकती है।

अपराधमुक्त राजनीति केवल नैतिक अपेक्षा नहीं, बल्कि लोकतंत्र की मजबूरी है। जब तक राजनीति में शुचिता और नैतिकता का स्थान नहीं बनेगा, तब तक सुशासन और ईमानदार प्रशासन की कल्पना अधूरी ही रहेगी। नए कानूनों का निर्माण कर अपराधियों के लिए राजनीति के दरवाजे बंद करना समय की सबसे बड़ी मांग है। यह कदम न केवल लोकतंत्र को सुदृढ़ करेगा, बल्कि जनता के भीतर यह विश्वास भी जगाएगा कि राजनीति वास्तव में लोककल्याण के लिए है, न कि अपराधियों की शरणस्थली। यही अपराधमुक्त राजनीति का दर्शन है, जहां सत्ता अपराधियों का आश्रय-स्थल न होकर समाज की नैतिक ऊर्जा का केंद्र बने। यही उसकी सबसे बड़ी उपयोगिता है कि वह लोकतंत्र को उसकी वास्तविक आत्मा लौटाए और राजनीति को सेवा, शुचिता और ईमानदारी का प्रतीक बनाए।

भारतीय लोकतंत्र में पिछले कुछ वर्षों से राजनीति और अपराध के गठजोड़ को लेकर गहरी चिंता लगातार उठती रही है। जनता बार-बार यह अपेक्षा करती है कि जिन्हें वे संसद और विधानसभा भेजते हैं, वे न केवल ईमानदार और पारदर्शी हों बल्कि उनके चरित्र और आचरण पर कोई दाग न हो। किंतु बार-बार यही देखने को मिलता है कि गंभीर आपराधिक मामलों में फंसे नेता भी उच्च पदों पर बने रहते हैं और शासन-सत्ता का उपयोग अपने बचाव के लिए करते हैं। इसी पृष्ठभूमि में केंद्र सरकार द्वारा संसद में पेश किया गया नया विधेयक (संविधान का 130वां संशोधन) एक ऐतिहासिक कदम माना जा सकता है, केन्द्र सरकार इन विधेयकों को भ्रष्टाचार एवं अपराध विरोध बता रही है, जबकि विपक्ष इससे सहमत नहीं। उनकी असहमति अनेक प्रश्नों को खड़ा कर रही है कि आखिर विपक्ष दागियों की वकालत करते हुए वह स्वयं भी दागी क्यों बन रही है? आशंका जताई जा रही है कि यदि यह संशोधन पारित हो गया तो विपक्ष-शासित राज्यों के मुख्यमंत्री और मंत्री अस्थिर हो सकते हैं, उनके पद संकट में पड़ सकते हैं। दरअसल यह विरोध केवल विधेयक का नहीं बल्कि अपनी राजनीतिक सुविधा, अपनी सत्ता बचाने और सुरक्षा का है। प्रश्न यह उठता है कि क्या विपक्ष वास्तव में अपराधमुक्त राजनीति नहीं चाहता? क्या केवल सत्ता में बने रहने के लिए राजनीति को अपराधियों का अड्डा बनाए रखना आवश्यक है?

विपक्ष का तर्क है कि सरकार इस विधेयक का दुरुपयोग कर सकती है, और केवल आरोप लगाकर भी नेताओं को पद से हटाया जा सकता है। लेकिन सच्चाई यह है कि लोकतंत्र में जब तक कानून कठोर और स्पष्ट नहीं होगा, तब तक राजनीति से अपराध का सफाया संभव नहीं है। यदि किसी निर्दोष व्यक्ति पर आरोप गलत सिद्ध होता है तो उसके लिए पुनः प्रतिष्ठा अर्जित करने के रास्ते खुले रहेंगे, परंतु गंभीर आरोपियों को शासन की कुर्सी पर बने रहने देना लोकतंत्र के साथ अन्याय है, उसकी मूल आत्मा को ध्वस्त करना है। ऐसा अरविन्द केजरीवाल ने पहली बार किया और जेल से ही सरकार चलाने का दम भरते रहे।

आज देश 'विकसित भारत' के संकल्प की ओर बढ़ रहा है। विकसित भारत का सपना केवल तकनीकी प्रगति या आर्थिक मजबूती से पूरा नहीं होगा, बल्कि इसके लिए स्वच्छ, ईमानदार और पारदर्शी राजनीति आवश्यक है। राजनीति में अपराधियों की घुसपैठ न केवल लोकतंत्र की नींव को कमजोर करती है बल्कि जनता के विश्वास को भी तोड़ती है। अपराधमुक्त राजनीति न केवल आदर्श है बल्कि सुशासन और विकास की बुनियादी शर्त है। इसलिए आवश्यक है कि ऐसे विधेयक का स्वागत किया जाए, क्योंकि यह राजनीति को शुचिता, नैतिकता और जनहित के मार्ग पर ले जाने का प्रयास है। राजनीति में एक नये सूरज का उदय है। विपक्ष यदि इसका विरोध करता है तो यह सवाल स्वतः उठता है कि क्यों विपक्ष अपराधमुक्त राजनीति का विरोध करके अपराधियों का संरक्षण कर रहा है? क्या उसे अपने ही दागी नेताओं के लिए भय है? लोकतंत्र को बचाने और मजबूत करने के लिए यह विधेयक समय की मांग है। नया भारत तभी विकसित भारत बनेगा जब उसकी राजनीति अपराधियों से मुक्ति होगी।

# आइएमए ने किया सतत चिकित्सा शिक्षा प्रशिक्षण का आयोजन

## विभिन्न बीमारियों के संबंध में दी गई जानकारी



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय।** शनिवार को आईएमए भवन में एक वैज्ञानिक सतत चिकित्सा शिक्षा का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जिले के प्रतिष्ठित चिकित्सकों के साथ-साथ पटना से आए विशेषज्ञ डक्टरों ने भी भाग लिया। कार्यक्रम का आयोजन आईएमए सचिव डा. पंकज कुमार सिंह एवं वैज्ञानिक समिति के चेयरमैन डा. बिनय कुमार के नेतृत्व में किया गया। पहले सत्र में डा. बिनय कुमार ने साँप के काटने के लक्षण एवं उपचार पर व्याख्यान दिया। उन्होंने बताया कि हाल की बाढ़ के कारण साँप के काटने की घटनाओं में तेजी से वृद्धि हुई है। जिससे इस विषय का महत्व और भी बढ़ गया है। इसके पश्चात पटना से आए डा. सुधीर कुमार ने सीओपीडी (फेफड़ों की बीमारी) एवं उसके उपचार पर अपने विचार रखे। तीसरे सत्र में प्रो डा. बीके चौधरी (पीएमसीएच, पटना) ने चेस्ट सीटी स्कैन द्वारा फेफड़ों की बीमारियों के निदान पर विस्तृत जानकारी दी। सभी सत्र अत्यंत रोचक एवं ज्ञानवर्धक रहे। कार्यक्रम में 100 से अधिक चिकित्सक उपस्थित रहे। प्रमुख उपस्थित चिकित्सकों में डा. एसबीपी सिंह, डा. एसबीपी शर्मा, डा. के.के सिंह, डा. दिनेश सिंह, डा. शंभु कुमार, डा. संजय कुमार, डा. आदित्य अशोक, डा. हरिगोविंद, डा. आर.सी. चौधरी आदि शामिल थे। वैज्ञानिक सत्र के उपरांत भव्य रात्रिभोज का भी आयोजन किया गया।

# आवास योजना की तीसरी किस्त के लिए लाभुकों से मांगे जा रहे 20 हजार रुपये

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**जगदीशपुर (भोजपुर)।** जगदीशपुर प्रखंड क्षेत्र के हरिगांव पंचायत में प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के लाभार्थियों से आवास सहायक द्वारा रिश्वत वसूलने के मामला सामने आया है। पंचायत के पूर्व मुखिया नीरज कुमार सनी और कई लाभुकों ने मौजूदा आवास सहायक राकेश कुमार पर रिश्वत मांगने और मनमानी करने का आरोप लगाया है। पूर्व मुखिया ने बताया कि वर्तमान आवास सहायक मुखिया के इशारे पर काम करता है और लाभार्थियों से योजना का लाभ दिलाने तथा किस्त की राशि खाते में भेजने के नाम पर मोटी रकम की डिमांड करता है। उन्होंने कहा कि आवास 2.0 के सर्वेक्षण के दौरान कई लाभुकों से नाम जुड़वाने के लिए 5 से 10 हजार रुपये लिए गए। दुल्हीनगंज वार्ड संख्या तीन के रहने वाली लाभार्थी पनपातो देवी ने आरोप लगाया कि उन्हें योजना का पहला और दूसरा किस्त मिल चुका है तथा मकान भी पूरा कर लिया गया है, लेकिन तीसरी किस्त की राशि अब तक नहीं मिली। जब उन्होंने इसकी मांग की तो आवास सहायक ने उनसे सीधे 20 हजार रुपये की मांग कर डाली। वार्ड नंबर 3 के वार्ड सदस्य सुनील कुमार ने कहा कि आवास सहायक अपने रिश्तेदार के खाता के जरिए ऑनलाइन भुगतान करवाते हैं। पूर्व मुखिया नीरज कुमार सनी ने इस मामले में साक्ष्य के रूप में 5000 रुपये का ट्रांजैक्शन का स्क्रीनशॉट भी दिखाया। मामले जब जगदीशपुर बीडीओ क्रांति कुमार से पूछा गया की आवास योजना की राशि लाभुकों के खाते में भेजने के नाम पर आवास सहायक द्वारा राशि देने की बात कही जाती है। उन्होंने कहा कि मामला संज्ञान में आता है व कोई शिकायत करता है तो अवश्य ही आवास सहायक पर कार्रवाई की जाएगी।

## एक नजर

### रक्तदान शिविर का आयोजन

**बरौनी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** रविवार को एनसीसी कैम्प निपानिया में संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर के तीसरे दिन 17 बिहार बटालियन एनसीसी, सहरसा द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। यह आयोजन ओटीसी बरौनी में संपन्न हुआ। जिसमें सभी रैंक और कैडेट्स ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। और एनसीसी की सेवा भावना तथा सामाजिक उत्तरदायित्व का परिचय दिया। शिविर में ब्रह्माकुमारीज, बेगूसराय तथा रोटरी क्लब अफ इंडिया (बेगूसराय चौप्टर) का विशेष सहयोग रहा, जिन्होंने रक्तदाताओं के समन्वय और चिकित्सकीय व्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कमांडिंग अफिसर कर्नल बी सत्यनारायण ने कैडेट्स की प्रतिबद्धता की सराहना करते हुए कहा रक्तदान करूणा का एक सशक्त प्रतीक है। हमारे कैडेट्स ने फिर एक बार समाज सेवा की भावना को साकार किया है। कार्यक्रम का समापन सभी दाताओं, स्वयंसेवकों और सहयोगी संस्थाओं को धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। इस अवसर पर योगदान देने वाले कैडेट्स और स्टाफ को प्रशंसा पत्र भी प्रदान किए गए।

### एआईएसएफ की बैठक संपन्न

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** अंचल परिषद नावकोठी की बैठक ररिऔना हाई स्कूल में संपन्न हुई। अध्यक्षता अंचल अध्यक्ष मनीष यादव एवं संचालन सन्नी कुमार सिंह ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए बखरी विधायक सूर्यकांत पासवान ने कहा है कि नई शिक्षा नीति की वजह से हजारों बच्चों नामांकन से वंचित रह गए हैं। सरकार पूरी शिक्षा व्यवस्था को कारपोरेट्स घराने में बेचना चाह रही है। एआईएसएफ का इतिहास आजादी के पहले का इतिहास है। यह संगठन आजादी की लड़ाई लड़ी है। जिलाध्यक्ष अमरेश कुमार ने कहा है कि सितंबर में जिला सम्मलेन आयोजित होना है उससे पहले अंचल सम्मेलन भी होना निर्धारित है। इस पर रौशन, केशर रेहान, रितेश, राहुल, अजय, अमरजीत, विक्रम, हर्षवर्धन, शशि भूषण भुल्ला, मेराज, सुनील आदि मौजूद थे।

### स्मिता बनी महिला मोर्चा महामंत्री

**वीरपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** भाजपा बेगूसराय की महिला मोर्चा की टीम में वीरपुर के प्रखंड प्रमुख स्मिता कुमारी की नामों की घोषणा होते ही भाजपा कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गई। इस बात की जानकारी देते हुए जिला सहकारिता प्रकोष्ठ के बेगुसराय संयोजक छोटे लाल सिंह ने बताया कि भाजपा महिला मोर्चा बिहार प्रदेश की प्रदेश अध्यक्षा धर्मशिला गुप्ता एवं भाजपा के बेगुसराय जिलाध्यक्ष राजीव वर्मा के निर्देशानुसार बेगुसराय बीजेपी के महिला मोर्चा के जिलाध्यक्ष ड रेखा कुमारी के द्वारा बेगुसराय जिला के महामंत्री पद के लिए स्मिता कुमारी के नाम की घोषणा की गई है। इसकी जानकारी मिलती ही दर्जनों भाजपा कार्यकर्ताओं ने उन्हें बधाई दी है।

### दो वारंटी गिरफ्तार

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** समकालीन अभियान के तहत नावकोठी पुलिस ने दो अलग-अलग गांवों से दो वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया है। गिरफ्तार वारंटी विष्णुपुर के थाना कांड संख्या 37/21 का नावकोठी के रामनारायण सिंह का पुत्र विक्कू कुमार तथा डुमरिया के थाना कांड संख्या 148४20 के राम प्रवेश यादव का पुत्र अशोक यादव है। दोनों नामजद लंबी अवधि से न्यायालय में अपनी हाजिरी नहीं दे रहे थे। लंबे अंतराल से अनुपस्थित रहने से न्यायालय ने इनके विरुद्ध गिरफ्तारी वारंट जारी किया था। इस अभियान में थानाध्यक्ष राजीव कुमार रंजन, एस आई विश्व जीत कुमार, रंजीत कुमार, अबोध कुमार सिंह व सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

### मोटरसाइकिल चोरी की प्राथमिकी

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** थाने क्षेत्र के हसनपुर बागर वार्ड संख्या 7 से बुधबार को एक बाइक चोरी हो गई।पीड़ित अर्जुन सहनी का पुत्र टुनटुन कुमार ने थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराकर छानबीन करने का अनुरोध किया है। उसने बताया कि बुधवार को हसनपुर बागर स्थित अमर सिंह बाबा स्थान पर अपनी बाइक संख्या बी आर 09एडी1659 दिन में लगाकर मछली पकड़ने बुढी गंडक नदी चला गया। मछली का शिकार करने के बाद करीब 9 रात्रि को वापस आया तो बाइक लगाये स्थान पर नहीं था। आसपास के लोगों से पूछताछ किया पर कोई अता पता नहीं लगा। थानाध्यक्ष राजीव कुमार रंजन ने कांड संख्या 184/25 अंकित कर मामले की तहकीकात शुरू कर दिया है।

### राष्ट्रमंडल भारोत्तोलन प्रतियोगिता में भास्कर बने प्रतियोगिता सचिव

**बेगूसराय (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जिला वेटलिफ्टिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष राजकिशोर सिंह ने बिहार के गौरव, अंतरराष्ट्रीय रेफरी ड रजनीश भास्कर को कमनवेल्थ वेटलिफ्टिंग चौंपियनशिप में तकनीकी अधिकारी के रूप में नियुक्त किए जाने पर हार्दिक बधाई दी है। यह प्रतिष्ठित चौंपियनशिप 25 अगस्त से 30 अगस्त तक वीर सावरकर स्पोर्ट्स कम्प्लेक्स, अहमदाबाद (गुजरात) में आयोजित हो रही है जिसमें कमनवेल्थ के 28 देशों के सैकड़ों खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। उद्घाटन भारत सरकार के खेल मंत्री द्वारा गुजरात सरकार के खेल मंत्री की उपस्थिति में किया गया। जहां भारतीय भारोत्तोलन महासंघ के अध्यक्ष सहदेव यादव, अंतर्राष्ट्रीय भारोत्तोलन महासंघ के अध्यक्ष मोहम्मद जालूद और कई अन्य अंतर्राष्ट्रीय गणमान्य उपस्थित रहे। इस पूरे आयोजन का नेतृत्व भारतीय वेटलिफ्टिंग महासंघ के अध्यक्ष एवं कमनवेल्थ वेटलिफ्टिंग फेडरेशन के उपाध्यक्ष सहदेव यादव और सबीना यादव कर रहे हैं। श्री के सुब्रमण्या को प्रतियोगिता निदेशक नियुक्त किया गया है।वहीं ड. भास्कर को प्रतियोगिता सचिव की अहम जिम्मेदारी सौंपी गई है।ड भास्कर वर्तमान में बेगूसराय जिला वेटलिफ्टिंग एसोसिएशन के उपाध्यक्ष एवं बिहार वेटलिफ्टर्स एसोसिएशन की तकनीकी समिति के अध्यक्ष हैं। राजकिशोर सिंह ने कहा डा. रजनीश भास्कर की यह नियुक्ति हमारे जिले और प्रदेश के सभी खिलाड़ियों और खेलप्रेमियों के लिए प्रेरणास्त्रोत है। उन्होंने अपने अथक परिश्रम और समर्पण से वेटलिफ्टिंग जगत में बेगूसराय का नाम रोशन किया है।

# श्री रानी सती दादी उत्सव में भजन संध्या आयोजित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बखरी।** बखरी में भादो अमावस्या को श्री रानीसती दादी का उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। एक दिवसीय कार्यक्रम में लोग दिनभर भक्ती के रस में सराबोर रहे। कार्यक्रम स्थल पर दादी जी का मनमोहक दरबार व छवि सजाया गया था। प्रातः सैकड़ों की संख्या में महिला व पुरुषों ने पूजा अर्चना की। तत्पश्चात मंगल पाठ का आयोजन हुआ। उत्सव का आयोजन मारवाड़ी सम्मेलन की बखरी शाखा ने किया था। पश्चिम बंगाल से पधारे सिंगर आशीष शर्मा द्वारा संगीतमय मंगल पाठ का संचालन किया गया। इस क्रम में उन्होंने श्री रानी सती दादी की महिमा का गुणगान करते हुए उनके विभिन्न प्रसंगों की चर्चा की। दोपहर बाद के शानदार भजन संध्या में कलकत्ता की सुप्रसिद्ध गायिका नेहा गर्ग ने अपने प्यारे प्यारे भजनों से भक्तों को घंटों झुमाया और खूब तालियां बटोरीं। रहमत है मेरी भवानी की मुझ पर, तेरी चौखट पर, कितना प्यारा है श्रृंगार जैसे भजनों ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। झारखंड के सिंगर विकास कौशिक ने भी कई प्यारे प्यारे भजन प्रस्तुत किए। आयोजन के संयोजक अशोक तुलस्यान उर्फ ढप्पू जी तथा सचिव राजेश टमकोरिया ने कहा कि श्री रानीसती दादी कल्याणकारी बुद्धि प्रदान करती हैं तथा वे दुःख, दरिद्रता और भय हरने वाली देवी हैं। इस भव्य कार्यक्रम की सफलता में सुशील लोहारीवाल, उपाध्यक्ष अशोक तुलस्यान व अरुण टिबरेवाल, दीपक सुल्तानिया, प्रदीप नेमानी, अलका अग्रवाल, आशा बजाज, अमित सिंघानिया, कृष्ण मुरारी टिबरेवाल, सन्नी नेमानी, कुंजबिहारी अग्रवाल, अजय गोयनका, रणधीर तुलस्यान, रौनक पालड़ीवाल, सौरभ नेमानी आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।अध्यक्षता राजेश अग्रवाल ने की। समापन पर महिलाओं को उपहार भेंट किया गया जबकि रात्रि में महाप्रसाद का आयोजन हुआ।

# ऑपरेशन गंगा के नायक कुमार तुहिन ने छात्रों से की ऑनलाइन बातचीत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**जगदीशपुर (भोजपुर)।** जगदीशपुर प्रखंड के भड़सरा स्थित पी एंड आर स्कूल में रविवार को एक विशेष वर्चुअल संवाद कार्यक्रम आयोजित हुआ। इसमें नीदरलैंड में भारत के राजदूत कुमार तुहिन ने छात्रों व शिक्षकों से सीधे ऑनलाइन बातचीत की।

कुमार तुहिन, जिन्होंने रूस-यूक्रेन युद्ध के दौरान भारतीय छात्रों व नागरिकों को सुरक्षित निकालने वाले अभियान 'ऑपरेशन गंगा' का नेतृत्व किया था, ने अपने संबोधन में अभियान की सफलता, भारत सरकार की रणनीति और सामूहिक प्रयासों का उल्लेख किया। उन्होंने छात्रों को आत्मनिर्भरता, शिक्षा, अनुशासन और दृढ़ संकल्प का संदेश देते हुए कहा कि शिक्षा ही जीवन की सबसे बड़ी ताकत है और मेहनत व ईमानदारी से पढ़ाई करने वाले छात्र हर चुनौती को पार कर सकते हैं। संवाद के दौरान छात्रों ने विभिन्न सवाल पूछे जिनका राजदूत ने धैर्यपूर्वक उत्तर दिया और विदेश में भारत की बढ़ती छवि पर प्रकाश डाला। विद्यालय के डायरेक्टर रामजी पांडेय ने इस दिन को विद्यालय परिवार के लिए ऐतिहासिक बताया और कुमार तुहिन को विद्यालय आने का निमंत्रण दिया। उन्होंने यह भी बताया कि तुहिन मूल रूप से बिहार के छपरा के निवासी हैं, जो छात्रों के लिए गौरव की बात है। कार्यक्रम में नीदरलैंड से अपराजिता देवी और रूपेश कुमार भी जुड़े, जबकि विद्यालय से प्रेमा देवी, सुनील कुमार, दानिश इदरीसी, लक्ष्मी कुमारी सहित कई शिक्षक और बड़ी संख्या में छात्र उपस्थित रहे।

## सरथुआ गांव में घुसा बाढ़ का पानी

**दनियावां (पटना) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** फल्गु नदी में अत्यधिक पानी आने के कारण उदेरास्थान बराज से 114000 क्यूसेक पानी छोड़ा गया जिससे इस बरसाती नदी की शाखा लोकाईन, महतमाईन, भुतही नदी में उफान आ गयी। जिसके कारण पानी का दवाब इतना बढ़ गया कि खरभैया पंचायत के सरथुआ, खरभैया, नियामतपुर, मद्दारीचक गांव में इसके बाढ़ का पानी घरों में घुस गया। इसके अलावा सैकड़ों एकड़ में धान की परिपक्व होती फसल डूब गई। फसल को बचाने के लिए खरभैया पैक्स अध्यक्ष मुन्ना कुमार के नेतृत्व में युवाओं ने काफी कोशिश की। बोरियों में बालू भरकर मिट्टी के बांध भी बांधे गए लेकिन पानी का प्रेशर इतना अधिक था कि सब कुछ बहा ले गया।

# चुनाव तैयारी : डीएम ने मतदान केन्द्रों का निरीक्षण करने का दिया निर्देश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**दरभंगा।** बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 की तैयारी को लेकर अंबेडकर सभागार में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी कौशल कुमार की अध्यक्षता में बैठक हुई जिसमें निर्वाचन पदाधिकारी ने उपस्थित पदाधिकारी को कई निर्देश दिए।

उल्लेखनीय है कि अलीनगर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में मतदान केंद्रों की कुल संख्या 324 भवनों की संख्या 107 तथा सेक्टर अधिकारी 32 प्रतिनियुक्त किए गए हैं। वहीं दरभंगा ग्रामीण विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में मतदान केंद्रों की संख्या 345 मतदान भवनों की संख्या 185 और सेक्टर अधिकारियों की संख्या 34 है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी थानाध्यक्षों से सभी मतदान केंद्रों का भ्रमण करने का निर्देश दिया। मतदान केंद्रों की संख्या उसके लोकेशन और शांति व्यवस्था के संबंध में विस्तृत समीक्षा की। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि सभी अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में स्थित मतदान केंद्रों का निरीक्षण करें और स्थानीय लोगों से संपर्क में रहे ।सभी मतदाताओं के लिए मतदान केंद्रों पर जाने के लिए सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था की जा रही है। असामाजिक तत्वों को चिन्हित कर संबंधित थाना को लिखित दिया जा रहा है कि निरोधात्मक कार्रवाई करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि कर्तव्य निष्ठ और तेज तर्रार अधिकारियों की प्रतिनियुक्ति सेक्टर दंडाधिकारी के रूप में की गई है। अपने सभी मतदान केंद्रों पर मतदाताओं को शांतिपूर्ण ढंग से वोट करने की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई है। प्रत्येक मतदान केंद्र के आसपास रहने वाले 25 से 30 व्यक्तियों को मोबाइल नंबर लिखने का आदेश दिया गया है जिसे की विषम परिस्थिति में उनसे संपर्क किया जा सके शांतिपूर्ण और भय मुक्त वातावरण में मतदान के लिए जिला प्रशासन कृत संकल्पित है। मतदान प्रक्रियामें में बाधक बनने वाले असामाजिक तत्वों को कठोरता से निपटने के लिए हर संभव कदम उठाए जा रहे है। बैठक में विशेष रूप से सेक्टर पदाधिकारी द्वारा मतदान केंद्रों का भौतिक सत्यापन, रूट मैप तैयार करना, शौचालय, स्वच्छ पेयजल, दिव्यांग जनों हेतु रैम्प की व्यवस्था, पर्याप्त विद्युत आपूर्ति, पहुंच पथ की स्थिति इत्यादि बिंदुओं पर विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक के अंत में जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को बेहतर समन्वय बनाकर कार्य करने तथा निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार समयबद्ध ढंग से सभी तैयारियाँ पूर्ण करने को कहा। बैठक में विकास कुमार निर्वाचक निबंधन अधिकारी दरभंगा ग्रामीण उप निदेशक जनसंपर्क सत्येंद्र प्रसाद, निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी अलीनगर उप निर्वाचन पदाधिकारी सुरेश कुमार, प्रखंड विकास अधिकारी अंचालाधिकारी, प्रखंड पंचायती राज अधिकारी आदि उपस्थित थे।

# लेनदेन के विवाद में मारी गोली

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मंसूरचक।** थाना क्षेत्र के जमालदीपुर गांव में शनिवार की रात अज्ञात अपराधियों ने रात्रि के करीब 8:30 में खेत से लौट रहे उप मुखिया पति जमालदीपुर गांव निवासी शिव शंकर महतो के 34 वर्षीय पुत्र बबलू कुमार महतो को पूर्व से घात लगाये अपराधियों ने गोली मार कर घायल कर दिया और फरार हो गया। घायल बबलू को सड़क किनारे देख ग्रामीण राहगीरों में शोर मचाया।तब आसपास के लोग आये और त्वरित मंसूरचक अस्पताल इलाज के लिये ले गये। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया। घटनास्थल पर मंसूरचक थानाध्यक्ष गोविंद कुमार पांडे, अनिल कुमार सिंह, अजय कुमार आदि पहुंचकर जांच पड़ताल किया। घटनास्थल के निकट से दो खोखा बरामद किया गया। थानाध्यक्ष श्री पांडे ने बताया की घायल बबलू महतों ने अपने फर्द ब्यान में पड़ोसी अनीता देवी पिता बहादुर महतो सावित्री देवी पति राम बहादुर महतो एवं उत्तर प्रदेश निवासी रामगोपाल भारद्वाज तीन वर्षों से बकाया होने एवं रूपय मांगने पर बराबर गाली गलौज करने की बात कही गत 16 अगस्त को भी बकाया रुपये के तगादा को ले बबलू महतो को गाली गलौज एवं मारपीट करने को उतारू हो गये। तथा बता देने की धमकी भी दी गई। धमकी के एक सप्ताह भी नहीं बीतने पर शनिवार की रात अनीता देवी का पति राम गोपाल भारद्वाज पर पीछे से जान मारने की नीयत से गोली चलाने की बात कही। रुपये के लेनदेन के कारण ही उक्त घटना घटने की बात भी कही जा रही है। मंसूरचक थानाध्यक्ष गोविंद कुमार पांडे ने फर्द ब्यान के आधार पर मामला दर्ज कर मामले के तीनों नामजद क्रमशः अनीता देवी, सावित्री देवी एवं राम गोपाल भारद्वाज को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया गया है।

# सरपंच ने मारपीट का मामला कराया दर्ज

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नावकोठी।** स्थानीय ग्राम कचहरी के सरपंच सुशील कुमार ने थाने में सीसीटीवी कैमरे तोड़ने तथा एक लाख रुपए रंगदारी मांगने तथा जान से मारने की धमकी देने का मामला दर्ज कराया है। उसने थाने में दिए आवेदन में कहा है कि शुक्रवार को शाम में बाजार से ललन साह का पंचायत कर घर वापस आ रहा था तो चुनचुन सिंह के घर के समीप नावकोठी के जाबेद अख्तर ने धमकी देते हुए मुझे रोककर कहने लगा कि तुमसे कई बार एक लाख रूपए बतौर रंगदारी देने के लिए कहा था उसे अभी तक नहीं दिया। मैं जब इसका विरोध किया तो जान से मारने की धमकी देने लगा। किसी तरह जान बचा कर वहां से घर आया। उसके बाद सीताराम पुस्तकालय पर बैठा हुआ था तो नावकोठी के जाबेद अख्तर, राजा कुमार, हिमांशु कुमार, वौआ सिंह, चक्का के छोटू कुमार तथा बिट्टू कुमार दो बाइक पर सवार होकर मेरे घर पर आ धमका, गाली गलौज करते हुए ग्राम कचहरी में लगे सीसीटीवी कैमरे को तोड़ने लगा। शोर करने पर ग्रामीण जुटने लगे। ग्रामीणों को आते हुए देखकर एक मोटर साइकिल छोड़ कर तथा दूसरा लेकर फरार हो गए। वही दूसरी ओर से नावकोठी की वौआ सिंह की पत्नी थाने में आवेदन देकर उसके पति के साथ मारपीट करने तथा उसके साथ बदतमीजी करने का आरोप लगाकर अंजनी कुमार सिंह, सुशील कुमार सिंह, शिवम कुमार, गोलू कुमार, उत्तम सिंह, अमृत कुमार, करण कुमार को नामजद किया है। उसने बताया कि शुक्रवार की शाम में उसके पति वौआ सिंह अपने डेरा पर से गाय दुहकर दूध लेकर साइकिल से घर आ रहे थे। सीताराम पुस्तकालय के समीप उन्हें रोककर गाली गलौज करते हुए उसके साथ उपरोक्त सभी नामजद ने मारपीट कर उन्हें वहाँ बैठा लिया। इसकी जानकारी मुझे मिली तो मैं वहाँ गई। उनलोगों ने मेरे साथ भी बदतमीजी करने लगे।

# राजा सलहेश केवल नाम नहीं, दलित चेतना की मशाल हैं: अरुण मांझी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**फुलवारीशरीफ।** फुलवारी विधानसभा क्षेत्र के चुहरमलनगर में रविवार को राजा सलहेश जयंती समारोह बड़े ही श्रद्धा, सम्मान और सामाजिक जागरूकता के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बिहार राज्य महादलित आयोग के पूर्व सदस्य एवं पूर्व विधायक अरुण मांझी विशेष अतिथि के रूप में शामिल हुए। समारोह की शुरुआत बाबा चुहरमल की प्रतिमा पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। इस दौरान उपस्थित नेतागण और गणमान्य नागरिकों ने सामाजिक समरसता और ऐतिहासिक स्मृति के प्रतीक इन दोनों महापुरुषों को नमन किया। अपने संबोधन में अरुण मांझी ने कहा कि राजा सलहेश केवल इतिहास के पन्नों का एक नाम नहीं, बल्कि एक विचारधारा हैं। वे सामाजिक न्याय, दलित स्वाभिमान और आत्मसम्मान के प्रतीक हैं. आज के युवाओं को उनकी परंपरा से जुड़कर अपने अधिकारों की लड़ाई को मजबूत बनाना चाहिए. उन्होंने कहा कि राजा सलहेश जैसे व्यक्तित्वों को केवल उत्सव के रूप में नहीं, बल्कि आंदोलन और चेतना के रूप में अपनाना होगा, तभी समाज में व्याप्त असमानता और बहिष्कार की मानसिकता का अंत हो सकेगा। इस अवसर पर विभिन्न राजनीतिक दलों और सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे. इनमें प्रमुख रूप से रामानंद पासवान, मुंदिरिका राम, वकील साहब, भाजपा नेता अशोक सिंह, जदयू नेता सुमित कुशवाहा, छोटू सिंह, सतीश सिंह, पप्पू सिंह, जीतबाहन पासवान, रामबली राम, महेंद्र पासवान, भाजपा नेता राजकुमार पासवान, सोनू कुमार, राजन कुमार, सुधांशु कुमार शब्द, धीरज पासवान, शंकर पासवान, शैलेश लाल मांझी सहित सैकड़ों की संख्या में आमजन और युवा कार्यकर्ता शामिल थे।

# विश्वकर्मा पूजा मेला समिति की बैठक में लिए गए कई निर्णय

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बखरी।** प्रखण्ड क्षेत्र के घाघरा पंचायत में श्री श्री 108 श्री विश्वकर्मा पूजा मेला समिति की बैठक रविवार को संपन्न हुई। बैठक मेला समिति के अध्यक्ष व पुजारी चौतु पासवान के अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में सर्व समिति से अध्यक्ष चौतु पासवान सचिव अजय पासवान, कोषाध्यक्ष सुनील पासवान व कार्यकारिणी सुजीत ठाकुर, रामदरेश राम, गिरीश पासवान, बलराम पासवान, संजय पासवान, भजन राय व संयोजक महेंद्र केसरी को बनाया गया। मेला समिति के संयोजक महेंद्र केसरी ने बताया कि वर्षों से विश्वकर्मा पूजा के शुभ अवसर पर घाघड़ा विश्वकर्मा चौक पर भव्य मेला का भी आयोजन की जाती है। मेला में पूजा के साथ-साथ द लोक सांस्कृतिक विदेशिया नाच और टवर झूला, ब्रेक डांस, नाव झूला इत्यादि झूला मेला को आकर्षक बनती है। प्रत्येक वर्ष जन सहयोग से विश्वकर्मा पूजा मेला को सफल बनाया जाता है। मेला समिति के सदस्यों ने इस बार भी मिला को आकर्षक और भव्य रूप से मनाने का निर्णय लिया है। मेला समिति के सदस्यों ने बताया कि सबसे अच्छी बात यह है कि कई वर्षों से घाघड़ा चौक पर विश्वकर्मा पूजा का आयोजन होती आ रही है। इस बैठक में कृष्णनंदन पासवान, ललितेश्वर तांती, संजीत कुमार, सत्यनारायण तांती के अलावा दर्जनों की संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे।

## 5 सितंबर को मनाई जाएगी ईद मिलादुन्नबी

**फुलवारीशरीफ।** रबी-अल-अव्वल महीने का चाँद दिख गया है. रविवार 24 अगस्त 2025 को सफ़र 29, 1447 हिजरी के अनुसार प्रसिद्ध फुलवारी शरीफ़, खानकाह ए मुजीबिया,पटना स्थित इमारत-ए-शरिया के केंद्रीय कार्यालय और उसकी सभी शाखाओं में चाँद देखने की व्यवस्था की गई थी. इसी तरह ऑल इंडिया मिल्ली काउंसिल, बिहार ने भी फुलवारी शरीफ़ कार्यालय और उप-शाखाओं में रुएत-ए-हिलाल कमेटी की बैठक बुलाई थी। खानकाह ए मुजीबिया के प्रबंधक सय्यद शाह हजरत मौलाना मोहम्मद मिनहाजुद्दीन कादरी मुजीबी ने बताया की सूबा बिहार, राजधानी पटना सहित फुलवारी शरीफ़ और आसपास के क्षेत्रों में आसमान में बादल छाए रहने के कारण चाँद प्रत्यक्ष नहीं देखा जा सका. लेकिन बैंगलोर, कड़िया, आंध्रा प्रदेश, भटकल और देश के अन्य स्थानों से चाँद देखे जाने की खबरें प्राप्त हुईं और गवाहियों की पुष्टि कर ली गई। इस हिसाब से 12 रबी-अल-अव्वल, यानि 5 सितंबर 2025, शुक्रवार को ईद-ए-मिलादुन्नबी मनाई जाएगी. इस अवसर पर फुलवारी शरीफ़ स्थित प्रसिद्ध खानकाह-ए-मुजीबिया में हज़रत मोहम्मद साहब के यौमे पैदाइश पर सालाना उर्स का आयोजन होगा।

## सामान्य शब्दों को नहीं बना सकते ट्रेडमार्क, दिल्ली हाईकोर्ट से ट्रैवल कंपनी की अर्जी खारिज

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली हाईकोर्ट ने एक ट्रैवल कंपनी की यात्रा शब्द पर एकाधिकार की मांग वाली याचिका खारिज कर दी। कोर्ट ने कहा कि सामान्य शब्द कभी भी ट्रेडमार्क नहीं बन सकते। रोजमर्रा की भाषा में इस्तेमाल होने वाले शब्दों पर एकाधिकार नहीं किया जा सकता। ट्रैवल कंपनी यात्रा ऑनलाइन लिमिटेड ने मच कॉन्फ्रेंस एंड इवेंट्स लिमिटेड को बुकमाईयात्रा और बुकमाईयात्रा डॉट कॉम के तहत सेवाएं शुरू करने से रोकने की मांग की थी। न्यायमूर्ति तेजस करिया ने याचिका खारिज करते हुए कहा कि हिंदी में यात्रा शब्द ट्रैवल का समानार्थी होने के कारण यात्रा सेवाओं के संबंध में सामान्य और वर्णनात्मक है। कोई भी एकल संस्था इस पर विशिष्टता का दावा नहीं कर सकती। सामान्य या सामान्य वर्णनात्मक शब्द कभी भी अपने आप में ट्रेडमार्क नहीं बन सकते, क्योंकि वे कभी भी विशिष्टता या द्वितीयक अर्थ प्राप्त नहीं करते। ये शब्द उत्पत्ति या स्रोत का संकेत नहीं देते। यह स्थापित कानून है कि रोजमर्रा की भाषा में प्रयुक्त शब्दों पर एकाधिकार की अनुमति नहीं दी जा सकती। यात्रा ऑनलाइन के वकील ने दावा किया कि उसने 2006 से अपने यात्रा और यात्रा डॉट कॉम ब्रांडों में भारी साख बनाई है। इसके 15 मिलियन से अधिक ग्राहक हैं और वित्त वर्ष 2023-24 में 5,600 करोड़ रुपये से अधिक का कारोबार है। प्रतिद्वंद्वी ब्रांड बुकमाईयात्रा भ्रामक रूप से समान है और यात्रा की प्रतिष्ठा का फायदा उठाने के लिए इसे बुरी नीयत से अपनाया गया है। मैक कॉन्फ्रेंस के वकील ने दावा किया कि यात्रा एक वर्णनात्मक शब्द है। इसका प्रयोग भारत भर में सैकड़ों ट्रैवल ऑपरेटरों द्वारा दशकों से किया जा रहा है। यात्रा ऑनलाइन के पंजीकरण में स्पष्ट अस्वीकरण शामिल है जो इस शब्द पर किसी भी विशेष अधिकार को अस्वीकार करता है। बुक माई ने इन चिह्नों को एक विशिष्ट चरित्र प्रदान किया है, जो ऑनलाइन क्षेत्र में पहले से ही आम है।


## तेजी से बढ़े अवैध विदेशी सट्टेबाजी प्लेटफॉर्म, बिना टैक्स कारोबार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अक्तूबर, 2023 में वैध कौशल खेल पर नई जीएसटी व्यवस्था लागू होने के साथ ही भारत में अवैध विदेशी सट्टेबाजी प्लेटफार्मों में तेजी से वृद्धि हुई है। पंजीकृत घरेलू संचालक जीएसटी और टीडीएस जैसे कानूनों का पालन तो करते हैं, जबकि विदेशी संस्थाएं कर के दायरे से बाहर काम करती हैं। ये कंपनियां ग्राहकों को बिना जीएसटी बिना टैक्स के गेम खेलने का लालच देती हैं। आंकड़े बताते हैं कि अक्तूबर-दिसंबर 2024 के बीच चार प्रमुख ऑफशोर ऑपरेटरों (पारिमैच, स्टेक, 1 एक्सबेट, बैटरी बेट) पर 1.63 अरब विजिट हुआ। इनमें अकेले पारिमैच पर 1.2 अरब विजिट हुआ। इसमें एपीके डाउनलोड, वीपीएन उपयोग और मिरर साइट्स शामिल नहीं हैं, जिससे पता चलता है कि वास्तविक आंकड़ा और भी बड़ा है। अवैध सट्टेबाजी ऐप्स (डैफाबेट, 1 एक्सबेट, परिमैच, 4 राबेट, खेलो 24 बेट) के लिए गूगल सर्च ट्रेंड्स में अक्तूबर, 2023 के बाद तेज वृद्धि हुई है। यह 2024 के आईपीएल सीजन के आसपास चरम पर पहुंच गया, जो आक्रामक ग्राहक अधिग्रहण का संकेत देता है। अनुमानों के अनुसार भारत में अवैध जुए से जमा राशि प्रतिवर्ष 100 अरब डॉलर से अधिक है। यह सालाना 30 प्रतिशत की दर से बढ़ रही है। 28 प्रतिशत जीएसटी दर पर इसका अर्थ है कि प्रति वर्ष 2.3 लाख करोड़ रुपये से अधिक के संभावित टैक्स का घाटा सरकार को हो रहा है।2,500 करोड़ रुपये की रकम प्रति माह बोगस खातों के जरिये भेजी जा रही है। एडवर्टाइजिंग स्टैंडर्ड काउंसिल ऑफ इंडिया की 2024-25 की रिपोर्ट के अनुसार, विदेशी सट्टेबाजी और जुए के विज्ञापनों के 3,081 मामले सामने आएञ।

# जीएसटी रिफॉर्म के ऐलान से ज्वेलरी मार्केट में खलबली!

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
फेस्टिव सीजन के साथ ही वेडिंग सीजन की शॉपिंग शुरू होने वाली है। लेकिन इसी बीच सरकार द्वारा गुड्स सर्विस टैक्स (जीएसटी) को रिफॉर्म करने का ऐलान कर दिया गया है। नए प्रस्ताव के मुताबिक अब जीएसटी में सिर्फ 5 और 18 प्रतिशत के स्लैब ही शामिल होंगे। ऐसे में ज्वेलरी मार्केट में खलबली मच गई है। कारोबारियों का कहना है कि ज्वेलरी पर 3 प्रतिशत जीएसटी लगता है। आशंका है कि अगर उसे 5 प्रतिशत कर दिया गया तो ज्वेलरी कारोबार से लेकर आम आदमी के बजट पर तगड़ा झटका लगेगा। कारोबारियों की मांग है कि सरकार ज्वेलरी पर जीएसटी शुल्क बढ़ाने के बजाए कम करें।

दिल्ली एनसीआर ज्वेलर्स कमेटी के चेयरमैन अशोक सेठ बताते हैं कि बाजार में सन्नाटा



पसरा है। हर तरफ जीएसटी रिफॉर्म की चर्चा है। नौ साल में ज्वेलरी पर तीन गुना टैक्स का बोझ लोगों के कंधे पर डाल दिया गया है। उन्होंने बताया कि साल 2016 तक ज्वेलरी पर 1 प्रतिशत वैट लगता था। इसके बाद जीएसटी आया और ज्वेलरी पर 3 प्रतिशत जीएसटी लगा दिया गया है। फिर भी लोगों ने जूलरी खरीदी, लेकिन बीते छह महीने में ज्वेलरी की कीमत लगभग दोगुनी हो गई है।

**कालाबाजारी की जताई आशंका:** कूचा महाजनी के चांदी कारोबारी सुशील जैन ने बताया कि मार्केट में इस वक्त असमंजस की स्थिति है। हर कारोबारी अपना-अपना तर्क दे रहा है। कोई कह रहा है कि चांदी पर लगने वाला टैक्स बढ़ाया जाएगा, तो कोई कह रहा है कि जीएसटी टैक्स स्थिर ही रहेगा। लेकिन अगर चांदी और सोने पर जीएसटी शुल्क बढ़ा तो कालाबाजारी बढ़ सकती है।

### क्या है मार्केट में चर्चा?

अब मार्केट में यह चर्चा तेजी से फैल रही है कि सरकार जीएसटी रिफॉर्म करने जा रही है। अगर इसमें ज्वेलरी पर लगने वाले जीएसटी शुल्क को बढ़ाया गया तो मार्केट में मंदी फैल सकती है। ऐसे में सरकार से मांग है कि जीएसटी रिफॉर्म में ज्वेलरी पर लगने वाले जीएसटी शुल्क को न बढ़ाया जाए। बल्कि, कम कर दिया जाए।

### ...तो मार्केट में मच सकता है हाहाकार

दी बुलियन एंड ज्वैलर्स असोसिएशन के चेयरमैन योगेश सिंघल ने बताया कि ज्वेलरी मार्केट में इन दिनों सन्नाटा है। हालांकि, ज्वेलरी मार्केट में जीएसटी रिफॉर्म को लेकर चर्चा गर्म है। आशंका है कि अगर ज्वेलरी को 3 से 5 प्रतिशत के स्लैब में किया गया तो ज्वेलरी मार्केट में हाहाकार मच सकता है। लेकिन उम्मीद है कि सरकार ऐसा नहीं करेगी। असोसिएशन की मांग है कि ज्वेलरी पर लगने वाला जीएसटी शुल्क को 3 प्रतिशत से घटाकर 1 प्रतिशत पर लाया जाए।

## अडानी की कंपनी हिमाचल प्रदेश में खरीद रही सेब




**नई दिल्ली, एजेंसी।** अडानी एग्री फ्रेश लिमिटेड ने हिमाचल प्रदेश में सेब खरीदने का काम शुरू कर दिया है। यह खरीद साल 2025 की सीजन के लिए है। कंपनी ने सबसे अच्छी क्वालिटी के सेब के लिए शुरुआती रेट 85 रुपये प्रति किलोग्राम रखा है। यह रेट लार्ज-मीडियम-स्मॉल ग्रेड के सेब के लिए है। यह पिछले साल के शुरुआती रेट से 5 रुपये ज्यादा है। खरीद 24 अगस्त से शुरू होगी। कंपनी की सुविधाएं रोहरू, रामपुर और टुटू-पानी में हैं। 25 अगस्त से सैंज और जरोल-टिक्कर में खरीद शुरू होगी। रेककॉन्ग-पियो में 28 अगस्त से खरीद शुरू होगी। कंपनी के अनुसार, सेब के रंग के हिसाब से अलग-अलग रेट तय किए गए हैं। 80 से 100 प्रतिशत रंग वाले सेब को प्रीमियम कैटेगरी में रखा गया है। इस कैटेगरी में एक्स्ट्रा लार्ज सेब 45 रुपये प्रति किलोग्राम, एलएमएस सेब 85 रुपये प्रति किलोग्राम, एक्स्ट्रा स्मॉल सेब 75 रुपये प्रति किलोग्राम, एक्स्ट्रा एक्स्ट्रा स्मॉल सेब 65 रुपये प्रति किलोग्राम और सबसे छोटे साइज के सेब, जिन्हें स्थानीय भाषा में पिट्टू कहा जाता है, 45 रुपये प्रति किलोग्राम में खरीदे जाएंगे। 60 से 80 प्रतिशत रंग वाले सेब को सुप्रीम कैटेगरी में रखा गया है। इस कैटेगरी में एक्स्ट्रा लार्ज सेब 35 रुपये प्रति किलोग्राम, एलएमएस सेब 65 रुपये प्रति किलोग्राम, एक्स्ट्रा स्मॉल सेब 55 रुपये प्रति किलोग्राम, एक्स्ट्रा एक्स्ट्रा स्मॉल सेब 45 रुपये प्रति किलोग्राम और पिट्टू सेब 35 रुपये प्रति किलोग्राम में खरीदे जाएंगे। जिन सेबों में 60 प्रतिशत से कम रंग होगा, उन्हें 24 रुपये प्रति किलोग्राम में खरीदा जाएगा। यह रेट सभी साइज के सेबों के लिए है, सिवाय एक्स्ट्रा एक्स्ट्रा लार्ज के। ऋहरु सेब (ग्रेडिंग के दौरान रिजेक्टेड सेब) भी 24 रुपये में खरीदे जाएंगे। छोटे सेब चाहे उनका रंग कैसा भी हो, 20 रुपये प्रति किलोग्राम में खरीदे जाएंगे। हिमाचल प्रदेश में 11 लाख हेक्टेयर जमीन पर खेती होती है।

## अनोंदिता मेडिकेयर के आईपीओ पर टूट पड़े लोग

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कंडोम बनाने वाली कंपनी अनोंदिता मेडिकेयर के आईपीओ पर लोग टूट पड़े हैं। कंपनी का आईपीओ पहले ही दिन फुल हो गया है। अनोंदिता मेडिकेयर के आईपीओ पर सब्सक्रिप्शन के पहले दिन 22 अगस्त को 3.44 गुना दांव लग गया है। कंपनी का आईपीओ दांव लगाने के लिए 26 अगस्त 2025 तक खुला रहेगा। अनोंदिता मेडिकेयर पुरुषों और महिलाओं दोनों के लिए कंडोम बनाती है। कंपनी के पब्लिक इश्यू का टोटल साइज 69.50 करोड़ रुपये तक का है। अनोंदिता मेडिकेयर के आईपीओ में शेयर का दाम 145 रुपये है। कंपनी के शेयर ग्रे मार्केट में धमाल मचाए हुए हैं। अनोंदिता मेडिकेयर के शेयर ग्रे मार्केट में 65 रुपये के प्रीमियम के साथ कारोबार कर रहे हैं।

# इस हफ्ते खुल रहे हैं 10 कंपनियों के आईपीओ




**नई दिल्ली, एजेंसी।**
इस हफ्ते कई कंपनियों के आईपीओ ओपन रहे हैं। इसमें दो मेनबोर्ड आईपीओ है। वहीं, 8 कंपनियों के एसएमई सेगमेंट में आईपीओ खुल रहा है।

कंपनी के आईपीओ का साइज 26 अगस्त को खुल रहा है। निवेशकों के पास 29 अगस्त तक आईपीओ पर दांव लगाने का मौका रहेगा। इस कंपनी के आईपीओ का प्राइस बैंड 86 रुपये से 91 रुपये प्रति शेयर प्राइस बैंड है। कंपनी ने 164 शेयरों का एक लॉट बनाया है। जिसकी वजह से रिटेल निवेशकों को 14,104 रुपये का दांव लगाना होगा।

### सत्व इंजीनियरिंग कंस्ट्रक्शन आईपीओ

कंपनी का आईपीओ 26 अगस्त से 29 अगस्त तक खुला रहेगा। कंपनी के आईपीओ का साइज 35.38 करोड़ रुपये का है। इस आईपीओ का प्राइस बैंड 70 रुपये से 75 रुपये प्रति शेयर तय किया गया है।

कंपनी के आईपीओ का साइज 46.74 करोड़ रुपये का है। कंपनी के आईपीओ का प्राइस बैंड 80 रुपये से 85 रुपये प्रति शेयर तय किया गया है। इस आईपीओ का लॉट साइज 1600 शेयरों का है। बता दें, आईपीओ का 28 अगस्त से 1 सितंबर तक खुला रहेगा। कंपनी का आईपीओ 29 अगस्त से 2 सितंबर तक खुला रहेगा। इस आईपीओ का साइज 85.66 करोड़ रुपये का है। इस आईपीओ का प्राइस बैंड 117 रुपये से 123 रुपये प्रति शेयर तय किया गया है।

### 2-विक्रम इंजीनियरिंग आईपीओ

यह आईपीओ 26 अगस्त को ओपन होगा। मेनबोर्ड आईपीओ 29 अगस्त तक खुला रहेगा। आईपीओ का प्राइस बैंड 92 रुपये से 97 रुपये प्रति शेयर तय किया गया है। वहीं, लॉट साइज 148 शेयरों का बनाया गया है। रिटेल निवेशकों को कम से कम 13,616 रुपये का दांव लगाना होगा।

### एसएमई सेगमेंट में आईपीओ

आईपीओ कल यानी 25 अगस्त को खुलेगा। निवेशकों के पास 28 अगस्त तक खुला रहेगा। इस आईपीओ का प्राइस बैंड 72 रुपये प्रति शेयर तय किया है। कंपनी के आईपीओ का साइज 31.05 करोड़ रुपये है। कंपनी ने आईपीओ के लिए 105 रुपये से 111 रुपये का प्राइस बैंड तय किया है। इस कंपनी का आईपीओ का लॉट साइज 1200 शेयरों का है। आईपीओ 28 अगस्त तक ओपन रहेगा। इस आईपीओ का प्राइस बैंड 76 रुपये से 80 रुपये प्रति शेयर तय किया गया है। 26 से 29 अगस्त तक आईपीओ ओपन रहेगा। बता दें, इस कंपनी का लॉट साइज 1600 शेयरों का है।

# वकालत छोड़ पाल लिए गधे... अनोखे प्रोडक्ट बनाए कि अब करोड़ों का कारोबार



**नई दिल्ली, एजेंसी।**
यह कहानी तमिलनाडु के राजू जोसेफ की है। उन्होंने पारंपरिक रास्ते से हटकर ऐसा व्यवसाय शुरू किया जिसकी कल्पना करना भी मुश्किल है। कानून की पढ़ाई में पोस्ट ग्रेजुएट डिग्री होने के बावजूद उन्होंने गधों को पालने और उनसे बने उत्पादों को बेचने का अनूठा विचार अपनाया। जोसेफ ने इस आइडिया को सफल वेंचर में बदल दिया। 2018 में ऐंधिनै नाम से शुरू हुई यह कंपनी आज करोड़ों का का कारोबार कर रही है। उन्होंने यह अनोखा बिजनेस इसलिए शुरू किया क्योंकि वह डंकी मिल्क के हेल्थ बेनिफिट्स के बारे में जानते थे। राजू जोसेफ का यह सफर न केवल आर्थिक सफलता की कहानी है। अलबत्ता, यह दिखाता है कि कैसे एक साधारण विचार को समर्पण और मेहनत से बड़े व्यवसाय में बदला जा सकता है। आइए, यहां राजू जोसेफ की सफलता के सफर के बारे में जानते हैं।

राजू की कंपनी ऐंधिनै फार्मर्स प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड ने अपने उत्पादों को विविधता प्रदान की है। वह गधी का दूध 5000 रुपये प्रति लीटर के हिसाब से बेचते हैं। इसका इस्तेमाल आयुर्वेदिक डॉक्टर और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक लोग करते हैं। इसके अलावा, वह गधे के मूत्र और गोबर से बने उत्पाद भी बेचते हैं। इनकी कीमत 250 रुपये प्रति लीटर तक है। उनके उत्पादों में गधे के बालों से बने ताबीज और सुगंधित धूप भी शामिल हैं।

उन्हें अच्छी किस्मत लाने वाला माना जाता है।

### बहुत छोटी थी शुरुआत

राजू जोसेफ तमिलनाडु के त्रिची जिले के एक छोटे से कस्बे मुसिरी के रहने वाले हैं। उनके पास वकालत में दोहरी पोस्ट ग्रेजुएट डिग्री है। राजू ने एक ऐसा व्यवसाय शुरू किया जिसकी किसी ने कल्पना नहीं की थी। साल 2018 में उन्होंने 15 लाख रुपये के निवेश से मुसिरी में ऐंधिनै नाम से गधे पालने का अपना अनोखा व्यवसाय शुरू किया। शुरुआत में उनके पास केवल सात गधे और दो कर्मचारी थे। उनकी पत्नी बेबी थेरेसा ने उनका पूरा साथ दिया। पांच साल के भीतर उनके इस छोटे से वेंचर ने 1.5 करोड़ रुपये का टर्नओवर हासिल कर लिया।

### जिंदगी में देखे कई उतार-चढ़ाव

राजू का जीवन हमेशा से आसान नहीं रहा। एक छोटे गांव से होने के कारण उन्हें शहर के स्कूल में अंग्रेजी सीखने में बहुत कठिनाई हुई। लेकिन, इस अनुभव ने उन्हें प्रेरित किया। उन्होंने एक एनजीओ शुरू किया। इसके जरिये वह गांव के बच्चों को पढ़ाते थे। अपने खेतों में जैविक खेती का अभ्यास करने के बाद उन्होंने महसूस किया कि गधे पालना एक ऐसा क्षेत्र है जहां बहुत कम लोग काम कर रहे हैं। उन्होंने गधी के दूध के औषधीय गुणों को समझा। इसे उनकी मां ने खुद इस्तेमाल किया था। कई चुनौतियों के बावजूद उन्होंने सात बीमार गधों को खरीदा और उनकी देखभाल में बहुत पैसा खर्च किया। शुरुआत में कमाई कम थी, लेकिन धीरे-धीरे उन्होंने प्रति माह 60-70 हजार रुपये कमाना शुरू कर दिया, जो बाद में दस गुना बढ़ गया।

### भविष्य में ये हैं प्लान

आज राजू की सफलता ने उन्हें प्रेरणादायक उद्यमी बना दिया है। वह गधी के दूध के पाउडर से कैप्सूल बनाने और तनाव कम करने वाली डंकी असिस्टेड थिरेपी शुरू करने की योजना बना रहे हैं। वह दूसरों को भी इस अनोखे व्यवसाय के बारे में सिखाने के लिए ऑनलाइन कक्षाएं शुरू करना चाहते हैं। राजू की पत्नी बेबी थेरेसा उनके व्यवसाय का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। वे दोनों मिलकर इस कम ध्यान दिए जाने वाले जानवर को एक बेहतर जीवन देने के लिए समर्पित हैं। उनकी यह साझेदारी न केवल उनके व्यवसाय को आगे बढ़ा रही है, बल्कि एक सामाजिक संदेश भी दे रही है कि कैसे इनोवेशन और डेडिकेशन से किसी भी क्षेत्र में सफलता हासिल की जा सकती है।

### आरकॉम और अनिल अंबानी की बढ़ीं मुश्किलें

# एसबीआई के बाद अब बैंक ऑफ इंडिया ने दिया बड़ा झटका

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
भारतीय स्टेट बैंक के बाद बैंक ऑफ इंडिया ने दिवालिया रिलायंस कम्युनिकेशंस के ऋण खाते को धोखाधड़ी वाला घोषित कर दिया है। मामले में पूर्व निदेशक उद्योगपति अनिल अंबानी का नाम भी शामिल किया है। नियामकीय फाइलिंग के अनुसार, 2016 में कथित तौर पर धन के दुरुपयोग का हवाला देते हुए बैंक ऑफ इंडिया ने भी इस ऋण खाते को धोखाधड़ी वाला घोषित कर दिया है। सरकारी स्वामित्व वाले बैंक ऑफ इंडिया ने अगस्त 2016 में रिलायंस कम्युनिकेशंस को उसके चालू पूंजीगत और परिचालन व्यय व मौजूदा देनदारियों के भुगतान के लिए 700 करोड़ रुपये का ऋण दिया था। आरकॉम की ओर से स्टॉक एक्सचेंज में दाखिल की गई जानकारी में बैंक के पत्र के अनुसार, अक्तूबर 2016 में वितरित की गई स्वीकृत राशि का आधा हिस्सा एक सावधि जमा में निवेश किया गया था, जिसकी स्वीकृति पत्र के अनुसार अनुमति नहीं थी। आरकॉम ने कहा कि उसे 22 अगस्त को बैंक ऑफ इंडिया से 8 अगस्त का एक पत्र मिला है, जिसमें बैंक की ओर से कंपनी, अनिल अंबानी (कंपनी के प्रवर्तक और पूर्व निदेशक) और मंजरी अशोक कक्कड़ (कंपनी की पूर्व निदेशक) के ऋण खातों को धोखाधड़ी वाले के रूप में



वर्गीकृत करने के फैसले की जानकारी दी गई है।इससे पहले भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने भी इसी साल जून में ऐसा ही किया था, जिसमें ऋण की शर्तों का उल्लंघन करके बैंक के धन की हेराफेरी का आरोप लगाया गया था। एसबीआई की शिकायत के बाद केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने शनिवार को रिलायंस कम्युनिकेशंस और अंबानी के आवास से जुड़े परिसरों की तलाशी ली थी। सीबीआई ने कहा कि उसने भारतीय स्टेट बैंक की ओर से रिलायंस कम्युनिकेशंस और अनिल अंबानी (जो एशिया के सबसे अमीर व्यक्ति मुकेश अंबानी के छोटे भाई हैं) की ओर से कथित हेराफेरी के परिणामस्वरूप 2,929.05 करोड़ रुपये के नुकसान का दावा करने के बाद शिकायत दर्ज की है।

# अब डाकिया म्यूचुअल फंड भी लाएगा...

### 1 लाख पोस्टमैन को दी जाएगी ट्रेनिंग, पोस्ट ऑफिस के जरिए कर सकेंगे निवेश

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
भारतीय म्यूचुअल फंड उद्योग को बढ़ावा देने के लिए एक बड़ी पहल की जा रही है। एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया इंडिया पोस्ट के साथ मिलकर काम कर रहा है। इसका लक्ष्य है कि लगभग एक लाख पोस्टमैन को म्यूचुअल फंड वितरक के रूप में प्रशिक्षित किया जाए। इससे निवेशकों की संख्या को दोगुना करने में मदद मिलेगी।

वहीं दूसरी ओर डाक विभाग और एएमएफआई ने एक बड़ा फैसला लिया है। अब पोस्ट ऑफिस के जरिए म्यूचुअल फंड भी बेचे जाएंगे। इससे ज़्यादा से ज्यादा लोगों तक वित्तीय सेवाएं पहुंच सकेंगी। इसके लिए डाक विभाग और एएमएफआई के बीच एक समझौता हुआ है। यह समझौता 22 अगस्त 2025 से शुरू होकर 21 अगस्त 2028 तक तीन साल के लिए है। इसे आगे भी बढ़ाया जा सकता है। इस समझौते के बाद, इंडिया पोस्ट म्यूचुअल फंड में निवेश करने में लोगों की मदद करेगा। खासकर, इसका फायदा गांवों और छोटे शहरों में रहने वाले लोगों को मिलेगा।

**क्या है समझौते का मकसद?:** संचार मंत्रालय के अनुसार, इस पहल का मकसद




म्यूचुअल फंड को ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचाना है। पोस्ट ऑफिस पर लोगों का भरोसा है और इसकी पहुंच भी देश के कोने-कोने तक है। इस समझौते के तहत, डाक विभाग के कर्मचारी म्यूचुअल फंड डिस्ट्रीब्यूटर के तौर पर काम करेंगे। इससे छोटे शहरों और गांवों में म्यूचुअल फंड की जानकारी ज्यादा लोगों तक पहुंचेगी। इन इलाकों में अभी तक लोगों को वित्तीय उत्पादों के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं है। एएमएफआई के मुख्य कार्यकारी वेंकट एन चलासानी ने बताया कि उन्होंने चार राज्यों को चुना है। ये राज्य हैं बिहार, आंध्र प्रदेश, ओडिशा और मेघालय। इन राज्यों में कॉलेज के छात्रों को ट्रेनिंग दी जाएगी।

### एसआईपी के माध्यम से बढ़ी संख्या

हर साल लगभग 30,000 नए वितरक म्यूचुअल फंड उद्योग में शामिल होते हैं। लेकिन, शुद्ध रूप से लगभग 10,000 ही टिक पाते हैं। ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के आने से नए म्यूचुअल फंड निवेशकों की संख्या में वृद्धि हुई है। खासकर एसआइपी (सिस्टमैटिक इन्वेस्टमेंट प्लान) के माध्यम से निवेश करने वालों की संख्या बढ़ी है। छोटे शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों में म्यूचुअल फंड की पहुंच बढ़ाने के लिए नए वितरक बहुत महत्वपूर्ण हैं। पोस्ट ऑफिस के जरिए म्यूचुअल फंड बेचने से गांवों और छोटे शहरों के लोगों को निवेश करने का एक नया मौका मिलेगा।



# विपुल शाह ने अक्षय कुमार को लेकर किए कई खुलासे

फिल्म निर्माता और निर्देशक विपुल शाह और अक्षय कुमार ने एक साथ फिल्म नमस्ते लंदन में एक साथ काम किया है। विपुल का कहना है कि अक्षय कुमार एक शानदार अभिनेता हैं, लेकिन उन्हें उतना सम्मान नहीं मिलता जितना वे डिजर्व करते हैं।

## विपुल का अक्षय के अभिनय को लेकर खुलासा

गैलाटा प्लस के एक इंटरव्यू में विपुल ने बताया कि अक्षय को खुद नहीं पता कि वे कितने कमाल के हैं। शुरूआत में लोग उन्हें सिर्फ एक्शन हीरो मानते थे, फिर उन्होंने कॉमेडी फिल्में कीं, लेकिन आलोचकों ने उन्हें गंभीरता से नहीं लिया। विपुल को लगता है कि अक्षय के पास बहुत कुछ करने की क्षमता है।

## अक्षय के पंजाबी किरकार को लेकर विपुल की राय

विपुल ने कहा कि अक्षय अलग-अलग किरदारों को आसानी से निभा लेते हैं, चाहे वह हंसी-मजाक का सीन हो या गंभीर सीन। वे हर किरदार में पूरी तरह डूब जाते हैं। विपुल ने यह भी कहा कि अक्षय के करियर में किसी ने उन्हें असली पंजाबी किरदार में नहीं दिखाया। उनकी फिल्म नमस्ते लंदन में अक्षय को एक बेफिक्र, मस्ती पसंद पंजाबी लड़के के रूप में पेश किया गया, जो उनके लिए बहुत स्वाभाविक था। विपुल ने बताया कि अक्षय बार-बार खुद को नए रूप में ढालकर कई साल से दर्शकों के बीच लोकप्रिय बने हुए हैं।

## अक्षय का वर्कफ्रंट

हाल ही में अक्षय केसरी चैप्टर 2 में नजर आए थे। इस फिल्म के बाद अब अक्षय जॉली एलएलबी 3 में नजर आएंगे। इस फिल्म का निर्देशन सुभाष कपूर ने किया है। यह एक ब्लैक कॉमेडी फिल्म है। भारतीय कानूनी कॉमेडी फिल्मों की जॉली एलएलबी श्रृंखला का तीसरा भाग है। इस फिल्म में अक्षय के अलावा अरशद वारसी नजर आएंगे।





# परफेक्ट होना जरूरी नहीं गलतियां भी ठीक हैं

अभिनेत्री अनन्या पांडे का मानना है कि लगातार लोगों की नजरों में रहना कभी-कभी मुश्किल हो सकता है, लेकिन अपने चाहने वालों और लगातार काम पर ध्यान केंद्रित करने से वे संतुलन बनाए रखती हैं। अनन्या ने यह भी कहा कि उनका आत्मविश्वास खुद को स्वीकार करने से आता है और यह जानने से कि परफेक्ट होना जरूरी नहीं है—कभी-कभी गलतियां भी ठीक होती हैं। जब बातचीत में अनन्या से पूछा कि वह लगातार लोगों की नजरों के बीच अपने आत्मसम्मान और आत्मविश्वास को कैसे बनाए रखती हैं, तो उन्होंने इस सवाल का जवाब दिया, यह हमेशा आसान नहीं होता। कुछ दिन ऐसे भी होते हैं जब बातें आपको बहुत परेशान करने लगती हैं। समय के साथ उन्होंने यह सीख लिया है कि जिंदगी में सच्चे रिश्तों और पसंद के काम को अहमियत देना जरूरी है। अनन्या ने बताया, मैं जमीन से जुड़ी रहने की कोशिश करती हूं और खुद को याद दिलाती हूं कि परफेक्ट न होना भी ठीक है। आत्मविश्वास तब आता है जब आप अपने अच्छे और बुरे दोनों में खुद को स्वीकार करते हैं। जैसा कि कहा जाता है, कोई भी परफेक्ट नहीं होता! अनन्या ने हाल ही में एयरबीएनबी के लिए एक खास अनुभव की मेजबानी की, जिसमें उनकी ए-टीम ने हिस्सा लिया। इस अनुभव के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा, यह मेरे लिए सबसे खास अनुभवों में से एक है, लेकिन मेरे लिए इसमें सबसे खास बात यह है कि यहां पर मेहमानों के अंदर आत्मविश्वास में बदलाव देखना। यह उनके लुक को बदलने के बारे में नहीं है, बल्कि उनके असल रूप को सेलिब्रेट करने के बारे में है। ग्लैम सेशन के बाद, सभी के साथ समय बिताना, हंसी-मजाक, और मजेदार सेल्फी लेना इसे और भी यादगार बनाता है। अनन्या की आगामी फिल्म तू मेरी मैं तेरा, मैं तेरा तू मेरी में कार्तिक आर्यन, जैकी श्रॉफ, नीना गुप्ता और अन्य कलाकार महत्वपूर्ण भूमिकाओं में हैं। कार्तिक और अनन्या इससे पहले 2019 में पति, पत्नी और वो में साथ नजर आ चुके हैं। करण जौहर, अदार पूनावाला, अपूर्व मेहता, शरीन मंत्री केडिया और किशोर अरोड़ा द्वारा निर्मित यह फिल्म अगले साल 13 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होने की संभावना है।

# नुसरत की फिल्म की रिलीज डेट आई सामने

बॉलीवुड अभिनेत्री नुसरत भरुचा इन दिनों अपनी अगली फिल्म 'उफ्फ ये सियापा' को लेकर सुर्खियों में हैं। कॉमेडी और ड्रामा से भरपूर इस फिल्म की रिलीज डेट सामने आ गई है। इस फिल्म से लंबे समय बाद नुसरत कॉमेडी अंदाज में बड़े पर्दे पर नजर आने वाली हैं। फिल्म की टीम और निर्देशन फिल्म का निर्देशन जी अशोक ने किया है, जो 'पिल्ला जमींदार', 'भागमती' और 'सुकुमारुडु' जैसी फिल्मों के लिए पहचाने जाते हैं। निर्माता लव रंजन और अंकुर गर्ग ने इस फिल्म को प्रोड्यूस किया है। लव रंजन और नुसरत भरुचा की जोड़ी पहले भी कई हिट फिल्मों में दर्शकों का मनोरंजन कर चुकी है, ऐसे में इस बार भी दर्शकों की उम्मीदें काफी बढ़ गई हैं। नुसरत भरुचा के अलावा फिल्म में नोरा फतेही, सोहम शाह, ओंकार कपूर और शारीब हाशमी भी नज़र आएंगे। सभी कलाकार अपने-अपने किरदारों में दर्शकों को चौंकाने के लिए तैयार हैं। हालांकि अभी तक फिल्म की कहानी का खुलासा नहीं किया गया है, लेकिन मेकर्स का दावा है कि इसमें हंसी और ड्रामा का जबरदस्त कॉम्बिनेशन देखने को मिलेगा।





# नीरू बाजवा ने इंडस्ट्री में एंट्री के लिए बोला झूठ

पंजाबी फिल्म इंडस्ट्री की जानी-मानी अभिनेत्री नीरू बाजवा इन दिनों फिल्म तेहरान को लेकर सुर्खियां बटोर रही हैं। उन्होंने बताया कि फिल्म इंडस्ट्री में जगह बनाने के लिए झूठ का सहारा लेना पड़ा था। अभिनेत्री ने आईएएनएस से खास बातचीत की थी, जिसमें उन्होंने बताया था कि कनाडा से आने वाले लोगों को लेकर इंडस्ट्री में एक गलत धारणा थी, इसलिए उन्होंने सबसे कहा था कि वह चंडीगढ़ की रहने वाली हैं। नीरू ने कहा, इंडस्ट्री में पहले लोगों को लगता था कि अगर आप कनाडा से हो, तो आपको स्थानीय भाषा अच्छे से नहीं आती होगी और आप अच्छे से भारतीय या पंजाबी भाषा नहीं बोल पाओगे। इसलिए मैं लोगों से झूठ बोला करती थी कि मैं चंडीगढ़ की रहने वाली हूं और सबसे भारतीय लहजे में बात करती थी, क्योंकि मैं इस सोच से तंग आ गई थी। साथ ही, मैं ये भी जानती थी कि उन्हें कितना भी समझाओ, वे नहीं मानेंगे।

# कल्पना चावला की बायोपिक करना चाहती हैं कुब्रा सैत

अभिनेत्री कुब्रा सैत जल्द ही काजोल के साथ 'ट्रायल सीजन 2' में नजर आएंगी। हाल ही में उन्होंने फिल्म 'सन ऑफ सरदार 2' में काम किया था। बातचीत में कुब्रा ने अपनी फिल्मों के अनुभव, इंडस्ट्री में आए बदलाव और आने वाले प्रोजेक्ट्स के बारे में विस्तार से चर्चा की।

## कैसा रहा काजोल के साथ काम करने का अनुभव

कुब्रा अब जल्द ही 'ट्रायल सीजन 2' में नजर आएंगी। इसको लेकर अभिनेत्री काफी उत्साहित हैं। इसके बारे में उनका कहना है कि मेरा किरदार बहुत सुंदर है और यह मेरे लिए एक शानदार अवसर है। काजोल के साथ काम करना बहुत खास है। उनकी एनर्जी और सरल स्वभाव मुझे प्रेरित करता है। मुझे हैरानी हुई कि काजोल को पढ़ने का बहुत शौक है और वह सिर्फ फिक्शन पढ़ती हैं। उनकी कल्पना बहुत रंगीन है और वे किसी भी बात को आसानी से समझ लेती हैं। उनके साथ काम करना मजेदार और प्रेरणादायक है।

## पहली भारतीय महिला अंतरिक्ष यात्री की बायोपिक करना चाहती हूं

अपने ड्रीम रोल और बायोपिक को लेकर कुब्रा का कहना है कि अगर मुझे कोई रोल निभाना है तो मैं उसे खुद लिख सकती हूं। फिलहाल मैं अपने किरदारों का आनंद ले रही हूं। बायोपिक के सवाल पर वो कहती हैं कि हां, अगर मौका मिले तो मैं कल्पना चावला की बायोपिक में उनका किरदार निभाने के लिए तैयार हूं। उनका जीवन, हौसला और उपलब्धियां बहुत प्रेरणादायक हैं। मुझे उम्मीद है कि उनके जज्बे और साहस को पर्दे पर उतारना मेरे लिए एक बेहद खास अनुभव होगा। यह मेरे लिए सिर्फ एक अभिनय का मौका नहीं, बल्कि सम्मान और प्रेरणा का भी कारण होगा। कुब्रा डेविड धवन के निर्देशन में बन रही फिल्म 'हैं जवानी तो इश्क होना है' में भी नजर आने वाली हैं। इसको लेकर उन्होंने बताया कि यह एक छोटा सा रोल था, लेकिन मेरे लिए खास अनुभव रहा।





# पॉडकास्ट करने वालों को करण जौहर ने क्यों लताड़ा

करण जौहर अक्सर ही अपनी फिल्मों और जिंदगी को लेकर सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए कई बातें साझा करते हैं। हाल ही में अपने इंस्टाग्राम पेज के स्टोरी सेक्शन में उन्होंने एक बड़ी सी पोस्ट शेयर की। जिसमें पॉडकास्ट करने वाले लोगों को लेकर नाराजगी जाहिर की। करण जौहर ने अपनी इंस्टाग्राम पोस्ट में लिखा, 'मैं मीडिया के भरोसेमंद, सम्मानित लोगों का बहुत सम्मान करता हूं। लेकिन पॉडकास्टर्स ऐसे मेहमानों को बुलाते हैं, जिनके पास खोने के लिए कुछ नहीं है। जिन्हें द्वितीय विश्व युद्ध के बाद से कहीं नहीं बुलाया गया है। वे मेहमान जहर उगलते हैं और हमारी फिल्म इंडस्ट्री के मेहनती और दिग्गज लोगों के बारे में बेहद अपमानजनक बातें कहते हैं।'

## पॉडकास्ट के कंटेंट पर रोक की मांग करते दिखे निर्देशक

करण जौहर ने पोस्ट में आगे लिखा, 'यह सब बंद होना चाहिए। फिल्म इंडस्ट्री के लोगों की मौत के बारे में भी भयानक और डरावने खुलासे करने वाले मनोविज्ञानी और ज्योतिषी बहुत असंवेदनशील हैं। यह फ्रीडम ऑफ स्पीज है? क्या यह फॉलोअर्स के लिए क्लिकबेट नहीं है?' करण जौहर ने अपनी पोस्ट में किसी पॉडकास्टर का नाम नहीं लिया है। करण जौहर सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए पॉडकास्ट करने वालों को लताड़ रहे हैं। लेकिन वह खुद एक टॉक शो काफी विद करण में बॉलीवुड के अफेयर और कई चटपटी बातों को साझा करते थे। सेलिब्रिटीज से भी अटपटे सवाल पूछते थे। इस शो को दर्शकों ने काफी पसंद भी किया था। करण जौहर बतौर प्रोड्यूसर भी एक्टिव हैं, वह एक फिल्म तू मेरी मैं तेरा... प्रोड्यूस कर रहे हैं। इसके अलावा भी कुछ फिल्म उनका प्रोडक्शन हाउस धर्मा प्रोड्यूस कर रहा है।



# 'द बंगाल फाइल्स' का हिस्सा बनकर गर्व महसूस करते हैं मिथुन

**फिल्मी दुनिया के महागुरु कहे जाने वाले मिथुन चक्रवर्ती ने अपने लंबे करियर में हर रंग देखा है। कभी वे नाचते-गाते हीरो बने, कभी पर्दे पर खलनायक को चुनौती दी और कभी ऐसे किरदार निभाए जिन्हें देखने के बाद ऑडियंस की आंखें भर आईं। अब विवेक अग्निहोत्री की अगली फिल्म द बंगाल फाइल्स में वो एक बार फिर बिल्कुल अलग अंदाज में नजर आने वाले हैं। फिल्म में उनका किरदार है मैडमैन - एक ऐसा इंसान जिसे समाज पागल समझता है, लेकिन असल में वही सबसे बड़ा सच बोलने वाला है।**

**विवेक अग्निहोत्री ने जब आपको द बंगाल फाइल्स ऑफर की तो सबसे पहले आपके मन में क्या आया?**

विवेक जब भी मेरे पास आते हैं, तो मुझे पहले से पता होता है कि वे मुझे कभी आसान किरदार नहीं देंगे। वो हमेशा ऐसा रोल लिखते हैं जिसमें आत्मा हो और जो लोगों के दिल पर असर करे। इस बार उन्होंने मुझे एक ऐसा इंसान दिया जिसे लोग पागल कहते हैं, लेकिन असल में वह पागल नहीं है। वह सच बोलने वाला आदमी है। किरदार का नाम है मैडमैन। उसके साथ बहुत अन्याय हुआ है। उसकी जुबान जला दी गई, उसका परिवार खत्म कर दिया गया, वह कचरे से खाना खाता है। लेकिन उसके पास सच बोलने की ताकत अब भी है। यही सच इस फिल्म की असली जान है।

**इस किरदार को निभाना कितना मुश्किल रहा?**

यह मेरे करियर का सबसे कठिन किरदार था। सोचिए, अगर किसी की जुबान जला दी जाए तो वह बोल तो सकता है, लेकिन हर शब्द निकालने में दर्द होगा। मुझे उसी दर्द को आवाज में उतारना पड़ा। हर डायलॉग टूटी-फूटी आवाज में बोलना और यह दिखाना कि बोलने की कोशिश ही उसकी सबसे बड़ी लड़ाई है। कभी-कभी यह किरदार गुस्से में दिखता है, लेकिन अंदर से वह टूटा हुआ इंसान है। कई बार सीन खत्म होने के बाद भी मैं उस पीड़ा से बाहर नहीं निकल पाता था।

**इस फिल्म की कहानी ने आपको निजी तौर पर कितना छुआ?**

यह घटना मेरे जन्म से पहले की है। मैंने किताबों में सिर्फ नोआखाली नरसंहार का नाम सुना था, लेकिन विस्तार से कुछ नहीं पढ़ा। असलियत यह है कि उस समय करीब चालीस हजार हिन्दुओं का कत्लेआम हुआ, लेकिन इतिहास की किताबों में इसे दबा दिया गया। सवाल यह है कि आखिर क्यों छिपाया गया? क्या इसलिए कि बहुतों की राजनीति पर असर पड़ता? विवेक ने रिसर्च कर इस सच्चाई को सामने लाया है और यही वजह है कि लोग डर रहे हैं। मेरा मानना है कि सच चाहे जितना छिपाओ, एक दिन बाहर आ ही जाता है।

**लोग कहते हैं विवेक अग्निहोत्री की फिल्में प्रोपेगेंडा होती हैं। आप क्या सोचते हैं?**

मुझे यह समझ नहीं आता कि लोग इसे प्रोपेगेंडा क्यों कहते हैं। यह कहानी आज की राजनीति से जुड़ी हुई नहीं है। यह तो आजादी से पहले की बात है। जब सच सामने आता है तो बहुतों को चोट लगती है और लोग नाम दे देते हैं कि यह प्रोपेगेंडा है। मेरे हिसाब से कला का काम सच दिखाना है। अगर कलाकार से यह आजादी छीन ली जाए तो कला खत्म हो जाएगी।

**ऐसी फिल्मों का हिस्सा बनकर आपको कैसा लगता है?**

बहुत गर्व होता है। जब आप अपने देश की असली सच्चाई लोगों तक पहुंचाते हैं तो वह सिर्फ फिल्म नहीं रहती, बल्कि एक जिम्मेदारी बन जाती है। ऐसे किरदार निभाना आसान नहीं होता, लेकिन जब ऑडियंस कहती है कि आप हमारी आवाज हैं तो लगता है मेहनत सफल हुई।





# मारिया शारापोवा टेनिस हॉल ऑफ फेम में शामिल

**न्यूपोर्ट, एजेंसी।** शारापोवा ने कहा, आपके आसपास किसी ऐसे खिलाड़ी का होना वरदान से कम नहीं है जो आपको चरम पर पहुंचने के लिए प्रेरित करे। अपने जमाने की दिग्गज टेनिस खिलाड़ी मारिया शारापोवा तथा युगल में अपनी विशेष छाप छोड़ने वाले ब्रायन बंधु माइक और बॉब को अंतरराष्ट्रीय टेनिस हॉल ऑफ फेम में शामिल किया गया है। इस अवसर पर 23 बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन सेरेना विलियम्स भी उपस्थित थी। उन्होंने अपनी पूर्व प्रतिद्वंद्वी, पूर्व प्रशंसक और सहेली शारापोवा का परिचय कराया। सेरेना 2027 में टेनिस हॉल ऑफ फेम में शामिल होने की पात्र होगी। सेरेना ने कहा, मेरे करियर में कुछ ही खिलाड़ी ऐसे हैं जिन्होंने मुझे हर बार कोर्ट पर उतरते ही सर्वश्रेष्ठ बनने की चुनौती दी। मारिया शारापोवा उनमें से एक थीं। जब भी मैंने ड्रॉ में अपने नाम के बगल में उनका नाम देखा, तो मैंने और कड़ा अभ्यास किया। इस अवसर पर शारापोवा ने कहा, आपके आसपास किसी ऐसे खिलाड़ी का होना वरदान से कम नहीं है जो आपको चरम पर पहुंचने के लिए प्रेरित करे।

### विश्व रैंकिंग में नंबर एक पर पहुंचने वाली रूस की पहली महिला खिलाड़ी

विश्व रैंकिंग में नंबर एक पर पहुंचने वाली रूस की पहली महिला खिलाड़ी और करियर ग्रैंड स्लैम पूरा करने वाली दस महिला खिलाड़ियों में से एक शारापोवा को अमेरिका के जुड़वा भाईयों माइक और बॉब ब्रायन के साथ टेनिस हॉल ऑफ फेम में शामिल किया गया। इस मौके पर हॉल ऑफ फेमर्स मार्टिना नवरातिलोवा, जिम कूरियर, स्टेन स्मिथ और एंडी रॉडिक भी अपने नीले हॉल ऑफ फेम ब्लेजर पहने हुए दर्शकों में शामिल थे। शारापोवा और ब्रायन बंधुओं को एक कास्ट टेनिस रैकेट भी दिया गया, जो हॉल ऑफ़ फ़ेम की ओर से शामिल होने वालों के लिए नया उपहार है।

# पुजारा ने क्रिकेट को कहा अलविदा

## 26 महीने से भारतीय टीम से थे बाहर



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट के दिग्गज चेतेश्वर पुजारा ने रविवार (24 अगस्त) को क्रिकेट से संन्यास का ऐलान कर दिया। वह भारत की टेस्ट टीम से 26 महीने से बाहर थे। वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल 2023 के बाद भारतीय टीम से बाहर हो गए थे। इसके बाद भी पुजारा का अचानक संन्यास लेने का फैसला हैरानी भरा है। बीते सप्ताह खबर आई थी कि वह घरेलू क्रिकेट के आगामी सत्र के लिए सौराष्ट्र के लिए खेलने के लिए उपलब्ध रहेंगे।

पुजारा ने इंस्टाग्राम पर एक भावुक नोट लिखकर क्रिकेट से संन्यास का ऐलान किया। इस पोस्ट को शेयर करते हुए लिखा, भारतीय जर्सी पहनना, राष्ट्रगान गाना और हर बार मैदान पर कदम रखते ही अपना सर्वश्रेष्ठ देने की कोशिश करना - इसका असली मतलब शब्दों में बयां करना नामुमकिन है। लेकिन जैसा कि कहा जाता है हर अच्छी चीज का अंत होता है और अपार कृतज्ञता के साथ मैंने भारतीय क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास लेने का फैसला किया है।

### चेतेश्वर पुजारा का आईपीएल करियर

चेतेश्वर पुजारा ने इंडियन प्रीमियर लीग में 4 टीमों किंग्स इलेवन पंजाब (अब पंजाब किंग्स), रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु, कोलकाता नाइट राइडर्स और चेन्नई सुपर किंग्स का प्रतिनिधित्व किया। चेन्नई सुपर किंग्स के लिए उन्हें एक भी मैच खेलने को नहीं मिला। आईपीएल में पुजारा ने 30 मैच में 20.52 के औसत और 99.74 के स्ट्राइक रेट से 390 रन बनाए। इसमें 1 अर्धशतक शामिल है।

### ऑस्ट्रेलिया में भारत की पहली टेस्ट सीरीज जीत का हिस्सा रहे

पुजारा ने दिसंबर 2005 में सौराष्ट्र के लिए प्रथम श्रेणी क्रिकेट में पदार्पण किया और इस साल की शुरुआत में। पिछले रणजी ट्रॉफी सीजन में भी उसके लिए खेले। उन्होंने 2010 के अंत में बेंगलुरु में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया और उनके खिलाफ 2018-19 और 2020-21 में ऐतिहासिक सीरीज जीत का हिस्सा रहे। वह 2018-19 में चार टेस्ट मैचों की सीरीज में 521 रन बनाकर प्लेयर ऑफ द सीरीज रहे। यह ऑस्ट्रेलियाई धरती पर भारत की पहली टेस्ट सीरीज जीत थी।

### पुजारा के टेस्ट करियर की टॉप-5 पारियां

साल 2012 में अहमदाबाद में इंग्लैंड के खिलाफ खेले गए टेस्ट मैच में पुजारा ने नाबाद 206 रन बनाकर सभी का ध्यान खींचा और बताया कि उनमें नंबर-3 पर द्रविड़ की जगह लेने की काबिलियत है। यह उनका टेस्ट में पहला दोहरा शतक था। इस पारी में उन्होंने 389 गेंदों का सामना किया और 21 चौके लगाए। विकेट पर तकरीबन करीब साढ़े आठ घंटे बिताने के बाद पुजारा के शरीर पर तो थकान नहीं आई थी, लेकिन उन्होंने इंग्लैंड के गेंदबाजों को जरूर थका दिया था। भारत ने इस पारी के दम पर 521/8 का स्कोर बनाया और पारी घोषित की। दूसरी पारी में भी पुजारा ने नाबाद 41 रन बनाए। भारत ने ये मैच 9 विकेट से जीता। इस मैच से पुजारा का नाम टेस्ट विशेषज्ञ के रूप में स्थापित हो गया था।

### चेतेश्वर पुजारा का करियर

37 वर्षीय पुजारा ने 2010 में डेब्यू के बाद भारत के लिए 103 टेस्ट और 5 वनडे मैच खेले। उन्होंने 43.60 की औसत से 19 शतकों और 35 अर्धशतकों सहित 7,195 टेस्ट रन बनाए। उनका सर्वोच्च 205 रन था। एक दशक से भी ज्यादा समय तक, वह भारत के सबसे भरोसेमंद नंबर 3 बल्लेबाज रहे। भारत और विदेशी में टीम की कुछ सबसे बड़ी टेस्ट जीत में अहम भूमिका निभाई। पुजारा टेस्ट में भारत के लिए 8वें सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। प्रथम श्रेणी क्रिकेट में उन्होंने 21301 रन बनाए हैं।



## खेलो इंडिया जल क्रीड़ा महोत्सव, 10 स्वर्ण पदकों के साथ मध्य प्रदेश का दबदबा

**श्रीनगर, एजेंसी।** मध्य प्रदेश के नाम अब 10 स्वर्ण के साथ 18 पदक हो गए हैं। ओडिशा के जगतपुर स्थित भारतीय खेल प्राधिकरण केंद्र और अलप्पुझा स्थित राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र में प्रशिक्षण लेने वाले अपने खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन के दम पर ओडिशा और केरल क्रमश: 10 और सात पदकों के साथ दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे। मध्य प्रदेश ने डल झील पर आयोजित खेलो इंडिया जल क्रीड़ा महोत्सव (केआईडब्ल्यूएसएफ) के शुरुआती सत्र में शनिवार को छह स्वर्ण पदक जीत कर अपना दबदबा कायम रखा। मध्य प्रदेश के नाम अब 10 स्वर्ण के साथ 18 पदक हो गए हैं। ओडिशा के जगतपुर स्थित भारतीय खेल प्राधिकरण केंद्र और अलप्पुझा स्थित राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र में प्रशिक्षण लेने वाले अपने खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन के दम पर ओडिशा और केरल क्रमश: 10 और सात पदकों के साथ दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे।

## रिंकू सिंह ने किया खुलासा, टी20 विश्व कप में न चुने पर शाहरुख खान ने बढ़ाया था हौसला

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय बल्लेबाज रिंकू सिंह ने एक शानदार किस्सा साझा किया कि कैसे कोलकाता नाइट राइडर्स के सह-मालिक और बॉलीवुड सुपरस्टार शाहरुख खान ने उनके मुश्किल समय में उनका हौसला बढ़ाया। रिंक 2022 से चचत्रकी टीम का अहम हिस्सा हैं। 2023 में गुजरात टाइटन्स के



खिलाफ यश दयाल की गेंद पर लगातार 5 छक्के जड़कर रिंकू घर-घर में मशहूर हो गए और आखिरकार भारतीय टीम में जगह बना ली। हालांकि मध्यक्रम के इस बल्लेबाज को उस समय निराशा का सामना करना पड़ा जब उन्हें 2024 में होने वाले टी20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम से बाहर कर दिया गया। रिंकू, जिन्हें मुख्य टीम से बाहर कर दिया गया था और रिजर्व खिलाड़ियों में शामिल किया गया था, ने खुलासा किया कि वह अपनी वीजा औपचारिकताओं के लिए शाहरुख के साथ गए थे। रिंकू ने कहा, तो यही वो समय था जब मुझे मुख्य टीम में नहीं चुना गया था, मैं स्टैंडबाय लिस्ट में था।

## कीरोन पोलार्ड का तूफान, 224 के स्ट्राइक रेट से ठोके 65 रन प्रीति जिंटा की टीम को शाहरुख खान की टीम ने हराया



**नई दिल्ली, एजेंसी।** कैरेबियन प्रीमियर लीग 2025 के 10वें मैच में रविवार (24 अगस्त) को शाहरुख खान की टीम ट्रिवागो नाइट राइडर्स ने प्रीति जिंटा की टीम सेंट लूसिया किंग्स को 18 रन से हराया। ट्रिवागो नाइट राइडर्स की जीत के हीरो पूर्व कप्तान कीरोन पोलार्ड रहे। उन्होंने 224 के स्ट्राइक रेट से 65 रन ठोके और टीम को 183 रन तक पहुंचने में मदद की। इसके जवाब में सेंट लूसिया किंग्स 165 रन ही बना पाई।

ट्रिवागो नाइट राइडर्स के लिए कीरोन पोलार्ड ने 29 गेंद पर 4 चौके और 6 छक्कों की मदद से 65 रन बनाए। कोलिन मुनरो ने 30 गेंद पर 43 रन बनाए। कप्तान निकोलस पूरन ने 34 रन बनाए, लेकिन 30 गेंद खेल गए। एलेक्स हेल्स ने 10, कीसी कार्टी ने 9, आंद्रे रसेल ने 1 और अकील होसैन ने 2 रन बनाए। मैकेनी क्लार्क ने नाबाद 12 रन बनाए। सेंट लूसिया किंग्स के लिए कीऑन गैस्टन ने 2 विकेट लिए। ओशेन थॉमस, डेविड वीस, रस्टन चेज और तबरेज शम्सी को 1-1 विकेट मिले।

सेंट लूसिया किंग्स के लिए जॉनसन चार्ल्स ने सबसे ज्यादा 47 रन बनाए। टिम सेफर्ट ने 35 रन बनाए। डेलानो पोटगीटर ने 24 रन बनाए। रस्टन चेड ने 12. टिम डेविड ने 10 और डेविड वीस ने 10 रन बनाए। एकीम ऑगस्टे 9 गेंद पर 20 और कीऑन गैस्टन 1 रन बनाकर नाबाद रहे। ट्रिवागो नाइट राइडर्स के लिए आंद्रे रसेल और उस्मान तारिक ने 1-1 विकेट लिए। मोहम्मद आमिर और अकिल होसैन ने 1-1 विकेट लिए।

इस जीत के साथ ट्रिवागो नाइट राइडर्स अंक तालिका में तीसरे नंबर पर पहुंच गई। उसके 3 मैच में 2 जीतक के साथ 4 अंक हो गए हैं। वहीं सेंट लूसिया किंग्स 5वें नंबर पर है। उसके 3 मैच में 1 जीत और 1 मैच धुलने से 3 अंक हैं। एंटीगुआ और बारबुडा फाल्कन्स पहले नंबर पर है। उसके 5 में 5 अंक हैं। बारबडोस रॉयल्स 2 में से 2 मैच हारकर आखिरी पायदान पर है।



## अफगानिस्तान की टीम का ऐलान, राशिद खान कप्तान

**नई दिल्ल्ली, एजेंसी।** अफगानिस्तान ने रविवार (24 अगस्त) को एशिया कप के लिए अपनी 17 सदस्यीय टीम की घोषणा की। टूर्नामेंट 9 से 28 सितंबर तक संयुक्त अरब अमीरात के अबूधाबी और दुबई में खेला जाएगा। राशिद खान टीम की कप्तानी करेंगे। इसके अलावा टीम में तेज गेंदबाज नवीन-उल-हक की 10 महीने बाद वापसी हुई है, जिन्होंने आखिरी बार दिसंबर 2024 में अफगानिस्तान का प्रतिनिधित्व किया था। उनकी वापसी से अफगानिस्तान के गेंदबाजी आक्रमण और मजबूत होगा। इसमें पहले से ही फजलहक फारूकी, नूर अहमद और शराफुद्दीन अशरफ जैसे गेंदबाज शामिल हैं। मुजीब-उर-रहमान और अल्लाह गजनफर की वापसी हुई है। दोनों इस साल की शुरुआत में चैंपियंस ट्रॉफी में नहीं खेल पाए थे। स्पिन विभाग में कप्तान राशिद खान और अनुभवी मोहम्मद नबी जैसे अनुभवी गेंदबाज हैं। इस साल की शुरुआत में चैंपियंस ट्रॉफी में वापसी करने वाले इब्राहिम जदरान की भी टीम में वापसी हुई है। हजरतुल्लाह जजई टीम से बाहर हैं।

### रिजर्व खिलाड़ी में खरोटे

अफगानिस्तान की टीम में शराफुद्दीन अशरफ और फजलहक फारूकी भी शामिल हैं, जो अफगानिस्तान के पास स्पिन, तेज और बल्लेबाजी का एक बेहतरीन संयोजन सुनिश्चित करते हैं। रहमानुल्लाह गुरबाज और मोहम्मद इशाक को टीम में विकेटकीपर बल्लेबाज के रूप में जगह मिली है। टूर्नामेंट के लिए रिजर्व खिलाड़ी वफीउल्लाह ताराखिल, नांग्याल खरोटे और अब्दुल्ला अहमदजई हैं।

## आर्सेनल की लीड्स पर बड़ी जीत


**नई दिल्ली, एजेंसी।** बार्सिलोना ने दो गोल से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लिगा में मेजबान टीम लेवांटे पर 3-2 से जीत दर्ज करके अपना विजय अभियान जारी रखा। विक्टर ग्योकेरेस ने आर्सेनल के लिए अपना पहला गोल दागा, जिससे उनकी टीम ने इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) फुटबॉल टूर्नामेंट के मैच में लीड्स को 5-0 से हराया। जुरियन टिम्बर ने 34वें मिनट में आर्सेनल के लिए कॉर्नर से गोल किया, जिसके बाद बुकायो साका ने हाफटाइम के पहले गोल करके घरेलू टीम की बढ़त को दोगुना कर दिया।

ग्योकेरेस ने शुरुआती दौर में एक आसान मौका गंवाने के बाद वापसी करते हुए दूसरे हाफ के तीन मिनट बाद अपने घरेलू मैदान पर गोल किया। टिम्बर ने इसके बाद अपना दूसरा गोल किया। मैक्स डाउमैन ने बेंच से उतरते हुए दूसरे हाफ में शानदार प्रदर्शन किया। वह 15 साल और 235 दिन की उम्र में एथन नवानेरी के बाद आर्सेनल के लिए खेलने वाले दूसरे सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बन गए। इस किशोर खिलाड़ी ने स्टॉपेज टाइम में अपनी टीम के लिए पेनल्टी हासिल की, जिसे ग्योकेरेस ने गोल में बदला।

### टॉटेनहैम ने सिटी को हराया; बार्सिलोना ने लेवांटे को शिकस्त दी



# हद में रहें! एशिया कप में मैच से पहले वसीम अकरम ने दी वार्निंग



**नई दिल्ली, एजेंसी।** एशिया कप 2025 में भारत और पाकिस्तान एक ही ग्रुप में शामिल हैं, उनके साथ ओमान और यूएई ग्रुप ए में हैं. 9 सितंबर से शुरू होने जा रहे इस टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा इंतजार भारत बनाम पाकिस्तान मैच का ही किया जा रहा है. इस महा-मुकाबले से पहले पाकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज वसीम अकरम ने फैंस और क्रिकेटर्स से भावुक अपील की है. जब भी भारत और पाकिस्तान की क्रिकेट टीम मैदान पर भिड़ती है तो रोमांच चरम पर होता है, मैदान से लेकर लोगों एक घरों तक, माहौल अलग ही हो जाता है. वसीम अकरम ने दोनों टीमों के खिलाड़ियों और फैंस से अपनी भावनाओं को काबू में रखने की भावुक अपील की है.

### भारत बनाम पाकिस्तान मैच को लेकर वसीम अकरम ने क्या कहा?

टेलिकॉम एशिया स्पोर्ट्स से बात करते हुए वसीम अकरम ने कहा, मुझे भरोसा है कि ये भारत बनाम पाकिस्तान के अन्य मैचों की तरह ही शानदार होगा. मुझे यकीन हैं कि दोनों टीमों के प्लेयर्स और फैंस अपनी-अपनी हद में रहेंगे. अकरम ने ये बात दोनों देशों के बीच तनावपूर्ण हालत को देखते हुए कही. अकरम ने आगे कहा, भारत बनाम पाकिस्तान मैच को दुनिया भर के अरबों लोग देखते हैं. मैं चाहता हूं कि मैच के दौरान प्लेयर्स और दर्शक अनुशासन दिखाए. अकरम ने माना है कि अभी भारतीय टीम मजबूत है और उन्होंने टीम इंडिया को खिताब का प्रबल दावेदार माना.

### बाबर आजम की कमी खलेगी

एशिया कप के लिए पाकिस्तान टीम में बाबर आजम और मोहम्मद रिजवान को जगह नहीं मिली है. अकरम का मानना है कि पाकिस्तान को बाबर आजम की कमी खलेगी. उनोहने कहा व्यक्तिगत रूप से मैं टीम में बाबर को देखना चाहता था, लेकिन वह चुने नहीं गए. अब टीम में चुने गए प्लेयर्स को आगे बढ़कर अच्छा प्रदर्शन करना होगा.

### भारत बनाम पाकिस्तान मैच कब और कहां होगा?

एशिया कप 2025 में भारत बनाम पाकिस्तान मैच 14 सितंबर को दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा. ये मैच भारतीय समयनुसार शाम 7:30 बजे से शुरू होगा. दोनों के बीच टूर्नामेंट में कुल 3 मैच हो सकते हैं. एक मैच तय हैं और अगर दोनों सुपर 4 में पहुंची तो 2 और अगर दोनों फाइनल तक गई तो फिर 15 दिनों के अंदर हमें 3 बार भारत बनाम पाकिस्तान देखने को मिलेंगे.

## संक्षिप्त समाचार

### दिल्ली पुलिस ने होटल में मारी रेड, नवीन बाली गैंग के 3 बदमाश हथियार सहित गिरफ्तार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली पुलिस ने शनिवार को बाहरी-उत्तरी दिल्ली के बवाना स्थित एक होटल से नवीन बाली गिरोह के तीन सदस्यों को हथियार और गोला-बारूद के साथ गिरफ्तार किया है। इनके नाम अंजार आलम, रितिक और राजेश कुमार है। पुलिस के मुताबिक इन लोगों को राजेश बवानियां गैंग के एक मेंबर को मारने के लिए भेजा गया था। डीसीपी, हरेश्वर वी. स्वामी ने बताया 15 अगस्त को, गश्त के दौरान, हेड कांस्टेबल हरीश ने बवाना के एक होटल के बाहर एक मोटरसाइकिल खड़ी देखी। होटल के कर्मचारियों ने उन्हें बताया कि 12 अगस्त से तीन लोग वहाँ ठहरे हुए थे। मामला संदिग्ध लगा तो पुलिस की टीम ने होटल के उस कमरे में रेड की। छापेमारी के दौरान, पुलिस ने तीन आदमियों को गिरफ्तार किया। बाद में इन लोगों की पहचान की गई तो मालुम हुआ कि ये नवीन बाली गिरोह के आदमी हैं। इनके नाम अंजार आलम, रितिक और राजेश कुमार है। इनके पास एक पिस्तौल और एक देसी कट्टा बरामद किया। इनके पास 14 राउंड गोलियां भी मिलीं। पुलिस के मुताबिक राजेश पठान कोट से आया था। बाकी के दोनों बदमाश बवाना के ही रहने वाले हैं। इन लोगों को राजेश बवानिया गैंग के एक आदमी को मारने के लिए भेजा गया है। रितिक नाम के लड़के को रेकी के लिए लगाया गया था। अंजार और राजेश को शूटआउट को अंजाम देने के लिए लगाया गया था।

### मिट्टी से भरा गैलन उठा कर दे मारा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दक्षिण-पूर्वी दिल्ली के मदनपुर खादर में बहन के साथ बाहर गए एक 18 साल के युवक पर हिंसक हमले की घटना सामने आई है। यह घटना शुक्रवार को देर रात हुई। यह घटना तब प्रकाश में आई जब सोशल मीडिया पर कथित तौर पर हाथापाई का एक वीडियो वायरल हो गया। दिल्ली पुलिस ने बताया कि उसने आरोपियों की पहचान कर ली है। आरोपियों की तलाश में छापेमारी जारी है। एक अधिकारी ने शनिवार को बताया कि यह झड़प पीड़ित और कुछ लड़कों के बीच बहस के बाद हुई। पीड़ित ने आरोप लगाया कि हमलावर कथित तौर पर उसका रास्ता रोक रहे थे। प्राप्त जानकारी के मुताबिक, कालिंदी कुंज स्थित मदनपुर खादर में शुक्रवार रात रोडरेज में एक 18 वर्षीय युवक को कुछ लड़कों ने बुरी तरह पीटकर घायल कर दिया। वारदात की एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गई। इसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, 22 अगस्त की रात करीब 10.26 बजे कंट्रोल रूम में दो अलग-अलग पीसीआर कॉल मिली। एक कॉल में लड़कों द्वारा चाकू से हमला करने की सूचना दी गई थी, जबकि दूसरी कॉल में आरोप लगाया गया कि छेड़छाड़ की घटना के बाद मारपीट हुई है। सूचना मिलते ही पुलिस और पीसीआर टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने घायल युवक की पहचान मदनपुर खादर जेजे कॉलोनी निवासी 18 वर्षीय सोमित कुमार के रूप में की। सोमित को तुरंत पीसीआर वैन की मदद से एलबीएस अस्पताल ले जाया गया जहां उसका मेडिकल कराया गया। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है

### बिहार को मिलेगा एक और तोहफा! दिल्ली टू पटना तक चल सकती है पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश की पहली सेमी हाई स्पीड वंदे भारत स्लीपर ट्रेन दिल्ली से पटना के बीच चल सकती है। अगले महीने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। नई श्रेणी की इस ट्रेन को उन्नत सुविधाओं के साथ प्रीमियम कैटरिंग और अधिकतम 160 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार के लिए डिजाइन किया गया है। इन तमाम विशेषताओं के चलते वंदे भारत का किराया रेलवे की प्रीमियम ट्रेन राजधानी एक्सप्रेस से 10 से 15 फीसदी अधिक हो सकता है। इस ट्रेन में डायनमिक फेयर लागू होगा। रेलवे बोर्ड के एक शीर्ष अधिकारी ने बताया कि वंदे भारत ट्रेन का ट्रायल रन पूरा हो गया है और दिल्ली के शकूरबस्ती शेड (ट्रेन सेट डिपो) में पिछले हफ्ते ट्रेन पहुंच चुकी है। ट्रेन की विशेषताओं को लेकर रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव अगले हफ्ते मीडिया को जानकारी देंगे। सूत्रों ने बताया कि वंदे भारत स्लीपर के किराये और रेलमार्ग को लेकर अंतिम फैसला नहीं हुआ है।

# दिल्ली में फिर गरज और तेज हवाओं के साथ आएगी बारिश



**नई दिल्ली, एजेंसी।** राजधानी दिल्ली के ज्यादातर इलाकों में शनिवार को दिनभर लोग तेज धूप और उमस से परेशान रहे। हालांकि, शाम के समय जमकर बारिश हुई, जिसके चलते मौसम सुहाना हो गया। मौसम विभाग का अनुमान है कि रविवार को भी दिल्ली में अलग-अलग इलाकों में हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। मौसम विभाग ने आज भी दिल्ली के कई हिस्सों में गरज के साथ मध्यम से भारी बारिश होने और तेज हवाएं चलने का 'येलो' अलर्ट जारी किया है। रविवार को अधिकतम तापमान 30 से 32 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 22 से 24 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने का अनुमान है।

दिल्ली के ज्यादातर क्षेत्रों में शनिवार सुबह से ही धूप-छांव का खेल चलता रहा। खासतौर पर दिन के 11 बजे के बाद तेज धूप निकली और लोगों को उमस भरी गर्मी का सामना करना पड़ा। हालांकि, दोपहर के बाद मौसम में बदलाव देखने को मिला। दिल्ली के ज्यादातर इलाकों में घने बादल छाने लगे और शाम के समय कई इलाकों में जमकर बारिश हुई। इसके चलते तापमान में खासी गिरावट दर्ज की गई।

दिल्ली की मानक वेधशाला सफदरजंग में दिन का अधिकतम तापमान 35.1 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया जो सामान्य से 0.9 डिग्री सेल्सियस ज्यादा है। न्यूनतम तापमान 25.7 डिग्री सेल्सियस रहा जो सामान्य से 0.8 डिग्री सेल्सियस कम है। मौसम विभाग ने रविवार के लिए येलो अलर्ट जारी किया है।

दिल्ली-एनसीआर में शनिवार को हुई झमाझम बारिश से कई जगहों पर जलभराव होने से वाहनों की रफ्तार थम गई। दिल्ली में कई जगहों पर वाहन चालक जाम में फंसे देखे गए। बारिश के बीच वाहनों की रफ्तार बेहद धीमी रही और लोगों को दो से तीन किलोमीटर सफर तय करने में 20 से 25 मिनट तक का समय लगा। बारिश के चलते दिल्ली के कुछ इलाकों में हल्के जलभराव की शिकायतें भी आईं। जाम को लेकर बड़ी संख्या में लोगों ने सोशल मीडिया पर यातायात पुलिस से शिकायत भी दर्ज कराई। वहीं गुरुग्राम में 50 से अधिक स्थानों पर पानी भर गया। दिल्ली-जयपुर हाईवे पर नरसिंहपुर, खांडसा, खेड़कीदौला और शीतला माता रोड पर जलभराव में फंसकर कई वाहन बंद हो गए। सुभाष चौक क्षेत्र में भी जलभराव से यातायात बाधित हुआ। फरीदाबाद में हाईवे पर अजरौंदा, बाटा, बल्लभगढ़ चौक पर पानी भरने से दिक्कत हुई।

नोएडा में सेक्टर-62, मॉडल टाउन, कालिंदी कुंज, छिजारसी, पर्थला गोलचक्कर, फिल्म सिटी, गौड़ सिटी सहित कई स्थानों पर जाम लग गया। गाजियाबाद में इंदिरापुरम, वसुंधरा, लोनी, साहिबाबाद में 10-15 मिनट तक हुई बारिश में ही जलभराव हो गया।

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के आंकड़ों के मुताबिक, दिल्ली में शाम 6 बजे वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 93 दर्ज किया गया, जो 'संतोषजनक' श्रेणी में आता है। सीपीसीबी के अनुसार, शून्य से 50 के बीच एक्यूआई 'अच्छा', 51 से 100 के बीच 'संतोषजनक', 101 से 200 के बीच 'मध्यम', 201 से 300 के बीच 'खराब', 301 से 400 के बीच 'बहुत खराब' और 401 से 500 के बीच 'गंभीर' माना जाता है।

## सीलिंग के खिलाफ दिल्ली हाईकोर्ट जाएंगे चांदनी चौक के दुकानदार



**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) की ओर से चांदनी चौक में दुकानों को सीलिंग का नोटिस जारी किए जाने से दुकानदारों में आक्रोश है। इसके खिलाफ अब दुकानदार हाईकोर्ट जाकर एमसीडी के आदेश को चुनौती देंगे। सोमवार को कूचा महाजनी के 15 दुकानदार सामूहिक रूप से हाईकोर्ट में याचिका दाखिल कर सकते हैं।

सूत्रों के अनुसार, कूचा महाजनी की पूरी इमारत जिसमें करीब 50 दुकानें हैं, एमसीडी की सीलिंग की जद में आ रही है। नोटिस में कहा गया है कि इमारत में अवैध निर्माण हुआ है। हालांकि, दुकानदारों का कहना है कि वे यहां 23 साल से कारोबार कर रहे हैं और 2007 से पहले किए गए निर्माण को कानून में मान्यता प्राप्त है। इसके बावजूद नोटिस चस्पा कर दिया गया, जिससे सैकड़ों परिवारों की आजीविका संकट में आ गई है।

सर्राफा कारोबारी दिनेश खंडेलवाल ने बताया कि नोटिस के खिलाफ दुकानदार सामूहिक रूप से दिल्ली हाईकोर्ट में याचिका दाखिल करेंगे। इसके लिए ड्राफ्ट तैयार हो चुका है और अदालत में अपना पक्ष मजबूती से रखा जाएगा। वहीं, दिल्ली के ही सरोजिनी नगर बाजार के पुनर्विकास और व्यापारियों की समस्याओं को लेकर सरोजिनी नगर मार्केट के व्यापारियों ने मंत्री प्रवेश वर्मा से मुलाकात की। मंत्री ने उन्हें बाजार के पुनर्विकास और समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया है। सरोजिनी नगर मिनी मार्केट एसोसिएशन के अध्यक्ष अशोक रंधावा ने बताया कि मंत्री प्रवेश वर्मा के साथ हुई बैठक में उन्हें अवगत कराया गया

## सड़क, सीवर की समस्या होगी दूर, गुरुग्राम की सूरत बदलने के लिए खर्च होंगे 800 करोड़

**नई दिल्ली, एजेंसी।** गुरुग्राम नगर निगम ने शहर की सड़क, सीवर और सफाई से जुड़ी समस्याओं को दूर करने के लिए 800 करोड़ रुपये की कार्ययोजना तैयार की है। इस रोडमैप को अंतिम रूप देने के बाद जनवरी 2026 से इस पर काम शुरू हो जाएगा। बीते कई साल से शहरवासी जिस बदलाव की उम्मीद कर रहे थे उस पर अब नगर निगम ने काम करना शुरू कर दिया है।




निगम की तरफ से घरों से कूड़ा एकत्रित करने, मलबे के ढेरों को समाप्त करने, आवारा पशुओं को सड़कों से हटाने, सीवर जाम और ओवरफ्लो की समस्या का स्थायी समाधान करने को लेकर रूपरेखा तैयार कर ली है। अगले चार माह में इन सभी समस्याओं का स्थायी समाधान करने के लिए धरातल पर काम शुरू हो जाएगा। इसको लेकर निगम आयुक्त प्रदीप दहिया ने सभी संबधित अधिकारियों के साथ बैठक करके सख्त हिदायत दे दी है। बारिश में होने वाले जलभराव की समस्या से निपटने के लिए भी खास इंतजाम किए गए हैं। शहर में चिन्हित 153 जलभराव वाली जगहों पर पानी निकासी की उचित व्यवस्था के लिए 50 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। इसके अलावा, आवारा कुत्तों की बढ़ती संख्या को नियंत्रित करने के लिए नए टेंडर जारी किए जाएंगे। कार्ययोजना में शहर में हो रहे अवैध निर्माणों और अवैध विज्ञापनों पर भी सख्त कार्रवाई शामिल है। इसके साथ ही घरों में पानी के मीटर लगाने का काम भी शुरू किया जाएगा। निगमायुक्त प्रदीप दहिया ने इस पूरी योजना को अधिकारियों के साथ बैठक करके तैयार किया है।

## दिल्ली की समस्याओं को सुलझाने प्रवेश वर्मा का नया कदम, अधिकारियों संग शुरू की 'गवर्नमेंट ऑन व्हील्स'




**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली सरकार की नीतियों को जनता तक पहुंचाने और जमीनी स्तर पर उन्हें और बेहतर ढंग से लागू करने के उद्देश्य से क्क्ष्ठ (लोक निर्माण विभाग) मंत्री प्रवेश वर्मा ने शनिवार को गवर्नमेंट ऑन व्हील्स नाम की एक नई पहल की शुरुआत की। जिसके अंतर्गत उन्होंने विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ बस में बैठकर आउटर रिंग रोड के 47 किलोमीटर लंबे हिस्से का चार घंटों तक निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ प्रिंसिपल सेक्रेटरी, श्वह्रष्ट, चीफ इंजीनियर, स्ष्व, श्व×द्गठ्ठ, और ट्रैफिक पुलिस के समस्त अधिकारी मौजूद रहे।

पहल के मकसद के बारे में जानकारी देते हुए वर्मा ने कहा, शासन केवल बैठक कक्षों तक सीमित नहीं रह सकता। अगर जनता सड़क पर रहती है, तो हमें सड़क पर काम करना होगा। गवर्नमेंट ऑन व्हील्स की पहल दिल्ली के लोगों को समाधान, जवाबदेही और स्पष्ट परिणाम देने के बारे में है।

मंत्री ने आगे कहा, अक्सर, अधिकारी अपने कार्यालयों में बैठकर कागजों पर समस्याओं की सूची बनाते हैं, लेकिन वास्तविक समाधान नहीं बताते। इन्हें 10 साल से काम ना करने की आदत थी। यही कारण है कि हमने दिल्ली में विकास की यह नई अवधारणा शुरू की है। जिसमें सभी विभागों को एक ही बस में, एक ही सड़क पर, एक ही समय पर एक साथ लाना है। जब वे वास्तविकता देखते हैं, जब वे देखते हैं कि नागरिक कितनी मुश्किलों का सामना कर रहे हैं, तो समाधान तुरंत और कार्रवाई योग्य हो जाते हैं। आगे उन्होंने कहा, आज हम सभी अधिकारियों को इस किराये की बस में बैठाकर हकीकत दिखा रहे हैं कि जमीन पर क्या हकीकत है। कहीं पर बोर्ड टूटा हुआ है, तो कहीं पर गड्ढा है, जो भी समस्याएं दिखाई दे रही हैं, उसके बारे में हम अधिकारियों को बता रहे हैं।

चार घंटे के इस निरीक्षण के दौरान मंत्री और अधिकारियों की बस विभिन्न भीड़भाड़ वाले स्थानों और परेशानी वाले ऐसे रास्तों पर रूकी, जहां लोगों को नियमित रूप से कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। अभियान के दौरान फुटपाथों पर अतिक्रमण, क्षतिग्रस्त और असमान सड़कें, खराब जल निकासी व्यवस्था और स्वच्छता संबंधी खामियों जैसी समस्याओं की पहचान करते हुए अधिकारियों को उसी वक्त उनके निराकरण करने के निर्देश दिए गए। मंत्री वर्मा ने अधिकारियों को इन सभी समस्याओं का समयबद्ध समाधान तैयार करने के लिए कहा। अधिकारियों के अनुसार, कई विभागों की उपस्थिति ने मौके पर ही समन्वय स्थापित करने में मदद की। जिससे त्वरित और व्यावहारिक समाधान संभव हो सके। वर्मा ने कहा, आउटर रिंग रोड का निरीक्षण न केवल कमियों को उजागर करने के लिए था, बल्कि दिल्ली के बुनियादी ढांचे को बदलने के लिए सरकार के दृढ़ संकल्प को भी प्रदर्शित करने के लिए था।

## रूस ने यूक्रेन के डोनेट्स्क की दो बस्तियां कब्जाई, सैन्य-औद्योगिक परिसर समेत 143 जगह हमले



**मॉस्को , एजेंसी।** रूस ने शनिवार (स्थानीय समयानुसार) को दावा किया कि उसकी सेना ने पिछले 24 घंटों में यूक्रेन के डोनेट्स्क क्षेत्र की दो बस्तियों पर कब्जा कर लिया है। रूसी रक्षा मंत्रालय के मुताबिक, दक्षिणी और पश्चिमी सैन्य समूहों की कार्रवाई के बाद सेरेड्ने और क्लेबन बाइक गांव अब रूस के नियंत्रण में हैं।

रूसी रक्षा मंत्रालय ने यह भी दावा किया कि रूसी बलों ने यूक्रेन के एक सैन्य-औद्योगिक केंद्र और 143 स्थानों पर हमला किया, जहां यूक्रेनी सैनिक और विदेशी लड़ाके अस्थायी रूप से ठहरे हुए थे। इसके अलावा, रूसी वायु रक्षा ने पिछले हफ्ते यूक्रेन के हवाई हमलों को नाकाम कर दिया और चार गाइडेड हवाई बम व 160 ड्रोन सफलापूर्वक मार गिराए। ये घटनाएं ऐसे समय में हो रही हैं, जब अमेरिका की मध्यस्थता में रूस और यूक्रेन के बीच शांति वार्ता चल रही है।

इससे पहले, यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने दक्षिण अफ्रीकी राष्ट्रपति सिरिल रामफोसा से बात की। इस दौरान उन्होंने कहा कि वह रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ वार्ता के लिए तैयार हैं। जेलेंस्की ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, मैंने दक्षिण अफ्रीकी गणराज्य के राष्ट्रपति सिरिल रामफोसा से उनके अनुरोध पर बात की। मैंने अपने सहयोगियों के साथ संयुक्त राजनयिक प्रयासों और वाशिंगटन में राष्ट्रपति ट्रंप के साथ हुई सार्थक बैठकों के बारे में जानकारी दी। जेलेंस्की ने आगे कहा, मैंने रूस के प्रमुख के साथ किसी भी तरह की बैठक के लिए अपनी तत्परता दोहराई। हालांकि, रूस एक बार फिर मामले को और आगे बढ़ाने की कोशिश कर रहा है। इसलिए यह जरूरी है कि वैश्विक दक्षिण प्रासंगिक संकेत भेजे और रूस को शांति की ओर ले जाए।

## अफगानिस्तान से जाते वक्त अमेरिका छोड़ गया था हथियार, अब पाकिस्तान के खिलाफ इस्तेमाल कर रहा तालिबान

**काबुल , एजेंसी।** पाकिस्तान ने अमेरिका से कहा है कि वह अफगानिस्तान में छोड़े गए हथियार वापस ले। ये हथियार आतंकवादियों के हाथों में जा रहे हैं और क्षेत्रीय सुरक्षा के लिए खतरा बन रहे हैं। अफगानिस्तान से वापसी के दौरान बड़ी मात्रा में सैन्य हथियार वहीं छूट गए थे। पाकिस्तानी सैन्य प्रवक्ता अहमद शरीफ चौधरी ने कहा कि अमेरिकी हथियारों का अनियंत्रित प्रसार पाकिस्तान की स्थिरता के लिए सीधा खतरा है। खामा प्रेस की रिपोर्ट के अनुसार, पेंटागन द्वारा अनुमानित सात अरब डॉलर से अधिक मूल्य के अमेरिकी हथियारों के भंडार में बख्तरबंद वाहन, उन्नत आग्नेयास्त्र, बायोमीट्रिक सिस्टम और अन्य संवेदनशील उपकरण शामिल हैं। माना जाता है कि इनमें से कई हथियार पाकिस्तानी तालिबान द्वारा जब्त कर लिए गए और अब पाकिस्तान सेना के खिलाफ इस्तेमाल किए जा रहे हैं। खोस्त और पक्तिका जैसे अफगान के ब्लैक मार्केट में अमेरिका निर्मित हथियारों की कीमतें आसमान छू रही हैं। एक एम4 राइफल 4,200 डॉलर से अधिक में बिकती है, जबकि एक एम16 राइफल 1,400 डॉलर में बिकती है। चीनी राइफलें कम दामों पर उपलब्ध हैं, लेकिन आतंकी अमेरिकी मॉडलों की विश्वसनीयता और गुणवत्ता को ज्यादा पसंद करते हैं। द वाशिंगटन पोस्ट का हवाला देते हुए कहा गया है कि नाटो द्वारा आपूर्ति किए गए 4,00,000 हथियार तालिबान के नियंत्रण में हो सकते हैं।

### शराब पीकर गाड़ी चलाने के पुराने मामलों में निर्वासन का खतरा

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका में ट्रंप प्रशासन के एचआर.875 या प्रोटेक्ट आवर कम्युनिटीज फ्रॉम डीयूआई एक्ट का समर्थन करने से अप्रवासी समुदाय, खासकर भारतीय प्रवासियों के लिए खतरा बढ़ गया है। शराब पीकर गाड़ी चलाने (डीयूआई-ड्राइव अंडर इन्फ्लूएंस) के पुराने मामलों में अब अमेरिका में निर्वासन के खतरे की घंटी से ग्रीन कार्ड व वीजा धारकों की चिंता बढ़ गई है। यह विधेयक हाउस में पास हो चुका है और अब इसे सीनेट में समर्थन मिल रहा है, जिसे व्हाइट हाउस का भी समर्थन प्राप्त है। अभी तक, कम गंभीर डीयूआई अपराधों के कारण आमतौर पर निर्वासन या अमेरिका में प्रवेश पर रोक नहीं लगती थी। लेकिन, विल के कानून बनने से स्थिति बदल जाएगी। आप्रवासन वकील जोसेफ त्सांग ने कहा, कानून बना तो किसी भी गैर अमेरिकी नागरिक को सिर्फ एक पुराने डीयूआई रिकॉर्ड के आधार पर अमेरिका से बाहर निकाला जा सकता है या उसे वापस आने से रोका जा सकता है।

## उत्तर कोरिया लगातार बढ़ा रहा अपनी ताकत, नई एंटी एयर मिसाइलें तैयार; किम जोंग उन ने किया निरीक्षण



**सियोल, एजेंसी।** उत्तर कोरिया लगातार अपनी युद्धक क्षमता को बढ़ा रहा है। देश ने अब दो नई एंटी एयर मिसाइलें तैयार की हैं। उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग उन ने इन मिसाइलों का निरीक्षण देखा। माना जा रहा है कि दक्षिण कोरिया और अमेरिका के संयुक्त सैन्य अभ्यास के बीच उत्तर कोरिया ने अपनी क्षमता को प्रदर्शन किया है। सेंट्रल न्यूज एजेंसी ने कहा कि शनिवार को हुए परीक्षण से यह साबित हो गया कि मिसाइलें ड्रोन और क्रूज मिसाइलों जैसे हवाई खतरों का मुकाबला करने में प्रभावी हैं। किम ने अगले साल होने वाले एक प्रमुख राजनीतिक सम्मेलन से पहले रक्षा वैज्ञानिकों को कई महत्वपूर्ण कार्य सौंपे हैं। हालांकि यह साफ नहीं है कि किन मिसाइलों का परीक्षण किया और यह कहां हुआ? यह परीक्षण ऐसे समय में हुआ है जब दक्षिण कोरिया के नए राष्ट्रपति ली जे म्यांग जापानी प्रधानमंत्री शिगेरु इशिबा के साथ शिखर सम्मेलन के लिए टोक्यो की यात्रा पर हैं। इस शिखर सम्मेलन में उन्होंने उत्तर कोरिया की परमाणु महत्वाकांक्षाओं सहित साझा चुनौतियों से निपटने के लिए अमेरिका के साथ द्विपक्षीय सहयोग और त्रिपक्षीय साझेदारी को मज़बूत करने का संकल्प लिया है। वहीं उत्तर कोरिया की सरकार ने अपने परमाणु हथियारों और मिसाइल कार्यक्रमों को बंद करने के उद्देश्य से लंबे समय से रुकी हुई वार्ता को फिर से शुरू करने के लिए सियोल और वाशिंगटन के आह्वान को बार-बार खारिज कर दिया है, क्योंकि वह संयुक्त राज्य अमेरिका का सामना करने वाले देशों के साथ संबंधों का विस्तार करने के उद्देश्य से विदेश नीति के हिस्से के रूप में रूस को प्राथमिकता देता है। रूस के यूक्रेन पर आक्रमण के बाद से किम ने राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की युद्ध-लड़ाई में सहायता के लिए हजारों सैनिक और तोपें तथा बैलिस्टिक मिसाइलों सहित हथियारों की बड़ी खेपें भेजी हैं। इससे यह चिंता बढ़ गई है कि रूस किम की परमाणु-सशस्त्र सेना को मजबूत करने वाली तकनीक मुहैया करा सकता है। दक्षिण कोरिया की पिछली रूढ़िवादी सरकार ने नवंबर में कहा था कि रूस ने उत्तर कोरिया की राजधानी प्योंगयांग की वायु रक्षा को मजबूत करने में मदद के लिए मिसाइलें और अन्य उपकरण दिए हैं, लेकिन यह स्पष्ट नहीं किया कि कौन सी प्रणालियां प्रदान की गईं।

## तीन अस्पताल, 460 महिलाओं की गुप्त वीडियो

**मेलबर्न, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलियाई अस्पतालों के शौचालयों में गुप्त रूप से वीडियो रिकॉर्डिंग करने के आरोपी प्रशिक्षु सर्जन को शुक्रवार को जमानत पर रिहा कर दिया गया। विक्टोरिया राज्य के सर्वोच्च न्यायालय के दस्तावेजों में पुलिस ने आरोप लगाया है कि 28 वर्षीय रयान चो पर लगभग 500 आरोप लग सकते हैं, जो 2021 से मेलबर्न के तीन अस्पतालों के स्टाफ शौचालयों में फोन से गुप्त रूप से रिकॉर्ड किए गए 4,500 अंतरंग वीडियो से संबंधित हैं। न्यायमूर्ति जेम्स इलियट ने फैसला सुनाया कि जूनियर डॉक्टर को इस शर्त पर रिहा किया जाए कि वह अपने माता-पिता के साथ रहे, जो अपने बेटे की रिहाई की उम्मीद में सिंगापुर से मेलबर्न आए थे। उनके माता-पिता को 50000 ऑस्ट्रेलियाई डॉलर (32000 अमेरिकी डॉलर) की जमानत देनी होगी। दूसरी ओर अभियोजक ने तर्क दिया कि आरोप लगने के बाद चो ने भागने की कोशिश की थी। नौकरी से निलंबित होने के बाद ऑस्ट्रेलिया से उसका कोई मजबूत संबंध नहीं था। हैमिल ने कहा कि चो अप्रैल में ऑस्ट्रेलिया का स्थायी निवासी बन गया था, लेकिन अगर उसे दोषी ठहराया गया और 12 महीने या उससे अधिक की जेल की सजा सुनाई गई।

# सदर अस्पताल की लचर व्यवस्था पर बिफरे निदेशक



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बोकारो।** बोकारो सदर अस्पताल में निरीक्षण करने पहुंचे स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग अभियान के निदेशक शशि प्रकाश झा अस्पताल की स्थिति देख सिविल सर्जन के ऊपर बिफर पड़े। अस्पताल के अंदर रखी गई कई जरूरी मेडिसिन के एक्सपायरी मिलने पर सिविल सर्जन को फटकार लगाई। इसके साथ ही कई जीवन रक्षक दवाओं को रखने वाला रेफ्रिजरेटर खराब पाए जाने या अच्छी स्थिति में नहीं होने पर तथा अन्य संसाधनों के रखरखाव को लेकर सिविल सर्जन को जमकर क्लास लगा दी। उन्होंने इसके लिए जिम्मेदार कमी पर कार्रवाई करने का निर्देश भी दिया है।

अभियान निदेशक शशि प्रकाश झा बोकारो सदर अस्पताल का निरीक्षण करने आए थे।

उन्होंने अस्पताल के अंदर ऐसी अवस्था देख ऑन द स्पॉट बोकारो सिविल सर्जन की क्लास लगा दी। उन्होंने साफ-साफ कहा कि इतनी मात्रा में एक्सपायरी दवाएं यहां पड़ी हुई है। समय रहते दूसरे अस्पताल को दे देते तो काम आ जाता। लेकिन इतनी बड़ी लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। इन दवाओं में सरकार का पैसा लगा है जो बहुत मुश्किल से से आता है, जो टॉलरेट नहीं किया जाएगा। इसलिए रिस्पांसिबिलिटी फिक्स किया जाए और इसके जो भी जिम्मेवार है उस पर कार्रवाई किया जाए। उन्होंने कहा कि बार-बार वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए सभी सिविल सर्जन को अन उपयोगी सामानों को नियम के तहत हटाने का निर्देश दिया। लेकिन किसी ने इस पर ध्यान नहीं दिया जिस कारण अस्पताल पूरी तरह से अर्थ व्यस्त हो गया। उन्होंने अपनी टीम के साथ आए सहयोगियों को भी फटकार लगाई।

## खोले गए तेनुघाट डैम के 9 रेडियल गेट

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बोकारो।** झारखंड में लगातार हो रही बारिश के कारण सभी नदियां उफान पर है। ऐसे में बोकारो स्थित तेनुघाट डैम में पानी का जलस्तर काफी बढ़ जाने के कारण डैम का नौ रेडियल गेट और दो अंडर स्लुम गेट खोला दिया गया है। दामोदर का जलस्तर काफी बढ़ गया है। तेनुघाट डैम का 9 रेडियल गेट खोले जाने से 60 हजार क्यूसेक पर सेकंड पानी दामोदर में छोड़ा (डिस्चार्ज) जा रहा है।

तेनुघाट सिंचाई विभाग एवं जिला प्रशासन के द्वारा दामोदर के किनारे रहने वाले लोगों एवं मछली मारने वाले मछुआरों को भी सावधान कर दिया गया है। इस मामले में तेनुघाट सिंचाई निगम के एसडीओ मंगलदेव सिंह ने बताया कि रेडियल गेट खोले जाने के पहले संबंधित अधिकारियों को इसकी लिखित सूचना दे दी गई है। वहीं अन्य माध्यम से भी लोगों को सूचित कर दिया गया है की नदी किनारे नहीं जाए।

# विधेयक से नाराज जेएमएम ने फूंका भाजपा का पुतला

**नबिटा टीम**

**बोकारो/गिरिडीह।** केंद्र सरकार के द्वारा लाए गए विधेयक के खिलाफ झारखंड मुक्ति मोर्चा ने आज नया मोड़ के बिरसा चौक में बीजेपी का पुतला फूंकने का काम किया।

झामुमो कार्यकताओं ने इस दौरान भाजपा, प्रधानमंत्री और गृह मंत्री के खिलाफ नारेबाजी की। जेएमएम नेताओं ने कहा कि विपक्ष की सरकार को गिरने और पार्टी को साजिश के तहत तोड़ने के उद्देश्य से यह कानून पास कर रही है ।जिसमें प्रधानमंत्री से लेकर मुख्यमंत्री और मंत्री को जेल जाने पर 30 दिन के अंदर बर्खास्त करने का प्रावधान रखा गया है। पार्टी के निर्देश पर आज पुतला दहन किया गया है जरूरत पड़ी तो सड़क से सदन तक किसके लिए आंदोलन भी होगा यह सांकेतिक चेतावनी प्रधानमंत्री और गृह मंत्री को है। पहले वोट की चोरी और अब कानून के रास्ते सरकार की चोरी करने में भाजपा लगी हुई है।

**गिरिडीह से संवाददाता के अनुसार** केंद्र सरकार द्वारा जारी किए गए संशोधन बिल को लेकर झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) ने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। ज्ञात हो कि इस संशोधन बिल में यह प्रावधान किया गया है कि अगर कोई मंत्री, मुख्यमंत्री या प्रधानमंत्री स्तर का नेता किसी आरोप में 30 दिनों तक जेल में रहता है, तो उसे पद से हटा दिया जाएगा। इसी के विरोध में रविवार को गिरिडीह



के मुख्य चौक टावर चौक पर केंद्र सरकार का पुतला दहन किया गया। इस दौरान जेएमएम के कई वरिष्ठ और युवा नेता मौजूद रहे। कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की और इस संशोधन को लोकतंत्र के खिलाफ करार दिया। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि यह कानून विपक्ष की आवाज दबाने के लिए लाया गया है और खासकर झारखंड में सत्तारूढ़ पार्टी को नुकसान पहुँचाने की नीयत से इसे लागू करने की कोशिश की जा रही है। जेएमएम नेता ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा लाया गया यह बिल पूरी तरह से तानाशाही सोच को दशार्ता है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा नीत केंद्र सरकार विपक्ष को खत्म करने की साजिश रच रही है।

## भगवान श्री बलभद्र जन्मोत्सव का आयोजन



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**धनबाद।** लुबी सर्कुलर रोड स्थित उत्सव भवन में कलवार वैश्य जागृति मंच ट्रस्ट, धनबाद द्वारा रविवार को भगवान श्री बलभद्र जन्मोत्सव एव भगवान सहस्त्रार्जुन पुजनोत्सव का आयोजन किया गया। कलवार वैश्य समाज के अध्यक्ष भृगुनाथ भगत ने बताया कि हर साल की भांति इस साल की हम लोगों अपने समाज को एकत्रित करने में लगे हैं। कलवार वैश्य का विकास हो, ओर सामाजिक कुरीतियों को कैसे खत्म करना, महिलाओं व बच्चियों को शिक्षा से जोड़ने के लिए विशेष चर्चा हुई है। कार्यक्रम में संयुक्त रूप से दीप प्रचलित किया गया।कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों एवं पदाधिकारियों को अंग वस्त्र एवं पुष्प गुच्छ देकर स्वागत सम्मानित किया गया। विशेष कर ट्रस्ट को जमीन दान देने वाले कृष्ण मुरारी चौधरी की सराहना कर धन्यवाद दिया गया। ट्रस्ट के अध्यक्ष रामेश्वर प्रसाद, मुख्य अतिथि वीरेंद्र भगत, पारस जायसवाल, महेश भगत,संजय जयसवाल, अमित भगत, अनिल भगत, विनय भगत, कृष्ण जी भगत, कार्यक्रम के संचालन कर्ता भृगु नाथ भगत,जय हिंद भगत, विजय माल्या, मनोज भगत,लक्ष्मी भगत, भारतजी भगत, मनीषा भगत, ज्योति जयसवाल, राजीव जायसवाल समेत सिंदरी बाघमारा तोपचांची चिरकुंडा इसरी तोपचांची एवं अन्य क्षेत्रों के सैंकड़ों सदस्य उपस्थित थे।

# बोकारो का औद्योगिक माहौल खराब कर रहीं कांग्रेस विधायक : कुमार अमित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बोकारो।** बोकारो की जनता को कांग्रेस की विधायक श्वेता सिंह दिग्भ्रमित कर यहां का औद्योगिक माहौल बिगाड़ने का प्रयास कर रही हैं। यह बात भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यसमिति समिति सदस्य कुमार अमित ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कही है।उन्होंने ने विज्ञप्तिन के मध्यम से कहा है कि विस्थापित सहित बोकारो का हर वर्ग श्वेता सिंह के क्रिया कलापों से अचम्भित है। बीते 7 अगस्त को जब बोकारो उपायुक्त ने डीपीएलआर के साथ बैठक कर सेल को अपने अधिग्रहीत भूमि को पंजी 2 में म्यूटेशन कराने और शेष बचे विस्थापित गाँवों को पंचायत का दर्जा देने हेतु आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश जारी किया तो दूसरे दिन ही वो स्वंय समाहरणालय जाकर उपायुक्त को फूलों का गुलदस्ता देकर बधाई दी। श्री कुमार ने कहा कि उपायुक्त के इस कार्य का श्रेय लेते हुए अपनी पीठ भी स्वंय थपथपाईं और भोले भाले विस्थापित जनता से फूलों का गुलदस्ता लेकर इस कार्य के लिए बधाई भी स्वीकार कीं। बोकारो वासी उसी दिन समझ गए थे कि उपायुक्त के द्वारा जारी किए गए ये दोनो निर्देश परस्पर विरोधाभासी हैं। बोकारो की जनता अपने जनप्रतिनिधि से कम से कम इतनी समझदारी की अपेक्षा तो करती हीं है। उनके इस कार्य से बोकारो की जनता विशेष कर विस्थापित समाज दिग्भ्रमित हुआ है।

उन्होंने कहा कि अब बोकारो विधायक उपायुक्त के इस निर्देश का विरोध करने के लिए विस्थापित समाज को महासंग्राम करने का आह्वान कर रहीं है। पहले बोकारो विधायक को स्पष्ट करना चाहिए कि 20 दिनों के अंदर उपायुक्त के इन निदेर्शों में ऐसा कौन सा परिवर्तन आ गया जिसके लिए वो उपायुक्त को बधाई और बुके देते-देते राज्य में चल रही अपने सरकार में बोकारो समाहरणालय के समक्ष महासंग्राम करने पर आ गयीं। अपनी सरकार रहते लोगों से अधिकार के लिए सड़क पर उतरने का आह्वान करना दुर्भाग्यपूर्ण और हास्यास्पद है। क्या यह सरकार इतनी जनविरोधी हो गई है कि बोकारो के अपनी हीं कॉग्रेसी विधायक के द्वारा उठाई जा रही बातों को अनसुना कर रही है ? उन्हें इसके साथ विस्थापित समाज को यह भी बताना चाहिए कि बोकारो विधायक उपायुक्त के द्वारा जारी इन निदेर्शों के लिए बधाई और बुके देने क्यों गयीं थीं एवं इसका श्रेय उस समय स्वंय क्यों ले रहीं थीं। अगर उनका वो निर्णय गलत था तो बोकारो विधायक को जनता से माफी माँगते हुए समाज को अब दिग्भ्रमित करना बंद कर देना चाहिए। अगर बोकारो उपायुक्त के द्वारा जारी निर्देश विस्थापित समाज के हीत में नहीं है तो उन्हें इस विषय को विधानसभा में उठाकर अपनी सरकार से विस्थापन और पुनर्वास नीति बनवा बोकारो के हित के में निर्णय लेने का निर्देश जारी करवाना चाहिए। क्योंकि राज्य में सुदृढ़ विस्थापन एवं पुनर्वास नीति से हीं बोकारो सहित सभी ज़िलों के विस्थापितों की समस्याओं का पूर्णतः समाधान सम्भव है। अब महासंग्राम और महायुद्ध जैसे शब्दों से समाज को गुमराह कर विधि व्यवस्था को चुनौती नहीं दी जा सकती। लोकतंत्र में व्यवस्था कानून और नियम से संचालित होती है। नेता का काम समाज को सही दिशा देना होता है, दिग्भ्रमित करना नहीं। ऐसे हरकतों की वजह से हीं बोकारो स्टील प्लांट के विस्तारीकरण और आधुनिकीकरण कार्य स्थगित हुआ है। बोकारो में औद्योगिकरण से हीं यहाँ के विकास को गति और विस्थापित सहित स्थानीय युवाओं को रोजगार मिलेगा। इसके लिए उपयुक्त वातावरण बनाए रखना सभी बोकारो वासियों का कर्तव्य है। विस्थापित समाज को बिना बोकारो विधायक के बहकावे में आए अपना हित-अहित की चिंता स्वयं करते हुए आगे की रणनीति भी अब खुद हीं तय करना चाहिए।

## विश्व बंधुत्व दिवस पर रक्तदान शिविर का आयोजन



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बोकारो।** विश्व बंधुत्व दिवस और राज योगिनी दादी प्रकाशमणि की 18वीं पुण्यतिथि के मौके पर ब्रह्म कुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की तरफ से बोकारो के सेक्टर 4 स्थित ब्रह्माकुमारी राजयोग भवन में रक्तदान महाअभियान के तहत रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की तरफ से पूरे विश्व में आज एक लाख यूनिट खून संग्रह करने का अभियान किया जा रहा है। इस महा अभियान का हिस्सा बोकारो जनरल अस्पताल के न्यूरो सर्जन विभाग के प्रमुख डॉक्टर आनंद कुमार, सीजीएम नगर सेवा कुंदन कुमार भी बने बोकारो केंद्र की प्रमुख कुसुम दीदी के साथ मिलकर सभी ने दीप प्रज्वलित कर इस महा अभियान की शुरूआत की। सभी ने ईश्वरीय विश्वविद्यालय के इस प्रयास की सराहना की और कहा कि यह संस्था लगातार मानव कल्याण के लिए काम करती है। रक्तदान भी एक जीवनदान है। क्योंकि कई बड़े ऑपरेशन के दौरान ब्लड की जरूरत पड़ती है और लोगों का जीवन भी बचता है।

# बोकारो विकारिएट फुटबॉल टूर्नामेंट 2025 का समापन




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बोकारो।** बोकारो इस्पात नगर स्थित संत जेवियर्स विद्यालय में चल रहे दो दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का आज समापन हुआ । कार्यक्रम का उद्घाटन हजारीबाग धर्म जिला शिक्षा समिति के शिक्षा निदेशक फादर सिरीयक के हाथों से हुआ। खिलाडियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्होंने कहा कि विद्यालय में अलग अलग विषयों की पढ़ाई होती है लेकिन व्यक्तितत्व और शारीरिक विकास के लिए खेल जरूरी है। आज हुए सेमी फाइनल मैचों में मासी मारसाल स्कूल, पतकी और संत लुईस स्कूल, बालीडीह की टीमों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सीनियर एवम् जूनियर वर्ग दोनों के फाइनल में जगह बनाई।

जूनियर वर्ग के फाइनल मैच में संत लुईस स्कूल, बालीडीह की टीम ने मासी मारसाल स्कूल,पतकी की टीम को 3-1 से पराजित किया ,वहीं सीनियर वर्ग में भी संत लुईस स्कूल, बालीडीह ने मासी मारसाल पतकी की टीम को 4-0 से पराजित किया।

जूनियर वर्ग में बेस्ट प्लेयर ऑफ द फाइनल मैच का खिताब मासी मारसाल पतकी के प्रकाश सोरेन को मिला, वहीं प्लेयर ऑफ द टूनार्मेंट संत लुईस स्कूल के सुरेश मुर्मू ने अपने नाम किया। सीनियर वर्ग में बेस्ट प्लेयर ऑफ द फाइनल मैच का खिताब मासी मारसाल स्कूल,पतकी के प्रेम उराँव के नाम रहा और प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट संत लुईस स्कूल बालीडीह के रितुराज मरांडी बने। टूर्नामेंट में विजेता और उपविजेता की टीमों को कप, प्रशस्ति प्रमाण पत्र, मेडल और जरसी प्रदान किया गया। अंत में धन्यवाद ज्ञापन ओलंपिया के द्वारा दिया गया एवम् राष्ट्रगान के साथ टूनार्मेंट का समापन हुआ। इस अवसर पर सभी उप प्राचार्य सिस्टर जेनसी, दीपक चौधरी, देबाशीश गुप्ता, फादर मनोज, फादर निर्मल, खेल प्रशिक्षक शशि सर, अमृतलता, सुमित तिर्की तथा संत जेवियर्स विद्यालय के सभी शिक्षक मौजूद रहे।

## जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**धनबाद।** माइंड मंत्रा अबैकस के तत्वावधान में रविवार को सरायढेला स्थित मोनालिसा रेस्टोरेंट में जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

इसमें सैकडों बच्चों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में रानीगंज, आसनसोल, कुमारधुबी, दुगार्पुर और धनबाद के बच्चों ने हिस्सा लिया। इसमें प्रथम स्थान हर्षित, हर्षिता, सैय्यम, रेयांश, गर्व, अयान, त्रिस्मय, आद्रिजा, प्रिंस। द्वितीय स्थान काव्या, अमायरा, अभिनव, वैष्णवी कुमारी, परी। तृतीय स्थान आध्यीं, श्रेयांशी, अद्या। चतुर्थ स्थान वैष्णवी, सान्विका, ईशिका। पंचम स्थान दिवांश, आरुषि ने प्राप्त किया।

काजल झा ने बताया कि एसडीडी क्लास के धनबाद से 46 बच्चों ने भाग लिया। जिसमें से 40 बच्चों ने विजय हासिल किया। इस शानदार उपलब्धि का श्रेय बच्चों के साथ उनके शिक्षिका राखी, सुक्रिति, दीपिका, सुनीता और ज्योति है। इस केंद्र में बच्चों को डांस, अबैकस, जुम्बा, चेस, कराटे, सिंगिंग आदि का प्रशिक्षण दिया जाता है।

## टैक्स कंसलटेंट पर फायरिंग, बचे

**बोकारो।** सेक्टर-12 थाना क्षेत्र में शनिवार की रात बाइक सवार द्वारा टैक्स कंसल्टेंट अभिषेक सिंह पर फायरिंग की घटना सामने आई थी। फायरिंग की पुष्टि के लिए अभिषेक सिंह ने पुलिस को एक खोखा भी दिया था। घटना सेक्टर-12 डी आवास संख्या 1165 के पास हुई थी।इस मामले की जांच डीएसपी सिटी आलोक रंजन ने शुरू कर दी है। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज को भी देखने का काम किया जा रहा है। आलोक रंजन ने बताया कि पैसा लेनदेन का मामला बताया जा रहा है। जांच के बाद ही इस मामले का खुलासा हो पाएगा। अभिषेक सिंह गोलीबारी में बाल-बाल बच गए। फायरिंग करने के बाद अपराधी मौके से फरार हो गया। सीसीटीवी में काले रंग के पल्सर में एक वाइट शर्ट पहने व्यक्ति दिखा है, जिसकी तलाश पुलिस कर रही है। जानकारी के अनुसार, अभिषेक सिंह अपने आवास में सीढ़ियों से नीचे उतर रहे थे, तभी बाइक सवार ने उन पर गोलियां चलाईं। घटना के बाद अभिषेक सिंह थाने पहुंचे और खोखा के साथ लिखित शिकायत दर्ज कराई।

# झारखंड कुशवाहा महासभा राजभवन का करेगा घेराव



**नबिटा टीम**

**धनबाद/ बोकारो।** झारखंड कुशवाहा महासभा जिला बोकारो की बैठक रविवार को अक्लूराम महतो स्मृति भवन, महूआर में संपन्न हुई।इस बैठक का शुभारंभ प्रदेश अध्यक्ष हाकिम प्रसाद महतो, राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य नरेश वर्मा, कोर समिति सदस्य रविन्द्र वर्मा, प्रशिक्षण प्रमुख संजय शान, प्रदेश सचिव अजय कुशवाहा, मुखिया पुष्पा देवी, राम वल्लभ महतो, वंशीधर महतो, राजेश्वर महतो आदि अतिथियों ने कुशवाहा पंचायत परिषद के संस्थापक अध्यक्ष स्व.जानकी राम महतो एवं पूर्व मंत्री स्व.अक्लू राम महतो के चित्र पर पुष्पांजलि कर किया। सभी अतिथियों का स्वागत जिला समिति द्वारा माला व बुके देकर किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष हाकिम प्रसाद महतो ने कहा कि झारखंड सरकार पिछड़ा वर्ग आयोग को स्वतंत्र रूप से अस्तित्व प्रदान करने, कुशवाहा समाज के सभी उपजातियों को बीसी 1 में शामिल करने, विस्थापन नीति बनाकर लागु करने, विस्थापित क्षेत्र को पंचायती राज्य का दर्जा देने, पिछडो का आरक्षण 36 प्रतिशत करने, कृषि को उद्योग का दर्जा देने, महिला विश्वविद्यालय का नाम माता सावित्रीबाई फुले के नाम करने की मांगों को लेकर राजभवन का घेराव महासभा करेगी। बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य नरेश वर्मा ने कहा कि झारखंड सरकार ने पिछड़ा के हक अधिकार, हिस्सेदारी, स्वाभिमान और आरक्षण की रक्षा करने के लिए कृत संकल्पित है।

कोर समिति सदस्य रविन्द्र वर्मा ने कहा कि अधिकार भीख में नहीं, लड़कर मिलता है और हमें पिछड़े के हक अधिकार के लिए अगुवाई करने की जरूरत है। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश सचिव अजय कुशवाहा ने कहा कि सदस्यता अभियान में तेजी लाने तथा संगठन विस्तार पंचायत तक करने की जरूरत है। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष सुनील कुमार महतो ने किया तथा संचालन का दायित्व जिला महासचिव लालजी महतो ने निभाया। सभा को जिले कार्यकारणी सदस्य गोपाल चंद्र महतो, भीम महतो, काशी नाथ महतो, सरदयाल महतो, शिव प्रसाद महतो, राजीव रंजन, धनश्याम महतो, सुनील गांधी, परशुराम सिंह, फणीभूषण महतो, गंगाधर महतो, विनोद कश्यप, ज्ञानी राम महतो, चौहान महतो आदि लोगों ने भी अपने विचार रखें।

## योगासन स्पोर्ट्स प्रतियोगिता सम्पन्न



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**धनबाद।** 5वीं धनबाद जिला जुनियर एवं सब जुनियर योगासन स्पोर्ट प्रतियोगिता का अपर्णा पब्लिक स्कूल में मुख्य अतिथि राज्य संघ के पूर्व सचिव विपिन कुमार पाण्डेय ने द्वीप प्रज्जवलित कर उद्घाटन किया।, समापन समारोह के मुख्य अतिथि अपर्णा पब्लिक स्कूल के निदेशक के. के. सिंह, विशिष्ट अतिथि इनरवियर कल्ब ऑफ धनबाद के उपाध्यक्ष श्रीमती रेणु कौशल रहे।

श्री सिंह ने कहा कि इस दो दिवसीय प्रतियोगिता में अपर्णा पब्लिक स्कूल, दिल्ली पब्लिक स्कूल, धनबाद पब्लिक स्कूल हिरक ब्रांच, हॉली मदर एकाडेमी फुलबार कतरास, डी. एम. पब्लिक स्कूल पुटकी, रविदास योग केन्द्र भूली, किड्स एजुकेशन सेंटर निरसा, डी ए वी कोयला नगर से 173 खिलाड़ियों ने भाग लिया, जुनियर वर्ग में ओवरऑल रविदास योग केन्द्र भूली, प्रथम उपविजेता हॉली मदर एकाडेमी फुलबार कतरास तथा द्वितीय उपविजेता डी. एम. पब्लिक स्कूल पुटकी रही।

वहीं सब- जुनियर वर्ग में ऑवर ऑल दिल्ली पब्लिक स्कूल प्रथम उपविजेता धनबाद पब्लिक स्कूल हिरण ब्रांच द्वितीय उपविजेता अपर्णा पब्लिक स्कूल रही। सभी खिलाड़ियों को मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि, संघ के निदेशक मनोज कुमार सिंह, अध्यक्ष सुनील कुमार सिंह, करुणेश कौशल, प्रिति कौशल, मंजीत सिंह भंगु, उदय प्रताप सिंह, दिलीप सिंह ने ट्राफी एवं मेडल प्रदान किया। अभिजीत पात्रा, शीतल कुमारी, कुमारी रश्मि, सुनिता कुमारी, जशपाल सिंह, अभिषेक महली, कृष्णा प्रसाद महतो, माया कुमारी, ज्योति विश्वकर्मा निर्णायक की भूमिका निभाई ।

प्रतियोगिता को सफल बनाने में संघ के उपाध्यक्ष डा. शैलेष कुमार, शीतल दत्ता, विरेन्द्र कुमार रवानी, दीपांकर बरारी, कार्यालय सचिव संजय यादव, सदस्य आरती सिंह, आरती शर्मा ने अहम भूमिका निभाई।

# जिला स्तरीय सप्तशक्ति संगम कार्यशाला संपन्न

### माताओं को अपनी शक्ति का एहसास कराने को कार्यशाला का आयोजन : राजेंद्र कामत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बोकारो।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर 9डी, बोकारो इस्पात नगर में सप्तशक्ति संगम के तहत जिला स्तरीय कार्यशाला संपन्न हुआ। जिसमें बोकारो जिले से पांच संकुल के 29 विद्यालयों से कुल 155 दीदी की उपस्थिति रही। मुख्य अतिथि बोकारो सेक्टर - 1 के महिला थाना प्रभारी मीरा लकड़ा ने संबोधित करते हुए कहा कि आज महिला ही महिला की दुश्मन बनी हुई है। एक महिला दूसरे को आगे बढ़ते देखने से जलन महसूस करती हैं और उसके प्रति दुर्भावना का व्यवहार करती हैं। यदि हमारे घर की माताएं शिक्षित हो, वे एक दूसरे के साथ कदम से कदम मिलाकर चलें तो हमारा घर का विकास तो होगा ही साथ ही समाज और देश की भी तरक्की सुनिश्चित होगी।

कार्यक्रम की मुख्य वक्ता सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम की क्षेत्र की संयोजिका एवं विद्या विकास समिति झारखंड की प्रदेश सह मंत्री डॉ पूजा ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रकार की कार्यशाला पूर्व अभ्यास के तौर पर आयोजित की गई है। जिससे अपने विद्यालय में जो कार्यक्रम होगा इस दृष्टि से सभी विषयों पर विशेष विचार करना है। उन्होंने कहा कि भगवान विष्णु के अनुसार कृति ,श्री , वाणी ,स्मृति, मेघा , धृति और क्षमा यह साथ शक्ति का ही स्वरुप है और यह कार्यक्रम मातृभूमि का कार्यक्रम है। सर्वप्रथम हमें स्वयं का विकास करना होगा, उसके बाद परिवार, बच्चे एवं अपने विद्यालय का विकास करना है । तब कहीं राष्ट्र का विकास होगा। महिलाएं किसी भी समाज का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा है।

उन्होंने कहा कि महिलाएं उन सभी कार्यों को कर सकती हैं जिसे एक पुरुष कर सकता है । यह कार्यक्रम मातृशक्ति के जागरण का



है । माता कैसी चाहिए, बहनों को कैसे रहना चाहिए इस कार्यशाला का मूल उद्देश्य है । आज द्रुत गति से पाश्चात्य संस्कृति का प्रभाव होने के कारण माता बहनों में परिवर्तन आ रहा है। आज राष्ट्र को मां जीजाबाई जैसी मातृत्व देने वाली, भगिनी निवेदिता जैसी भारत भक्त ,मीरा जैसी कृष्ण भक्त, अहिल्याबाई जैसी कर्तव्य परायण नारी चाहिए। जो राष्ट्र का नवनिर्माण कर भारत को परम वैभव तक पहुंचने में कदम से कदम मिलाकर आगे बढ़े ।इस कार्यशाला का उद्देश्य एक करोड़ माताओं को जोड़ना है , जिसमें पूर्व छात्रा एवं समाज की माताएं होगी ।यह महासंगम कैसे सफल होगा इसी योजना को बनाने के लिए यह कार्यशाला जिला स्तर पर हो रही है। जिसमें 15 सितंबर से पूर्व यह तय करना है कि विद्यालय स्तर पर कार्यक्रम कब और कहां होगा ।पुनः 5 अक्टूबर से 23 जनवरी 2026 के बीच प्रत्येक विद्यालय में 250 से 300 की संख्या में माताओं की कार्यशाला करनी है। इसकी प्रस्तावना को रखते हुए विद्यालय के प्राचार्य राजेंद्र कामत ने बताया कि संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने पर संगठन द्वारा माताओं को अपनी शक्ति की पहचान कराने हेतु यह कार्यशाला रखी गई है। जिसमें उपस्थित दीदी इस कार्यशाला में प्रशिक्षण प्राप्त कर अपने विद्यालयों में माताओं के बीच सप्तशक्ति के विषयों को रखेंगी। हम जानते हैं कि अपने यहां महाराणा प्रताप, शिवाजी जैसे प्रतापी सम्राट की प्रसिद्धि में उनकी माताओं और अर्धांगिनी का भी सहयोग रहा है । यदि जीजाबाई नहीं होती तो हम शिवाजी को प्राप्त नहीं कर पाते ।प्रारंभ से ही अपनी संस्कृति में मां दुर्गा को हम शक्ति का स्वरूप मानते हैं ।कन्या पूजन के माध्यम से हम बालिकाओं का सम्मान करते हैं ।आज हम जानते हैं यदि एक कन्या शिक्षित होती है तो दो परिवार शिक्षित होता है ।हमें माताओं को अपनी शक्ति का आभास करना है, ताकि हमारा समाज सु संस्कृत होकर आगे बढ़े । विद्या भारती की योजना में भी हम ऐसे बालकों का निर्माण करते हैं जो राष्ट्रभक्ति से ओत - प्रोत सुसंस्कृत होकर समाज को साथ लेकर चले। इस कार्यशाला को चार सत्रों में किया गया ।

अध्यक्षीय आशीर्वचन बोकारो की समाज सेविका साध्वी झा के द्वारा किया गया। उनके द्वारा समाज में किए गए कार्यों हेतु उन्हें सम्मानित किया गया। इस अवसरपर विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के उपाध्यक्ष निरंजन कुमार सिंह, सहसचिव गुप्तेश्वर प्रसाद ,विद्या मंदिर 3सी के प्राचार्य संजीव कुमार, 2ए के प्रधानाध्यापक उपेंद्र पांडे , शिशु मंदिर बालीडीह की प्रधानाचार्य गीता मिश्रा, शर्मिला सिंह,शिशु मंदिर अनपती फुसरो के प्राचार्य पंकज मिश्रा, विद्यालय में इस कार्यक्रम की प्रमुख स्नेहा कुमारी ,पूनम कुमारी,सुलेखा शर्मा, मीनाक्षी कुमारी ,सरोज पांडे एवं विद्यालय के सभी दीदी जी और आचार्य जी सहित कुल 200 लोगों की उपस्थिति रही।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी.कॉर्प.लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लॉट नंबर 31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादकः मनोज विशाल फोन नंबरः 9431145865, 8210783623, आर.एन.आई. पंजीकरण संख्याः JHAHIN/2017/72655, Email : bokaronbt@gmail.com